आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 37°C | 28°C |

इनसाइड न्यूज

पाकिस्तान की नियत है मरना और सड़ना, हमारे बहादुरों ने दिखाई...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



बुधवार 21 मई, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष: 16, अंक: 216 | www.janexpresslive.com/epaper

'हिंसा का फायदा उठाते हैं राजनेता... 12

# सेना ने पाकिस्तान को औकात दिखाई: सीएम

## कासगंज में योगी बोले, घर में घुसकर मारा, सोरों का भी अयोध्या जैसा विकास होगा

जन एक्सप्रेस। कासगंज

सीएम योगी ने कहा कि हमारी सेना ने पाकिस्तान को औकात में ला दिया। ऑपरेशन सिंदूर के जरिए उसको चारो खाने चित कर दिया। पाकिस्तान आज दुनिया के अंदर जान बक्श देने की गुहार लगा रहा है। भारत माता के पास बहादुर जवान नहीं होते तो पाकिस्तान जैसे दुश्मनों के रहते हुए देश की जनता कैसे सुरक्षित रहती। योगी मंगलवार को सुबह 10.35 बजे कासगंज पहुंचे। उन्होंने 191 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित नई पुलिस लाइन का उद्घाटन किया। इसके साथ ही 724 करोड़ रुपए की 60 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। सीएम ने कहा कि सोरों का महत्व संभल जैसा है। यहां पर भी अयोध्या जैसा विकास होगा।




### 2017 से पहले यूपी सुरक्षित नहीं था

योगी ने कहा कि जो काम देश की सुरक्षा के लिए सेना का है। वैसा ही काम पुलिस का भी है। जो देश को आंतरिक रूप से सुरक्षित रखती है। कानून व्यवस्था को मजबूत करती है। याद करिए साल 2017 से पहले का यूपी का कोई जिला सुरक्षित नहीं था। शाम होते-होते सड़कों पर कर्फ्यू जैसा माहौल होता था। उपद्रवी सड़क पर आकर तांडव करते थे। न बेटी सुरक्षित थी न व्यापारी सुरक्षित थे। हर तीसरे दिन दंगा होता था। पर्व से पहले ही लोग परेशान हो जाते थे। प्रदेश में व्यापार ठप था। एक तरफ उपद्रव दूसरी तरफ अंधेरा। इन दोनों के बीच का समन्वय सपा और साल 2017 से पहले की सरकारें थीं।

### भारत की सेना घर में घुसकर मारती है

सीएम ने कहा, कि हमारी बहादुर सेना घर में घुसकर दुश्मन को मारने की क्षमता रखती है। यूनिफॉर्म की क्या कीमत होती है और उसका क्या महत्व होता है? ये आप लोगों ने अभी ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान की कमर को तोड़ने वाले भारत माता के जवानों के माध्यम से देखा होगा। आपने देखा होगा कैसे पीएम के मार्गदर्शन में पाकिस्तान को चारों खाने चित करते हुए, उसे औकात में लाने का काम किया गया है। भारत ने बता दिया है, हमारे अगर एक भी नागरिक को छेड़ोगे तो अपने अस्तित्व के लिए जूझना पड़ेगा। पिछले 10 सालों में पीएम के नेतृत्व में सेना के आधुनिकीकरण को लेकर लगातार काम हुए हैं।

### अब माफिया सरकार नहीं चला सकता

आज पुलिस माफिया के लिए काल बन गई है। अब माफिया सरकार नहीं चला सकता, किसी की जमीन पर कब्जा नहीं कर सकता। किसी व्यापारी के पैसे पर सेंध नहीं लगा सकता, बेटियों की इज्जत के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता। अगर करेगा तो जानता है, अगले चौराहे पर यमराज उसका इंतजार कर रहा है। फिर राम नाम सन्य है की यात्रा निकलनी प्रारंभ हो जाएगी। ये नए भारत का नया यूपी है। सोरों का महत्व उतना ही है जितना संभल का है। वह कल्कि अवतार की भूमि है। सोरों भगवान विष्णु अवतार की भूमि है। जैसे अयोध्या का विकास हुआ है। जैसे मथुरा-वाराणसी का विकास हुआ, वैसे ही सोरों का भी विकास होगा।

### बेटी-व्यापारियों की इज्जत से खिलवाड़ करते थे माफिया

भाजपा सरकार आने से पहले गुंडे माफिया मिलकर देश में अराजकता फैलाते थे। कानून के लिए संकट खड़ा करते थे। बेटी और व्यापारियों की इज्जत से खिलवाड़ करते थे। सज्जनों को परेशान करते थे। दुर्जनों का महिमा मंडन करते थे। यही पिछली सरकारों का काम था।

### सपा-बसपा ने पुलिस लाइन के लिए जमीन नहीं दी

कासगंज का निर्माण साल 2008 में हुआ था। तब बसपा की सरकार थी। उसके बाद 5 साल तक सपा की सरकार रही। लेकिन तब पुलिस लाइन के लिए न जमीन दी गई और न ही पैसा दिया गया। ऐसा ही हाल कासगंज के साथ यूपी के 12 जिलों का और था। ऐसे में 25 करोड़ जनता की सुरक्षा कैसे होती है। आज यूपी की पुलिस एक मॉडल की तरह देखी जा रही है।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार, मंडल आयुक्त संगीता सिंह, डीएम मेधा रूपम एसपी, अंकित शर्मा, पार्टी के जिला अध्यक्ष नीरज शर्मा, पूर्व सांसद राजवीर सिंह राजू भैया, विधायक सदर देवेंद्र सिंह राजपूत, विधायक अमांपुर हरिओम वर्मा, एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी, एमएलसी मानवेंद्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रत्नेश कश्यप, सदर पालिका अध्यक्ष मीना माहेश्वरी, सोरों पालिका अध्यक्ष रामेश्वर दयाल महेरे सहित जिले के कोने-कोने से आए लोग बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# दुर्घटना नहीं: हत्या की पटकथा थी यह!

- पेट्रोल पंप विवाद के बाद ऐंबुलेंस चालक की मौत, पुलिस पर उठे सवाल

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



लखनऊ घटना केवल सड़क हादसे की नहीं, एक गहरी साजिश की कहानी बयां करती है। ऐंबुलेंस चालक विशाल यादव की मौत ने न केवल परिवार, बल्कि पूरे इलाके को झकझोर दिया है। दो महीने पहले ही शादी के बंधन में बंधे विशाल की ज़िंदगी इतनी जल्दी और इस तरह खत्म हो जाएगी, किसी ने सोचा भी नहीं था।

### पार्टी, विवाद और फिर मौत - एक रात में उजड़ गया घर

दुबग्गा क्षेत्र में दोस्तों संग पार्टी के बाद विशाल पेट्रोल भरवाने एक पंप पर पहुँचा। आरोप है कि 500 रुपये देने के बावजूद केवल 200 रुपये का पेट्रोल डाला गया। बचे 300 रुपये को लेकर विवाद इतना बढ़ा कि मामला हाथापाई तक पहुँच गया।

### पीछा कर हमला - और फिर संदिग्ध दुर्घटना

गवाहों का दावा है कि विवाद के बाद पेट्रोल पंप कर्मियों ने विशाल का पीछा किया। जान बचाने की कोशिश में वह सड़क पार कर रहा था तभी एक तेज़ रफ्तार वाहन ने उसे कुचल दिया। मौके पर ही मौत हो गई।

### परिवार का आरोप - यह एक साजिशन हत्या है

विशाल की माँ ने साफ आरोप लगाया है मेरे बेटे को मारा गया है, यह महज हादसा नहीं। पेट्रोल पंप कर्मचारियों पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज हो चुका है, लेकिन पुलिसिया कार्रवाई अभी तक कछुआ चाल में ही चल रही है।

### अब सवाल उठता है

- क्या गरीब की जान की कोई कीमत नहीं?
- क्या शहर की कानून-व्यवस्था सिर्फ रसूखदारों की रखैल बनकर रह गई है?
- अगर दोषियों पर जल्द और कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो यह मामला न केवल न्याय प्रणाली पर, बल्कि शासन की नीयत पर भी गहरा प्रश्नचिह्न बन जाएगा।

### कहाँ है कानून का शिकंजा?

घटना को कई दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक एक भी गिरफ्तारी नहीं हुई। सीसीटीवी फुटेज की जांच चल रही है, मगर ठोस कार्रवाई का अभी तक इंतज़ार है। सवाल यह भी उठता है - क्या जांच को जानबूझकर ढीला रखा जा रहा है?

### प्रदर्शन से उठी इंसाफ की आवाज

ठाकुरगंज बॉर्डर पर शव रखकर विशाल के परिजनों व स्थानीय लोगों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। हत्यारों को सज़ा दो, हमारे बेटे को इंसाफ दो जैसे नारों से इलाका गूंज उठा। पुलिस-प्रशासन की समझाइश के बाद लोग पीछे हटे, लेकिन गुस्सा अब भी जिंदा है।

### विशाल: जिम्मेदार बेटे की दर्दनाक विदाई

करीमगंज निवासी विशाल यादव निजी अस्पताल में ऐंबुलेंस चलाकर परिवार का पेट पालता था। पिता पहले ही दुनिया छोड़ चुके थे। हाल ही में शादी हुई थी। लेकिन सिस्टम की ढिलाई और हमलावरों की बेरहमी ने उसकी दुनिया उजाड़ दी।

# फर्जी मार्कशीट के सहारे बना बीएसए



जन एक्सप्रेस। राज्य मुख्यालय

प्रदेश सरकार की नौकरियों में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति एक बार फिर सवालों के घेरे में है। भदोही जिले के बेसिक शिक्षा अधिकारी बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह पर लगे फर्जी डिग्री के आरोपों की पुष्टि ने शिक्षा विभाग में अफरा-तफरी मचा दी है। विभागीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, श्री सिंह ने फर्जी बीएड मार्कशीट के आधार पर नौकरी प्राप्त की थी। जब शिक्षा विभाग द्वारा उनके दस्तावेजों की सत्यता की जांच कराई गई, तो यह सामने आया कि उन्होंने जिस विश्वविद्यालय से बीएड की डिग्री लेने का दावा किया था, वहां से उनका कोई रिकॉर्ड नहीं मिला। दस्तावेज फर्जी पाए गए हैं।

### प्रतापगढ़ और गोरखपुर में भी रहे तैनात, पूर्व में भी उठ चुके हैं सवाल

जानकारी के अनुसार, भूपेंद्र नारायण सिंह की तैनाती पूर्व में प्रतापगढ़ और गोरखपुर में भी रह चुकी है। इन जिलों में उनके कार्यकाल के दौरान शिक्षकों की नियुक्तियों को लेकर सुविधा शुल्क वसूली और अनियमितताओं की शिकायतें समय-समय पर सामने आती रही हैं। आरोप यह भी हैं कि उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए गांव और रिश्तेदारों को लाभ पहुंचाया।

### 'जीरो टॉलरेंस' नीति की असलियत आई सामने

मुख्यमंत्री योगी आदिन्यनाथ की भ्रष्टाचार के खिलाफ घोषित जीरो टॉलरेंस नीति का दावा इस मामले के बाद कठघरे में आ गया है। जब शिक्षा विभाग का जिम्मेदार अधिकारी ही फर्जी डिग्री लेकर नियुक्त हो गया हो, तो यह न केवल प्रशासनिक लापरवाही का प्रतीक है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि जमीनी स्तर पर पारदर्शिता के दावे कितने खोखले हैं।

### क्या होगी कार्रवाई?

अब देखना यह होगा कि विभाग और शासन स्तर से इस गंभीर मामले पर क्या कठोर कदम उठाए जाते हैं। क्या दोषी अधिकारी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी, या फिर मामला फाइलों में दबा दिया जाएगा?

### एक नहीं, कई जिलों में हो सकती है ऐसी नियुक्तियां

विशेषज्ञों का मानना है कि यह मामला केवल भदोही तक सीमित नहीं है। यदि गहन जांच की जाए तो प्रदेश के कई जिलों में फर्जी दस्तावेजों के सहारे नियुक्त अधिकारियों का खुलासा हो सकता है, जो लंबे समय से शिक्षा तंत्र को खोखला कर रहे हैं। यह मामला केवल एक व्यक्ति या एक जिले का नहीं है, बल्कि पूरे तंत्र की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर सीधा हमला है। अगर अब भी समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो शिक्षा विभाग में बैठी फर्जी योग्यताओं की यह दीमक प्रदेश की भावी पीढ़ियों को निगल जाएगी।

# स्पा की आड़ में देह व्यापार का गढ़ बनता लखनऊ का आलमबाग

# संरक्षणदाता 'राकेश' और पुलिस की चुप्पी से बढ़ा नेटवर्क

जन एक्सप्रेस स्पेशल रिपोर्ट

विशेष संवाददाता




**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ का आलमबाग इलाका अब सिर्फ बस अड्डा या बाजार के लिए नहीं, बल्कि स्पा की आड़ में चल रहे संगठित देह व्यापार के लिए कुख्यात होता जा रहा है। डायमंड स्पा, लोटस स्पा जैसे प्रतिष्ठानों में अंदर से जो चल रहा है, वह सभ्य समाज के लिए शर्मनाक और कानून व्यवस्था पर करारा तमाचा है।

### नाम न छापने की शर्त पर एक पूर्व कर्मचारी ने बताया


यहां रोज 10 से 15 ग्राहक सिर्फ उसी काम के लिए आते हैं। लड़कियाँ नेपाल, बंगाल और थाईलैंड तक से लाई जाती हैं।

### 'राकेश' का साम्राज्य

सूत्रों के मुताबिक 'राकेश' नामक व्यक्ति पूरे नेटवर्क का असली संचालक है। वह कई स्पा पार्लरों का मालिक भले न हो, लेकिन उनका संचालन और सुरक्षा उसी के इशारों पर होता है। स्थानीय थाने से लेकर कई प्रभावशाली लोगों से उसके रिश्ते इतने मजबूत हैं कि वर्षों से कोई बड़ी पुलिसिया कार्रवाई नहीं हो सकी।

### मसाज की बुकिंग और 'स्पेशल सर्विस' का खेल

रविवार दोपहर, संवाददाता ने ग्राहक बनकर डायमंड स्पा में प्रवेश किया। रिसेप्शन पर बैठी युवती ने 2000 में मसाज पैकेज बताया, लेकिन कुछ देर की बातचीत के बाद इशारों में 'स्पेशल सर्विस' के नाम पर 6000 की डील सामने रख दी गई।



### विदेशी लड़कियाँ और मानव तस्करी की आशंका

सूत्रों के मुताबिक इन स्पा पार्लरों में कुछ लड़कियाँ विदेशी मूल की हैं, जिन्हें टूरिस्ट वीज़ा पर भारत लाकर इस गोरखधंधे में झोंक दिया जाता है। यह न केवल देह व्यापार बल्कि अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी कानूनों का भी खुला उल्लंघन है।

### पुलिस की चुप्पी

जब इस विषय में आलमबाग थाने के एक अधिकारी से बात की गई, तो उन्होंने कहा, हमें अभी तक कोई पुख्ता शिकायत नहीं मिली है। यदि कोई जानकारी मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी। यह जवाब अपने आप में प्रशासन की निष्क्रियता को दर्शाता है।

### स्थानीय जनता में आक्रोश

रिहायशी इलाकों में चल रहे इन स्पा पार्लरों से परेशान लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे जिलाधिकारी कार्यालय के सामने प्रदर्शन करेंगे।

### एक स्थानीय व्यापारी ने बताया

जब भी कोई शिकायत होती है, पुलिस पहुंचती है और चाय-पानी के बाद लौट जाती है। 'राकेश' का नाम आते ही सब शांत हो जाते हैं।

### संपादकीय टिप्पणी

यह रिपोर्ट उत्तर प्रदेश पुलिस और प्रशासन के लिए चेतावनी है। यदि अब भी इस नेटवर्क पर नकेल नहीं कसी गई, तो यह न केवल समाज में अपराध को बढ़ावा देगा, बल्कि शासन-प्रशासन की साख को भी बट्टा लगाएगा।

# यूपी: लू और तपिश के बीच मौसम ने लिया यू-टर्न, 46 जिलों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी, चलेगी तेज हवा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में मौसम का उतार-चढाव जारी है। पूर्वी और तराई इलाकों में जहां तेज हवाओं और गरज-चमक संग बूंदाबांदी देखने को मिल रही है, वहीं बुंदेलखंड के बांदा, झांसी के अलावा प्रयागराज आदि दक्षिणी इलाकों में लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने बुधवार को पूर्वी-तराई और दिल्ली एनसीआर समेत लगभग 46 जिलों में कहीं कहीं तेज रफ्तार हवाएं चलने, छिटपुट बूंदाबांदी और वज्रपात की चेतावनी जारी किया है। हवाओं की रफ्तार 40 से 50 किमी प्रति घंटे तक जा सकती है। हालांकि बुंदेलखंड और दक्षिणी इलाकों में फिलहाल इस मौसमी बदलाव का कुछ खास असर नहीं पड़ने वाला। मंगलवार को प्रदेश के बस्ती, अयोध्या, महाराजगंज, कुशीनगर जैसे कुछ इलाकों में दिन में घने बादल छा गए और तेज हवाओं संग बूंदाबांदी हुई।

### यहां है मेघगर्जन और वज्रपात होने की संभावना

प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, गाजीपुर, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, लखनऊ, बाराबंकी, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर और आसपास के इलाकों में ।

### झांसी रहा सबसे गर्म जिला

झांसी में दोपहर बाद 44.6 डिग्री, आगरा में 42.4 डिग्री और प्रयागराज 41.2 डिग्री तापमान रहा। बांदा प्रदेश में सर्वाधिक गर्म रहा और मंगलवार को यहां लू जैसी परिस्थितियां रहीं। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अरब सागर में बनने वाले एक सिस्टम और पश्चिमी विक्षोभ के असर से 22 से 25 मई के बीच पश्चिम से पूरब तक गरज चमक और बूंदाबांदी देखने को मिलेगी। इससे ज्यादातर जगहों पर तापमान सामान्य या इससे नीचे आने की संभावना है।

### आतंकी हमले को अंजाम देने की साजिश बुन रहा था जासूस शहजाद, रामपुर के कई युवकों को भेजा पाकिस्तान

जन एक्सप्रेस। मुरादाबाद। मुरादाबाद से गिरफ्तार आईएसआई जासूस शहजाद किसी बड़े आतंकी हमले की साजिश का ताना-बाना बुन रहा था। खुफिया एजेंसियों ने इसकी भनक लगने के बाद उसकी निगरानी शुरू कर दी थी, जिसके बाद उसे दबोच लिया गया। उसने रामपुर के कई युवकों को पाकिस्तान भेजा था। उनके लिए वीजा का इंतजाम भी किया था। अब एटीएस उन युवकों के बारे में जानकारी जुटा रही है। सूत्रों के मुताबिक जांच में सामने आया है कि दिल्ली स्थित पाकिस्तानी हाई कमीशन में तैनात दानिश आईएसआई एजेंट्स के इशारे पर शहजाद और उसके साथियों को वीजा दिलाने में मदद करता था। बता दें कि दानिश ने ही हरियाणा निवासी ज्योति मेहरोत्रा को पाकिस्तान भेजने का इंतजाम किया था, जिसे जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया जा चुका है।

# विद्या भारती के विद्यालय दे रहे राष्ट्रभक्ति व संस्कारों की शिक्षा: सीएम धामी

- नई पीढ़ी को मिल रहे नैतिक मूल्य, भारतीय संस्कृति व आधुनिक शिक्षा का संगम: मुख्यमंत्री धामी
- मुख्यमंत्री धामी ने सरस्वती विद्या मंदिर के छात्रावास शिलान्यास कार्यक्रम में किया प्रतिभाग

जन एक्सप्रेस। देहरादून



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मांडूवाला स्थित सरस्वती विद्या मन्दिर में छात्रावास के शिलान्यास कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विद्या भारती द्वारा संचालित विद्यालयों में राष्ट्रभक्ति, भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को विशेष रूप से पोषित किया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्या भारती का लक्ष्य सिर्फ शिक्षा नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और संस्कार सेवा भाव को विकसित करना है। उन्होंने बताया कि देशभर में विद्या भारती के 12 हजार से अधिक विद्यालयों में 35 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, जहां गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा के साथ संस्कारों को भी समान महत्व दिया जा रहा है।

### भारत भ्रमण व विद्या समीक्षा केंद्र से विद्यार्थियों को लाभ

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा छठवीं से 12वीं तक के मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति दी जा रही है। साथ ही, 10वीं और 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों को भारत भ्रमण पर भेजा जा रहा है। राज्य में मुख्यमंत्री बालाश्रय योजना और 'विद्या समीक्षा केंद्र' जैसी योजनाएं शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से चलाई जा रही हैं।

### खेल प्रतिभाओं को सरकारी नौकरी की सौगात

मुख्यमंत्री ने खेल क्षेत्र की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर मेडल लाने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी देने की ऐतिहासिक पहल की गई है। स्पोर्ट्स कॉलेज के खिलाड़ियों को निःशुल्क आवास, शिक्षा, प्रशिक्षण व किट की सुविधा दी जा रही है। हाल ही में हुए 38वें राष्ट्रीय खेलों में राज्य के खिलाड़ियों ने 100 से अधिक पदक जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

### छात्रावास से छात्रों के सर्वांगीण विकास को मिलेगा बल

मुख्यमंत्री धामी ने छात्रावास के निर्माण के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह आवासीय सुविधा छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने सरस्वती शिशु मंदिर की स्थापना को स्वतंत्रता के बाद सांस्कृतिक पुनरुत्थान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

### प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी सुधार: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की शिक्षा व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन आया है। उत्तराखण्ड देश का पहला राज्य है, जहां नई शिक्षा नीति को लागू किया गया। प्रदेश में 141 पीएम श्री विद्यालयों, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालयों का निर्माण और 500 स्कूलों में वर्चुअल क्लासरूम की व्यवस्था की गई है। एन.सी.ई.आर.टी. की पुस्तकें अनिवार्य कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की गई है।

### उल्लेखनीय उपस्थिति

इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल सदस्य सुरेश सोनी, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक सहदेव पुंडीर, विद्या भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री डोमेश्वर साहू, प्रो. सुरेखा डंगवाल, नगरपालिका अध्यक्ष नीरू देवी, बाल आयोग अध्यक्ष गीता खन्ना सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# डीसी मनरेगा की रसातल में पहुंची निगरानी व्यवस्था
# बीडीओ का सिंडीकेट हावी

- कदौरा के गांवों में मनरेगा कामों में चल रही गड़बड़ी पर जिम्मेदार मौन
- जॉबकार्ड धारकों को घर बैठे कागजों में दिखा रहे पसीना बहाते

जन एक्सप्रेस। उरई

जिला मुख्यालय से विकासखंडों में मनरेगा योजना की मॉनीटरिंग करने की जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे डीसी मनरेगा की चाक चैबंद व्यवस्था को भ्रष्टाचार रूपी ऐसा ग्रहण लगा कि उन्हें ग्रामीणों की अखियन देखी शिकायत को नजरंदाज करने पर विवश होना पड़ रहा है। अब इसके पीछे क्या कारण हो सकते हैं यह तो वही जानते होंगे। लेकिन जब से कदौरा विकासखंड में मनरेगा योजना में चल रहे फर्जीबाड़े के जुड़ी खबरें समाचार पत्र की सुर्खियां बने है वह कुपित नजर आ रहे हैं। वहीं सूत्रों की मानें तो डीसी मनरेगा ऐसे विकासखंड का निरीक्षण पहुंचते हैं जहां पर मनरेगा योजना में बहुत कम काम कराये जाते है। इससे उनका निरीक्षण करने का कोटा भी पूरा हो जाता है और जिन विकासखंडों में मनरेगा योजना जमीनी हकीकत से कोसों दूर रहती है वहां के सिंडीकेट को खुलकर मनमानी करने का अवसर मिल जाता है। सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि डीसी मनरेगा बीडीओ की मनमानी पर लगाम कसने में खुद को किन कारणों के चलते लाचारी दिखा रहे या फिर इसके पीछे उनकी भी कुछ भूमिका है यह तो जांच के बाद ही पता चल सकेगा।कदौरा विकासखंड के अधिकांश गांवों में जिस तरह से मेड़बंदी व खेत समतलीकरण के कार्य मनरेगा योजना से कराये जा रहे हैं उन पर ऐसे गांवों के ग्रामीण ही सवालियां निशान लगा रहे हैं। लेकिन मजाल है कि डीसी मनरेगा में एक बार भी कदौरा विकासखंड के किसी गांव का निरीक्षण कर जमीनी हकीकत जानने का प्रयास किया हो। इस बारे में कदौरा विकासखंड में चल रही चर्चाओं की मानें तो बीडीओ व डीसी मनरेगा का गहरा याराना है। यही कारण है कि वह इसी याराने को आगे बढ़ाने की मंशा से कदौरा विकासखंड के ऐसे गांव जहां उनका सिंडीकेट काम करवा रहे हैं वहां की आने वाली शिकायतों को नजरंदाज करने को अपना पहला कर्तव्य मान बैठे हैं।

### डकोर विकासखंड के अपने खास दो टीए को कदौरा में किया अटैच

उरई। कदौरा विकासखंड में सक्रिय मनरेगा सिंडीकेट को कथित लाभ पहुंचाये जाने की मंशा से डीसी मनरेगा ने डकोर विकासखंड में अपनी सेवायें दे रहे दो टीए को कदौरा विकासखंड का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया। डकोर विकासखंड से कदौरा भेजे गये दो टीए में रमेश वर्मा व संजय सिंह है। जबकि दोनों टीए का वेतन आहरण तो डकोर विकासखंड से ही होगा लेकिन वह अपने हाथों की सफाई कदौरा विकासखंड में दिखाने का भरपूर लाभ उठायेंगे। इस मामले में डीसी मनरेगा एक बड़ी चूक कर गये। टीए संजय सिंह के स्थानांतरण पर न्यायालय ने रोक लगा रखी थी, लेकिन डीसी मनरेगा में न्यायालय के आदेश को दरकिनार करने जिले के आला अधिकारियों को गुमराह करने से भी नहीं चूके। फिलहाल तो डीसी मनरेगा के एक ही विकासखंड से दो टीए को कदौरा विकासखंड में किन कारणों के चलते अटैचमेंट करने की जरूरत पड़ी यह भी एक बड़ा रहस्य का विषय हो सकता है। इस तरह की चर्चायें उनके कार्यालय के कर्मचारियों के बीच भी चल रही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

जन एक्सप्रेस। उरई

तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। शहर कोतवाली क्षेत्र के कोंच रोड़ स्थित ग्राम मड़ोरा निवासी संदीप सेंगर 34 वर्ष की सात साल पहले शादी हुई थी। बताया गया कि शादी के बाद ही वह पत्नी शिल्पी देवी के साथ अहमदाबाद चला गया था और वहां एक कंपनी में सिक्योरिटी अफसर था। बताया कि रविवार की सुबह वह अपनी बाइक से ड्यूटी करके कमरे में लौट रहा था। तभी किसी वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे राहगीरों की सूचना पर स्थानीय पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव पैतृक गांव लाया गया।ग्रामीणों ने बताया कि मृतक के अभी कोई संतान नहीं हुई थी और वह अपने पिता लाल सिंह सेंगर के चार पुत्रों में बीच का था। फिलहाल घटना के बाद से मृतक की पत्नी सहित अन्य परिजनों में चीख-पुकार मची हुई है।




## रामश्री विद्यालय उत्कृष्टतम् संस्थान है, जो शिक्षा के साथ संस्कार भी दे रहा: गुरुप्रसाद

- रामश्री पब्लिक स्कूल में अभिभावक संगोष्ठी एवं पुरुस्कार वितरण

जन एक्सप्रेस। उरई

रामश्री पब्लिक स्कूल में मंगलवार को अभिभावक संगोष्ठी एवं वार्षिक पुरुस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि राजेश्वरम् ट्रस्ट के प्रमुख महंत गुरुप्रसाद शर्मा रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ गणेश व सरस्वती पूजन से प्रारंभ हुआ एवं मुख्य अतिथि महंत गुरुप्रसाद में बच्चों को पुरुस्कार वितरण करते हुए कहा कि बच्चें भारत का भविष्य है आपकों लगन और मेहनत से अपना और अपने देश का भविष्य सुधारना है। उन्होंने रामश्री शब्द की व्याख्या करते हुये कहा कि जहां राम है, वहां श्री अर्थात लक्ष्मी अपने आप आ जायेगी। उन्होंने कहा कि रामश्री विद्यालय जनपद में उत्कृष्टतम् संस्थान है जो शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दे रहा है। विद्यालय के चेयरमैन डा. सीपी गुप्ता नें बच्चों को संबोधित करते हुये हुये कहा कि बच्चे इस ग्रीष्मावकाश में अपने स्वास्थय का ध्यान रखें। विद्यालय से जो गृहकार्य मिला है उसे तन्मयता ले कर अपना अध्ययन करते में रहे कार्यक्रम में सभी अतिथियों का धन्यवाद प्रधानाचार्य शैलेंद्र सिंह सैगर में किया। कार्यक्रम का संचालन अंशुल द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के कोर्डिनेटर मीनू अंसारी, रचना आनंद, राघव श्रीवास्तव, गौरव दरयानी, सुरेंद्र तिवारी, विपिन, रमन, शिवाजी, आरती, काव्या, दीक्षा, शिवकुमार, गौरव शर्मा आदि शिक्षकों सहित अनेक अभिभावक उपस्थित रहे।

## बर्ड फ्लू की रोकथाम हेतु प्रशासन सतर्क सभी विभागों को दिए गए दिशा-निर्देश

जन एक्सप्रेस। उरई




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में बर्ड फ्लू के संभावित खतरे को देखते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी विभागों को अपनी भूमिका के अनुसार तत्पर रहना होगा। सर्विलांस जोन में मुर्गियों की कलिंग व दफन की तैयारी जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि सर्विलांस जोन में पक्षियों की कलिंग एवं दफन हेतु स्थलों की पहचान कर ली जाए। साथ ही मुर्गी पालकों को होने वाली आर्थिक क्षति का आकलन कर शीघ्र भुगतान की व्यवस्था की जाए। उपकरणों और मशीनों की व्यवस्था अधिशासी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग को निर्देश दिए गए कि कलिंग किए गए पक्षियों के निपटान हेतु जेसीबी, फॉगिंग मशीन और स्प्रे मशीन आदि की व्यवस्था पूरी रखें, ताकि आकस्मिक स्थिति में कार्य में बाधा न हो। जंगलों और जलस्रोतों पर विशेष निगरानी प्रभागीय वन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जंगलों, तालाबों व पोखरों में निगरानी बढ़ाएं। यदि कहीं बड़ी संख्या में मृत पक्षी मिलते हैं, तो इसकी सूचना तुरंत मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को दें। मानव स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान मुख्य चिकित्साधिकारी को बर्ड फ्लू के प्रकोप की स्थिति में ईपी सेंटर कर्मचारियों व आम जनमानस के स्वास्थ्य परीक्षण की संपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अंतर्गत एंटीवायरल दवाएं, सैनिटाइजर, पीपीई किट, मास्क व आइसोलेशन वार्ड की व्यवस्था शामिल है। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज अवस्थी, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




## शासन की योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिले: संतोष गुप्ता

जन एक्सप्रेस। उरई

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता के नेतृत्व में एवं उद्योग उपायुक्त के संयुक्त तत्वाधान में एक कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को जिला परिषद रोड स्थित होटल में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत किया गया। उद्योग विभाग के अधिकारियों ने सभी लोगों को योजनाओं के बारे में विस्तृत से जानकारी दी करीब आधा सैकड़ा से ज्यादा लोगों ने मुख्यमंत्री की इस योजना को उपयोगी समझकर ओर अपने आप को आत्मनिर्भर बनाने हेतु आवेदन किया। इस योजना के अंतर्गत आवेदक को 05 लाख का ऋण बिना व्याज के सरकार दे रही है। इस अवसर पर गौ सेवा आयोग के सदस्य राजेश सेंगर, उद्योग विभाग से कामेश्वर सिंह, शरद जी व्यापार मंडल से संजीव सिपोलिया, प्रदीप द्विवेदी बंटू गुर्जर, बलवीर जादौन, धर्मेंद्र कुलश्रेष्ठ, उदय करण प्रजापति, धर्मेंद्र शर्मा एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

## डीएम ने किया राजापुर व पहाड़ी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण



जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी व राजापुर का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक सुधार के लिए सम्बन्धितों को निर्देशित किया। इस दौरान तीन चिकित्सकों ने उपस्थित रहने पर डीएम ने वेतन रोकने के निर्देश दिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहाड़ी के निरीक्षण के दौरान डीएम ने केंद्र अधीक्षक को उपस्थित पाया तथा डॉ दीपक के अनुपस्थित होने पर वेतन रोकने के निर्देश दिए। यहां डीएम ने अधीक्षक कक्ष, जच्चा-बच्चा वार्ड, औषधि भंडार, जन औषधि केंद्र आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही इलाज के लिए आए मरीजों बात कर समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा केन्द्र अधीक्षक को आवश्यक सुधार के लिए निर्देशित किया। जन औषधि केंद्र के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि औषणि केन्द्र में पारदर्शी ग्लास के साथ बोर्ड लगवाए ताकि मरीजों को आसानी हो। उन्होंने केन्द्र अधीक्षक को निर्देशित किया कि परिसर में पौध रोपण करवाएं। डीएम ने चिकित्सालय में संचालित प्रेरणा कैंटीन की भी जानकारी ली तथा कैंटीन को सुचारू रूप से संचालित करते रहने के निर्देश दिए। इसके बाद डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजापुर का निरीक्षण किया। यहां भी केन्द्र अधीक्षक को उपस्थित पाया। चिकित्सालय में डॉ गणेश सिंह व संजय विश्वकर्मा के अनुपस्थित होने पर वेतन रोकने के निर्देश दिए। यहां डीएम ने ओपीडी कक्ष, प्रयोगशाला, इमरजेंसी, डिलीवरी रूम, पीएनसी, लेबर रूम, 30 सैया मातृकक्ष, एनबीएसयू एवं किचन का निरीक्षण कर साफ-सफाई व व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कहा कि चिकित्सालय परिसर में साफ-सफाई बनी रहनी चाहिए। साथ ही इलाज के लिए भर्ती मरीजों की अच्छे से देखभाल के निर्देश दिए। कहा कि कोई भी चिकित्सक मरीजों को बाहर की दवा न लिखे न ही लाने का दबाव बनाए। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी अधीक्षक उदय प्रताप सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजापुर अधीक्षक दिनेश सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ समापन, बालिकाओं को दिए प्रमाण पत्र

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान लखनऊ द्वारा संचालित 10 दिवसीय आदिवासी कोलहाई नृत्य कार्यशाला का समापन मंगलवार को हुआ। जिसमें प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली आदिवासी बालिकाओं ने शानदार प्रस्तुतयां देकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। समापन कार्यक्रम में आदिवासी बालिकाओं ने प्रशिक्षण में सिखाए गए राई, कोलहाई नृत्य आदि की शानदार प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में दिव्यांग विश्वविद्यालय के संगीत संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ गोपाल मिश्रा ने कहा कि ऐसी प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन प्रशंसनीय है। कहा कि ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ियों को पुरातन संस्कृति की जानकारी देते हुए उन्हें संरक्षित किया जा रहा है। इस नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति की पहचान कराना एक महत्वपूर्ण कार्य है। समाजसेवी गोपाल भाई ने कहा कि संस्कृति विभाग द्वारा लागतार ऐसे कार्यक्रमों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। बताया कि कार्यशाला में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली सभी आदिवासी बालिकाओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए है। संस्थान निदेशक राष्ट्रदीप ने बताया कि इस कार्यशाला में 30 आदिवासी बालिकाओं ने प्रतिभाग कर प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इस मौके पर दिव्यांग विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ सचिंद्र उपाध्याय सहित उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान लखनऊ के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी के तहत हुआ कार्यक्रम का आयोजन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशाताब्दी कार्यक्रम के तहत मंगलवार को चित्रकूट इण्टर कॉलिज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा नेताओं ने विद्यार्थियों को अहिल्याबाई होल्कर द्वारा किए गए समाजसेवा के कार्यों की जानकारी देते हुए उनके बताए गए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने कहा कि भारतीय इतिहास में अहिल्याबाई होल्कर का बहुत बड़ा स्थान है। अहिल्याबाई होल्कर एक सशक्त प्रसाशक एवं भारतीय संस्कृति की रक्षक के रुप में जानी जाती हैं। पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का जन्म 31 मई 1975 को हैदराबाद के चौंडी नामक गांव में हुआ था, जो अब महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले के अंतर्गत आता है। बताया कि वह एक साधारण परिवार में जन्मी थी तथा बचपन से धर्म के प्रति उनकी अटूट आस्था थी। वह भगवान शिव की भक्त थी। उन्होंने अपने शासनकाल में भारत के अनेक मंदिरों का पुनरुद्धार कराया, जिसमें काशी विश्वनाथ मंदिर भी शामिल है। भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर महिला सशक्तिकरण की सबसे बड़ी उदाहरण है। बताया कि उन्होंने बचपन से संघर्ष करते हुए विभिन्न प्रकार की बाधाओं को पार कर समाज सुधार के लिए अनेक काम किए। कार्यक्रम संयोजक हरिओम करवरिया ने बताया कि अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशाताब्दी के अंतर्गत सभी विद्यालयों में में महिला सशक्तिकरण के तहत कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। ठस मौके पर चित्रकूट इण्टर कॉलिज के प्रधानाचार्य रणवीर सिंह चौहान, भाजपा नेता सहित गोलू गर्ग, पूजा, मोहनी शुक्ला, दिवाशी पटेल, सेजल, सीमा सहित अन्य विद्यार्थी मौजूद रहे।

## नशेबाज रोडवेज चालक ने खम्भे में मारी टक्कर, आधा दर्जन यात्री घायल

जन एक्सप्रेस। उरई

कोंच रोडवेज बस स्टैंड से सवारियां लेकर कानपुर जा रही उरई डिपो के नशेबाज रोडवेज बस चालक ने कालपी रोड स्थित जयसवाल होटल के पास का डिवाइडर में लगे खंभे में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बस पर सवार यात्रियों में अफरातफरी मच गई और हादसे में लगभग आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। जिन्हें तत्काल इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं बताया गया है कि रोडवेज बस का चालक नशे में था। जिसने इस घटना को अंजाम दिया। इससे पहले रोडवेज बस की सवारी ने आरोप लगाया कि चालक ने रास्ते में एक दो बार भी बस को लहराते हुए हादसे को दावत दी। जिसके बाद कालपी रोड के पास यह हादसा हो गया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

## एसआईसीएस सुपर किंग्स ने जीता एसपील सीजन 15 के विजेता का खिताब

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

सद्गुरु मित्र मण्डल के तत्त्वावधान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट सद्गुरु प्रीमियर क्रिकेट लीग के सीजन 15 का समापन शानदार अंदाज में हुआ। एक महीने तक चले इस रोमांचक टूर्नामेंट में उत्साह, टीम भावना और खेल कौशल की अद्भुत झलक देखने को मिली। सद्गुरु मित्र मंडल द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल 18 टीमों ने भाग लिया, जिनमें 14 पुरुष टीमों और 4 महिला टीमों ने हिस्सा लिया। इस लीग में पुरुष वर्ग में एसआईसीएस सुपर किंग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता खिताब अपने नाम किया। साथ ही एसएनसी लीजेंड्स ने उपविजेता की ट्रॉफी हासिल की। इसी प्रकार महिला वर्ग में नर्सिंग वूमन टीम ने जीत दर्ज की और विद्याधाम गर्ल्स इलेवन ने उपविजेता बनकर सराहनीय प्रदर्शन किया।



अंतिम मैच के बाद हुए पुरस्कार वितरण समारोह में सभी प्रतिभागियों की मेहनत और लगन के लिए उन्हें विविध पुरस्कार वितरित किये गए। इस मौके पर सेवा फाउंडेशन यूएसए के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ चुंडक तेनजिंग, सेवा फाउंडेशन के के ट्रेनिंग ग्लोबल हेड अरुण आचार्य, डॉ प्रज्ञा श्रीराम मेडिकल एडमिनिस्ट्रेटर, सेवा फाउंडेशन की कंसल्टेंट डॉ समीना जमिंदर, हरियाणी जयपुर के प्रमोद भाई व सविता बेन, ट्रस्टी डॉ बीके जैन, डॉ इलेश जैन, शिक्षा समिति अध्यक्ष ऊषा जैन, उपाध्यक्ष अनुभा अग्रवाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ पूनम अडवानी, प्रबंधक आरबी सिंह चौहान, देवेन्द्र सिंह, रेफरी तुषारकांत शास्त्री, प्राचार्य शंकर दयाल पाण्डेय, राकेश तिवारी, सुरेन्द्र तिवारी, मंजुला वानी, दीपक वानी, फिरोज हसन खान सहित सद्गुरु परिवार के सदस्य, शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा शिक्षकों को किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा मंदाकिनी अतिथि गृह कालूपुर में आयोजित सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त व उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ डायट प्राचार्य डॉ आदर्श कुमार त्रिपाठी, डीआईओएस संतोष मिश्रा तथा बीएसए बी.के. शर्मा ने माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में डायट प्राचार्य ने कहा कि शिक्षक बच्चों के साथ ममतामयी व्यवहार करें। ज्ञान ठोस अवस्था में होता है। जब तक उसे द्रवित अवस्था में नहीं लायेंगे, तब तक वह सार्थक नहीं होगा। सेवानिवृत्त शिक्षकों से कहा कि भौतिक जीवन त्यागकर अध्यात्मिकता की ओर जायें, तभी वह आगे सुखी रहेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष मिश्रा ने कहा कि शिक्षक आत्ममंथन कर यह देखें कि अपने कार्यो को सही कर रहे हैं या नहीं। शिक्षक अपने दायित्वों का सही ढंग से निर्वहन करें, ताकि सेवानिवृत्ति के वह अपने आप में संतुष्ट हो सकें। बीएसए बी.के. शर्मा ने कहा कि इस समय बेसिक शिक्षा में अच्छा वातावरण है। बेसिक शिक्षा नई ऊचाइयों पर पहुंच रही है। यह शिक्षकों की मेहनत का नतीजा है। सेवानिवृत्त शिक्षकों से कहा कि उनके अनुभवों को आगे भी साझा किया जायेगा। वह संरक्षक के रूप में समय समय पर कार्य करते रहेंगे। जो शिक्षक अच्छा कार्य करेगा उसे आगे भी सम्मानित किया जायेगा। सभी शिक्षक अपने अपने कर्तव्यों का सही ढंग से पालन करें। उन्होंने कहा कि जो शिक्षक अच्छा कार्य करते हैं, उन्हें वह विद्यालय में धन्यवाद देकर आते हैं। वित्त एवं लेखाधिकारी वेदप्रकाश सिंह ने कहा कि शिक्षकों की सभी समस्याओ का प्राथमिकता से समाधान किया जायेगा।

## चन्हित कर पात्र दिव्यांगों को कराएं लाभान्वित: डीएम

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के तहत 26 से 30 मई तक जनपद के सभी विकासखण्डों में लगने वाले चिन्हांकन शिविर में विशेष अभियान चलाकर पात्र दिव्यांगों को लाभान्वित करें। डीएम ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग एवं सहायक विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार, दुकान निर्माण संचालन योजना, दिव्यांग पेंशन/यूडीआईडी कार्ड योजना सहित अन्य योजनाओं से पात्र दिव्यांगजनों को लाभान्वित करने के लिए जनपद के सभी विकासखण्डों में विशेष अभियान चलाकर चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत विकासखण्ड कर्वी में 26 मई, विकासखण्ड पहाड़ी में 27 मई, विकासखण्ड मानिकपुर में 28 मई, विकासखण्ड मऊ में 29 मई व विकासखण्ड रामनगर में 30 मई को प्रातः 11 से दोपहर दो बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। डीएम ने समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि 26 से 30 मई तक चलने वाले इस चिन्हांकन शिविर में पात्र दिव्यांगों को चिन्हित कर विभाग की योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए नवीन आवेदन कराए। कहा कि चिन्हांकन शिविर में पीने के पानी, दिव्यांगों के बैठने के लिए कुर्सियों सहित अन्य व्यवस्था कराएं।

## किसानों के एसडीएम को बताई समस्याएं, निस्तारण की मांग

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



मंडी समिति अध्यक्ष उपजिलाधिकारी पूजा साहू की अध्यक्षता में मंगलवार गल्ला मंडी स्थित मीटिंग हाल में भारतीय किसान यूनियन के किसानों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों ने मंडी समिति अध्यक्ष को समस्याओं से अवगत कराया तथा निस्तारण की मांग की। बैठक में भाकियू जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने कहा कि गल्ला मंडी स्थित किसान भवन जर्जर हालत में हैं, खिड़की, दरवाजे, शौचालय आदि टूटा हुआ है। जिसकी अविलंब मरम्मत कराकर किसान भवन को खोला जाए। तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि मंडी में किसानों के लिए बनाए गए नीलामी चबूतरों में अन्य लोगों का कब्जा हैं, जिन्हें अभी तक खाली नहीं कराया गया है। बताया कि मंडी परिसर में पीने के पानी के लिए वाटर कूलर लगवाया जाए। साथ ही खराब पड़े हैंडपंपों को भी दुरुस्त कराए जाए। बताया कि गल्ला मंडी परिसर में गंदगी का अंबार लगा है तथा पूरे परिसर में जानवरों का आतंक है। कहा कि मंडी परिसर को जानवरों से मुक्त कराया जाए। साथ ही साफ-सफाई सहित पानी आदि की व्यवस्था की जाए। जिलामहामंत्री अरुण कुमार पाण्डेय ने मांग की कि प्रति माह किसानों से सम्बंधित बैठक मंडी परिसर में कराई जाए। इस मौके पर जिलाकोषाध्यक्ष नरेश तिवारी, नीलकंठ द्विवेदी, राजकिशोर सिंह, जसवंत सिंह चौहान, नरेश सिंह, कमलेश पटेल, शिव सिंह, श्रीकेशन राजपूत, संतगोपाल भारतीय, साधोप्रसाद, बबलू श्रीवास, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।



### आतंकी हमले के बाद घाटी में रौनक...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में एक बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें भारत के पर्यटन क्षेत्र की समीक्षा की गई और सुधार पर चर्चा की गई। यह बैठक 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद हुई है, जिससे पर्यटकों... पढ़ें पेज 12 पर...

# पाकिस्तान की नियत है मरना और सड़ना, हमारे बहादुरों ने दिखाई जाबांजी और पराक्रमः सीएम

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

ऑपरेशन सिंदूर भारत के स्वाभिमान, भारत की मातृशक्ति के सिंदूर की गरिमा और भावी पीढ़ी की सुरक्षा की गारंटी का प्रतीक रहा है। भारत ने अपनी आन बान और शान के लिए वह किया, जिसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को आश्वस्त किया था। देश के रक्षा मंत्री के रूप में राजनाथ सिंह, भारत के शौर्य और पराक्रम को बहादुर जवानों ने बहादुरी के साथ ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से अपने दुश्मन पाकिस्तान को ठिकाना लगाने का काम किया। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को डॉ. केएनएस मेमोरियल हॉस्पिटल (पूर्ववर्ती मेयो हॉस्पिटल) की स्थापना के 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में कही। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मेयो



हॉस्पिटल और डॉ. केएनएस मेमोरियल हॉस्पिटल ने आज 25 वर्ष की यात्रा पूरी की है। इसकी आधारशिला वर्ष 2000 में तत्कालीन मुख्यमंत्री और वर्तमान में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रखी थी। आज यह राजधानी में हॉस्पिटल और बाराबंकी में मेडिकल कॉलेज के रूप में अपनी नई पहचान के रूप में आगे बढ़ रहा है। साथ ही स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में प्रदेशवासियों को आरोग्यता प्रदान करते हुए प्रदेश के विकास में अपना योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि यही जीवन में उन्नति की राह और संस्कृति है। एक विचारक नाम के बीज का वृक्ष बन जाना संस्कृति है और बीज का सड़ गल करके समाप्त हो जाना विकृति है। भारत उस संस्कृति का प्रतीक है, जो सदैव मानवता के लिए एक मार्गदर्शक बनकर दुनिया के लिए सदैव एक आशा की किरण बना रहता है। वहीं पाकिस्तान की विकृति की नियति मरना और सड़ना है। चाहे वह भारत के हाथों मारे या फिर अपने द्वारा पल्लवित पोषित आतंकवादियों के कृत्य से मरे। इस अवसर पर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव, मंत्री जेपीएस राठौर, राज्यसभा सदस्य एवं पूर्व डिप्टी सीएम डॉ. दिनेश शर्मा, राज्यसभा सदस्य हिमांशु त्रिवेदी, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, मेयर सुषमा खर्कवाल, डॉ. नीरज बोरा, भाजपा नेता नीरज सिंह आदि उपस्थित थे।

### प्रतिस्पर्धा के दौर में सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें

मुख्यमंत्री योगी आदिन्यनाथ ने कहा कि वर्तमान में स्वास्थ्य सेवाएं एक नए प्रतिस्पर्धा के दौर से गुजर रही है। इस प्रतिस्पर्धा में अपने आप को स्थापित करने के लिए सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी पड़ेगी क्योंकि अगर इस क्षेत्र में संवेदना ना हो तो फिर एक चिकिन्सक के प्रति आम जनमानस के मन में जो विश्वास है वह विश्वास डगमगाएगा। उस विश्वास को डगमगाने नहीं देना है। उन्होंने कहा कि संस्थान ने 25 वर्ष के शानदार यात्रा के दौरान केवल एक अस्पताल नहीं बल्कि मेडिकल संस्थान के रूप में भी प्रदेश के विकास में योगदान दे रहा है। यहां पर आज सैकड़ों छात्र न केवल यूजीपीजी और सुपर स्पेशलिटी की डिग्री लेने के लिए प्रवेश लेते हैं बल्कि आरोप्यता के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में भी कार्य करते हैं। सीएम योगी ने कहा कि आगे भी मेडिकल संस्थान लगातार प्रदेश के विकास और नागरिकों को आरोप्यता के लक्ष्य को प्राप्त करने में अपना योगदान देता रहेगा, इसके प्रति मेरी मंगलकामनाएं हैं।

# ‘आडिट कार्य को समयबद्ध कराया जाए’

- पैक्स के कम्प्यूटरीकरण को लेकर समीक्षा बैठक, सचिवों के प्रशिक्षण में तेजी के निर्देश

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश के आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता डॉ. हीरालाल ने सोमवार को उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव बैंक मुख्यालय के सभागार में पैक्स कम्प्यूटरीकरण प्रोजेक्ट की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने कम्प्यूटरीकरण की प्रगति, चुनौतियों और समाधान पर विस्तार से चर्चा की। प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा बताया गया कि मैनपावर की कमी के कारण डेटा बैलेंसिंग कार्य में बाधा आ रही है। इस पर डॉ. हीरालाल ने निर्देश दिए कि मैनपावर की उपलब्धता तत्काल सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 3000 सचिवों को प्रशिक्षण दिया जाना है, जिसमें अब तक केवल 25त्र सचिवों को ही प्रशिक्षित किया गया है। आयुक्त ने शेष सचिवों को शीघ्र प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए और कहा कि एक सप्ताह के भीतर दोबारा प्रशिक्षण आयोजित किया जाए।



प्रशिक्षण से जुड़ी व्यय राशि की व्यवस्था नाबार्ड के माध्यम से की जाएगी। डॉ. हीरालाल ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रशिक्षण की जिम्मेदारी अपर जिला सहकारी अधिकारी से लेकर अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक तक तय की जाए। प्रत्येक जिले से कम्प्यूटर कार्य में दक्ष ऑपरेटर को बुलाया जाए और सभी सचिवों से पाँच-पाँच सफलता की कहानियाँ संकलित की जाएँ। इन कार्यों की जवाबदेही संबंधित सचिवों को सौंपी जाए। उन्होंने आडिट कार्यों को भी समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। सहायक निबंधकों को पत्र भेजकर यह जानकारी ली जाएगी कि इस दिशा में उन्होंने क्या कार्य किया है। जिला स्तर पर नियमित संवाद बनाए रखने की भी आवश्यकता बताई गई। बैठक के उपरांत आयुक्त ने इंस्टीट्यूट ऑफ कोऑपरेटिव एंड कोऑपरेट मैनेजमेंट रिसर्च एंड ट्रेनिंग सेंटर, रिंग रोड, इंदिरा नगर, लखनऊ का निरीक्षण किया। उन्होंने परिसर और गार्डन की सफाई व्यवस्था पर नाराजगी जताई और निदेशक ऋतु गुप्ता को निर्देश दिए कि परिसर में समुचित साफ-सफाई के साथ भूमि की उपलब्धता अनुसार वृक्षारोपण कराया जाए। डॉ. हीरालाल ने छात्रावास का निरीक्षण करते हुए भी साफ-सफाई, अभिलेखों की व्यवस्था और फर्नीचर के रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि एक ऐसा दक्ष कार्मिक नियुक्त किया जाए, जो बैंकिंग कार्यों में पूरी तरह सक्षम हो। यह समीक्षा बैठक प्रदेश में सहकारिता क्षेत्र के डिजिटलीकरण को गति देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

# यूपी पर्यटन विभाग में बड़ा टकरावः भ्रष्ट अधिकारी को लेकर मंत्री और प्रमुख सचिव आमने-सामने, मामला पहुँचा सीएम आवास

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग में इन दिनों भारी हलचल है। विभाग के एक तथाकथित भ्रष्ट अधिकारी को लेकर पर्यटन मंत्री और प्रमुख सचिव के बीच सीधा टकराव देखने को मिल रहा है। मामला इतना गंभीर हो गया है कि अब यह मुख्यमंत्री आवास तक पहुंच चुका है।

### साहब छुट्टी पर, मंत्री दिल्ली में

दिलचस्प बात यह है कि विवादित अधिकारी साहब पिछले एक सप्ताह से लंबी छुट्टी पर चले गए हैं, जबकि दूसरी ओर मंत्री जी आज दिल्ली रवाना हो गए। ऐसे में विभाग में यह चर्चा जोरों पर है कि कहीं मामला राजनीतिक प्रभाव के चलते तो नहीं रुक गया?

### प्रमुख सचिव ने किया कार्रवाई का प्रयास, मंत्री ने रोकी फाइल

विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक, प्रमुख सचिव पर्यटन ने उस अधिकारी के खिलाफ तथ्यों और दस्तावेज़ों के आधार पर अनुशासनान्मक कार्रवाई शुरू की थी। मामला आय से अधिक संपत्ति का भी है, जिसमें अधिकारी पहले से ही संदेह के घेरे में है। लेकिन जैसे ही कार्रवाई की फाइल मंत्री के पास पहुँची, मंत्री ने उसे रोक दिया। इससे विभागीय अफसरों में असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है।

### मुख्यमंत्री स्तर पर तय होगी सच्चाई?

अब सभी की निगाहें मुख्यमंत्री योगी आदिन्यनाथ पर टिक गई हैं। सवाल यह है कि...

- क्या मुख्यमंत्री इस मामले में प्रमुख सचिव के फैसले को हरी झंडी देंगे?
- या फिर तथाकथित भ्रष्ट अधिकारी को राजनीतिक संरक्षण मिलेगा?

### जनता और कर्मचारियों में असंतोष

पर्यटन विभाग के कर्मियों और आम जनता के बीच इस विवाद को लेकर गहरी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि यदि एक स्पष्ट आरोपों वाले अधिकारी को बचाया जाता है, तो इससे सरकार की भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन की नीति पर सवाल उठते हैं। अब देखना ये होगा कि क्या सत्ता पक्ष का हस्तक्षेप ईमानदार अफसरों पर भारी पड़ेगा, या फिर सच को मिलेगी मंजिल — फैसला मुख्यमंत्री के पाले में है

# जेहटा माल रोड के व्यापारियों की विद्युत समस्या पर जल्द समाधान का आश्वासन

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

जेहटा माल रोड क्षेत्र के व्यापारियों को लंबे समय से हो रही विद्युत आपूर्ति की समस्या को लेकर अब जल्द राहत मिल सकती है।

### विद्युत समस्या से कराया अवगत

प्रतिनिधिमंडल ने जेहटा माल रोड क्षेत्र के व्यापारियों को हो रही बिजली आपूर्ति की समस्याओं को सामने रखते हुए एक लिखित ज्ञापन सौंपा।

### व्यापारी प्रतिनिधिमंडल की भेंट

सामाजिक उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रामबाबू रस्तोगी के



नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने माध्यांचल विद्युत वितरण निगम के मुख्य अभियंता रजत जुनेजा से मुलाकात की।

### मुख्य अभियंता का आश्वासन

रजत जुनेजा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि निर्माण कार्य को तेजी से पूरा कर इसी माह नवनिर्मित उपकेंद्र को चालू करवा दिया जाएगा।

### व्यापारियों को मिलेगी राहत

उपकेंद्र चालू होने के बाद जेहटा माल रोड सहित आसपास के क्षेत्र में व्यापारियों को निर्बाध और सुचारु रूप से बिजली आपूर्ति मिलने की उम्मीद जताई गई है।

### प्रदेश अध्यक्ष की प्रतिक्रिया

रामबाबू रस्तोगी ने प्रशासनिक तन्परता की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि व्यापारियों को शीघ्र ही इस समस्या से निजात मिलेगी और व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी।

### नवनिर्माणाधीन उपकेंद्र बना कारण

ज्ञापन में बताया गया कि गोपरामऊ में लंबे समय से बन रहा विद्युत उपकेंद्र अब तक पूरा नहीं हो पाया है, जिसके कारण व्यापारी और उद्योगपति नियमित बिजली से वंचित हैं।

# मनमानी स्कूलों पर डीएम का बड़ा एक्शन!

- आरटीई के तहत एडमिशन में टालमटोल, अब होगी बड़ी कार्रवाई

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

राजधानी के निजी विद्यालयों की मनमानी पर अब जिला प्रशासन का शिकंजा कसता नजर आ रहा है। आरटीई शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत गरीब बच्चों के प्रवेश में आनाकानी कर रहे स्कूलों पर डीएम विशाख जी ने सख्त रुख अपना लिया है। राजधानी के करीब 80 नामी-गिरामी स्कूलों ने आरटीई के अंतर्गत आवंटित सीटों पर बच्चों को दाखिला देने से मना कर दिया है। इतना ही नहीं, बीएसए द्वारा जारी नोटिस का भी इन स्कूलों ने जवाब देना मुनासिब नहीं समझा। सूत्रों के मुताबिक, 18 हजार पात्र बच्चों में से मात्र 12 हजार को ही प्रवेश मिला, जबकि हजारों बच्चे अभी भी इंतजार की कतार में हैं। ये हाल तब है जब सरकार इन बच्चों की फीस से लेकर किताबें तक मुफ्त देती है। डीएम लखनऊ विशाख ने अब ऐसे स्कूलों के खिलाफ बड़ा कदम उठाते हुए एक अहम बैठक बुलाई है, जिसमें मनमानी कर रहे स्कूल प्रबंधकों से जवाब तलब किया जाएगा। माना जा रहा है कि इस बार केवल चेतावनी नहीं, सीधे कार्रवाई होगी ६ स्कूल की मान्यता रद्द होने तक की नौबत आ सकती है। राजधानी के अभिभावकों में भी इस फैसले से राहत की लहर है। लोगों का कहना है कि जिन स्कूलों को सरकारी नीति से परहेज है, उन्हें सरकारी सुविधाओं का भी लाभ नहीं दिया जाना चाहिए। अब देखने वाली बात यह होगी कि डीएम की इस सख्ती के बाद स्कूलों की हठधर्मिता टूटती है या नहीं।

# बड़े मंगल पर दीक्षा एडवरटाइजिंग द्वारा विशाल भंडारे का भव्य आयोजन



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बड़े मंगल के पावन अवसर पर राजधानी लखनऊ में धार्मिक श्रद्धा और सामाजिक सेवा का अनूठा संगम देखने को मिला। दीक्षा एडवरटाइजिंग द्वारा डालीबाग स्थित नर्मदा भवन के सामने एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया और पुण्य लाभ प्राप्त किया। विशेष बात यह रही कि इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री नीरज सिंह जी ने भी भंडारे में उपस्थित होकर भक्तों को अपने हाथों से प्रसाद वितरित किया। उन्होंने आयोजनकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि ÷इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और धार्मिक भाव को सुदृढ़ करते हैं। इस भव्य आयोजन को दीक्षा एडवरटाइजिंग के ओनर श्री पुनीत ओहरी जी और श्री अमन मनोहरी जी द्वारा किया गया। दोनों आयोजकों ने बड़े श्रद्धा और समर्पण भाव से भंडारे की तैयारी की और यह सुनिश्चित किया कि किसी भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उनके द्वारा की गई व्यवस्थाएं अत्यंत सुव्यवस्थित और सराहनीय रहीं। पुनीत ओहरी जी ने इस अवसर पर कहा, ÷बड़ा मंगल केवल एक पर्व नहीं, बल्कि जनसेवा और समर्पण का अवसर है। हर वर्ष हम यह प्रयास करते हैं कि अधिक से अधिक लोगों तक भंडारे का लाभ पहुंचे और उन्हें भगवान हनुमान जी के चरणों में भक्ति और श्रद्धा अर्पित करने का अवसर मिले। आयोजन के अंत तक श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही, और सभी ने आयोजनकर्ताओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# शराब पीने से टोकने पर युवक को बेरहमी से पीटा, कोमा में पहुंचा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के सआदतगंज इलाके में शराब पीने से टोकने पर दबंगों ने एक युवक को इतनी बेरहमी से पीटा कि वह कोमा में चला गया। घटना के दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे पीड़ित के भाई की कनपटी पर बंदूक सटाकर जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि चौपटिया के कटरा विजन बेग निवासी नेहा ने बताया कि उनके घर के सामने एक गैराज है जहां रोजाना कुछ लोग शराब पीकर गाली-गलौज करते हैं। नेहा के पति शिवम प्रताप ने कई बार इन नशेबाजों को टोका, जो दबंगों को नागवार गुजरा और वे उनसे रंजिश रखने लगे। वहीं नेहा के अनुसार, रविवार शाम करीब सात बजे उनके पति परिवार के साथ घर में काम कर रहे थे। हमेशा की तरह शराबियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी, जिसका शिवम ने विरोध किया। इसके बाद वे मारपीट पर उतारू हो गए। जब नेहा अपनी ननद के साथ थाने शिकायत करने पहुंचीं।

# जुलाई में यूपी में लगेंगे 35 करोड़ पौधे

## लखनऊ मंडल में लगेंगे सर्वाधिक चार करोड़ पौधे

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

जुलाई माह में प्रदेश में 35 करोड़ पौधरोपण की तैयारी कर ली गई है। इसके लिए 1901 पौधशालाओं में 52.33 करोड़ पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। सभी विभागों द्वारा लगाए जाने वाले पौधरोपण का भी लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। वन विभाग पौधरोपण महाभियान की तैयारियां तेजी से कर रहा है। पौधरोपण महाभियान 2025 के लिए मिशन निदेशक की जिम्मेदारी अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक/ मुख्य वन संरक्षक (प्रशासन) दीपक कुमार को सौंपी गई है। इसके अलावा सभी 18 मंडलों का लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। इन मंडलों में महाभियान की सफलता के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त कर दिए गए हैं। लखनऊ मंडल में सर्वाधिक 4 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वहीं कानपुर मंडल को 3.13 करोड़ का लक्ष्य दिया गया है। नर्सरियों के माध्यम से 47.27 करोड़ पौधे वन विभाग उपलब्ध कराएगा। इस दौरान सागौन, शीशम आदि के 18.60 करोड़, जबकि अमरूद-आम आदि के 10.79 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। वहीं सहजन, नीम आदि के 5.75 करोड़ व पीपल-बरगद के 29 लाख पौधे लगाकर हरियाली बढ़ाने की कवायद की जाएगी।




### सीएम युवा योजना का लाभ लेने वालों में 48 फीसदी ओबीसी

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी (सीएम युवा) योजना के तहत अबतक 53000 से अधिक युवाओं के ऋण आवेदनों को स्वीकृत किया गया है और 40000 को ऋण दिया भी जा चुका है। ये योजना पूरे देश के लिए मिसाल बन गई है। इसके तहत बिना ब्याज और बिना गारंटी के पांच लाख रुपये तक का ऋण दिया जा रहा है। योजना का लाभ लेने में सबसे आगे ओबीसी युवा हैं। लोन लेने वाले युवाओं में से 64 प्रतिशत ने सेवा क्षेत्र में निवेश किया है, जिसमें टेंट हाउस, मोबाइल रिपेयरिंग, प्रिंटिंग प्रेस, और फिटनेस सेंटर जैसे व्यवसाय शामिल हैं। जबकि 36 प्रतिशत ने इसका उपयोग विनिर्माण सेक्टर में किया गया है, जिसमें फर्नीचर निर्माण, आटा चक्की और डेयरी उन्पादन जैसे उद्योग शामिल हैं। उद्योग एवं उद्यम प्रोन्साहन निदेशालय के अनुसार इसका लक्ष्य अगले 10 वर्ष में 10 लाख युवाओं को स्वरोजगार के लिए तैयार करना है। 16 मई तक इस योजना के तहत 244045 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 110105 आवेदन बैंकों को भेज दिए गए हैं। इनमें से 53649 आवेदनों को स्वीकृति मिल चुकी है और 39835 युवाओं को अब तक ऋण दिया जा चुका है। योजना की विशेषता यह है कि इसमें महिलाओं और पिछड़े वर्ग के युवाओं को विशेष रूप से प्रोन्साहित किया जा रहा है। ऋण प्राप्त करने वालों में लगभग 30 प्रतिशत महिलाएं हैं, जो उद्यमिता के क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। इसके अलावा, 48.5 प्रतिशत से अधिक लाभार्थी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से हैं, जबकि 15 प्रतिशत अनुसूचित जाति (एससी) और 2.5 प्रतिशत अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं को इस योजना का लाभ मिला है।

### कानपुर नगर सबसे आगे, शीर्ष पांच में बरेली और आगरा

लोन लेने में कानपुर नगर सबसे आगे है, जहां 1339 युवाओं ने इस योजना का लाभ उठाया है। इसके बाद बरेली (1032), आगरा (1016), महराजगंज (988) और वाराणसी (961) टॉप-5 जिलों में शामिल हैं। ऋण वितरण में बैंकों की भूमिका भी सराहनीय रही है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने सबसे ज्यादा 6684 युवाओं को ऋण दिया है।

# भीख मांगने वालों पर एआई कैमरों से नजर



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ को बाल भिक्षावृत्ति से पूरी तरह मुक्त कराने के लिए प्रशासन ने अब तकनीक को हथियार बना लिया है। जिलाधिकारी विशाख जी के नेतृत्व में चलाए जा रहे बाल भिक्षावृत्ति मुक्ति अभियान के तहत सोमवार को स्मार्ट सिटी के इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम और सेफ सिटी कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। वहीं जिलाधिकारी ने बंगला बाजार, अर्जुनगंज, तेलीबाग और डीएसओ चौराहे की लाइव मॉनिटरिंग देखी और अधिकारियों से कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि सुबह 8 से 11ः30 और शाम 4ः30 से 7ः30 बजे तक 19 चिह्नित चौराहों की एआई मॉनिटरिंग हो और जैसे ही कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे, फील्ड टीमें तुरंत हरकत में आ जाएं। वहीं सेफ सिटी कंट्रोल रूम में 1000 एआई सीसीटीवी कैमरे लगे हैं,जो फेशियल रिकग्निशन और संदिग्ध गतिविधियों की स्वतः पहचान की क्षमता रखते हैं। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि भिक्षावृत्ति को बढ़ावा देने वालों के फोटो कंट्रोल रूम को उपलब्ध कराएं, ताकि उन्हें ट्रेस कर कानूनी कार्रवाई की जा सकें। वहीं सुल्तानपुर रोड, रायबरेली रोड, इंजीनियरिंग कॉलेज, टेढ़ी पुलिया व सीतापुर रोड जैसे आउटर एरिया में सघन निगरानी करने के निर्देश भी दिए गए।

### बगला बाजार पर टीम पर हमला, एफआईआर दर्ज

19 मई को बगला बाजार के पास बच्चों और महिलाओं को रेस्क्यू करने पहुंची टीम पर झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले और समर्थन देने वालों ने संगठित हमला किया। इस संबंध में आशियाना थाने में आरती, अवधराम सहित अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का पुनः निरीक्षण किया और टीमों को आवश्यक सुरक्षा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आईटीएमएस व सेफ सिटी कंट्रोल रूम में प्रोबेशन विभाग की स्थायी टीमें तैनात करने के निर्देश भी दिए हैं ताकि मॉनिटरिंग और फील्ड एक्शन में समन्वय बना रहे। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, जीएम स्मार्ट सिटी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# पूज्य देवी अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर इटौंजा राष्ट्रपिता स्मारक इंटर कॉलेज कार्यक्रम में विधायक हुए शामिल

- विधायक ने छात्र-छात्राओं का बढ़ाया हौसला, कहा आप देश का है भविष्य

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ जिले के बीकेटी विधानसभा के इटौंजा राष्ट्रपिता स्मारक इंटर कॉलेज में सुशासन, सेवा और लोककल्याण की सार्वकालिक प्रतीक पुण्यश्लोक लोकमाता पूज्य देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती वर्ष के राष्ट्रपिता स्मारक इंटर कॉलेज इटौंजा के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के आदर्शों, उनके द्वारा किए गए जन-कल्याणकारी कार्यों एवं सुशासन की



प्रेरक परंपरा पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान विधायक योगेश शुक्ला ने कहा कि पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर यह कार्यशाला उनके अद्वितीय योगदान और लोककल्याणकारी कार्यों को स्मरण करने का अवसर बनीं है। इस दौरान स्कूल के प्रबन्धक कुवंर जितेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य डा0 राधा मोहन मिश्र, नि0 वर्तमान मण्डल अध्यक्ष राजू कश्यप, मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र लोधी, राजीव मिश्र, मानवेन्द्र मिश्र,मिथिलेश कुमार पाण्डेय, राकेश सोनकर,आशीष सिंह, प्रवीण कुमार शर्मा, राकेश लोधी (मण्डल मंत्री) कपिल मिश्रा, शिवम् श्रीवास्तव साहित पार्टी के सम्मानित पदाधिकारी व कार्यकर्ता बन्ध मौजूद रहें।

# मुख्य अभियंता पर भ्रष्टाचार का बड़ा खुलासा!

- राज्य मंत्री के आरोपों के बाद सीएम योगी ने दिए ताबड़तोड़ जांच के आदेश

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राजनीति और प्रशासनिक गलियारों में उस वक्त हलचल मच गई जब लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता रामनाथ सिंह पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे। यह आरोप खुद प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने सार्वजनिक मंच से लगाए, जिससे सियासी तापमान अचानक चढ़ गया। राज्य मंत्री ने कहा कि विभाग में योजनाओं की आड़ में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताएं हो रही हैं और मुख्य अभियंता की संलिप्तता पर गंभीर संदेह है। मंत्री के इन सनसनीखेज आरोपों के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिना देरी किए तत्काल जांच के आदेश दे दिए हैं। सूत्रों की मानें तो यह मामला करोड़ों रुपये की लागत वाले ठेकों में हेराफेरी और गुणवत्ता में भारी कमी से जुड़ा है। सरकार ने अब इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच के निर्देश दिए हैं और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। प्रदेश की जनता अब इस कार्रवाई को लेकर सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति की अग्निपरीक्षा मान रही है। आने वाले दिनों में इस मामले में और भी बड़े नाम सामने आ सकते हैं।

# अयोध्या भी आई थी जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति, 32 सेकेंड का वीडियो हो रहा वायरल

जन एक्सप्रेस । अयोध्या





पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा अयोध्या भी आई थी। रामलला के दर्शन मार्ग से जय श्रीराम कहते हुए उसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। 32 सेकेंड के वीडियो में वह रामलला की धरती को पावन बता रही है। उसने माथे पर जय श्रीराम का टीका भी लगा रखा है। यह वीडियो देखने में सर्दी के मौसम का लग रहा है। वीडियो में वह रामलला का दूर से दर्शन करने के लिए कह रही है। वीडियो में ज्योति के पीछे अमावां मंदिर का शिखर कलश दिख रहा है, जो रामलला के दर्शन मार्ग से सटा हुआ है। अब ज्योति अयोध्या कब आई, उसके साथ कितने लोग आए, कहां-कहां घूमे, अयोध्या में कहां पर रहे और किस-किस से संपर्क किया, इन बिंदुओं को खंगाला जा रहा है।

### करीब दो लाख लोग सर्दी के मौसम में आ रहे थे अयोध्या

इस मामले में खुफिया विभाग और पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि रोज रामलला का दर्शन करने के लिए करीब दो लाख लोग सर्दी के मौसम में आ रहे थे। उनमें ऐसे तत्वों को ढूंढ कर अलग करना, वह भी तब जबकि वह अपने आप को धार्मिक रंग में डूबा दिखा रहा हो, कठिन हो जाता है। फिलहाल खुफिया विभाग की टीम छानबीन करने में जुट गई है।

### पाक दौरे को लेकर महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं

हरियाणा की गृह सचिव सुमिता मिश्रा ने कानून-व्यवस्था और ज्योति मल्होत्रा के पाकिस्तान दौरे को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक के बाद उन्होंने बताया कि राज्य में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए जिला स्तर पर पुलिस अधीक्षक (एसपी) और उपायुक्त (डीसी) के बीच बेहतर तालमेल पर जोर दिया गया है।

### पाकिस्तान समर्थित ऑपरेटिव्स पर सख्ती

सुमिता मिश्रा ने कहा कि पाकिस्तान समर्थित ऑपरेटिव्स के खिलाफ कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। हरियाणा में संदिग्ध यूट्यूब चैनलों की गहन जांच की जा रही है और सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए विशेष सेल सक्रिय हैं। उन्होंने बताया कि स्लीपर सेल्स और पाकिस्तान से जुड़े लिंक्स की पहचान कर उन पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। सुरक्षा में मौजूद कमियों को दूर करने के लिए भी व्यापक कदम उठाए जा रहे हैं।

### ज्योति मल्होत्रा मामला इंटेलिजेंस फेलियर नहीं

ज्योति मल्होत्रा के पाकिस्तान दौरे पर उठे सवालों का जवाब देते हुए गृह सचिव ने स्पष्ट किया कि यह इंटेलिजेंस फेलियर का मामला नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत एक प्रजातांत्रिक देश है, जहां वैध दस्तावेजों के साथ यात्रा की स्वतंत्रता है। ज्योति मल्होत्रा ने भी वैध दस्तावेजों के साथ यात्रा की थी। कुछ तथ्य समय के साथ सामने आते हैं, और हम इस पर नजर रख रहे हैं।

# पीड़िता को न्याय एवं सहायता राशि दिए जाने हेतु डीएम व एसपी की संयुक्त समीक्षा बैठक



जन एक्सप्रेस । अमेठी

रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान योजना के अंतर्गत पीड़ित महिलाओं को न्याय और आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की प्रक्रिया की समीक्षा के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय संचालन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।इस बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी संजय चौहान व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने संयुक्त रूप से की। बैठक में कुल 41 प्रकरणों पर विचार-विमर्श किया गया।जिनमें से 14 मामलों को डीएनए रिपोर्ट प्राप्त न होने के कारण विचाराधीन रखा गया।जबकि 27 प्रकरण अपात्र श्रेणी में पाए गए।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि ऐसे मामलों में समयबद्ध और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाए।ताकि वास्तविक पीड़ितों को त्वरित सहायता और न्याय मिल सके।उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस योजना का उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता प्रदान करना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि पीड़िता को सामाजिक सुरक्षा और मानसिक संबल भी मिले।सभी संबंधित विभाग इन प्रकरणों को पूरी गंभीरता से लें।और कहीं भी लापरवाही या विलंब न हो। पुलिस अधीक्षक ने अपराधों की विवेचना में संवेदनशीलता और पारदर्शिता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि महिला संबंधित अपराधों की जांच में तेजी लाते हुए डीएनए जैसी तकनीकी रिपोर्ट को प्राथमिकता दी जाए,ताकि निर्णय में देरी न हो।उन्होंने पुलिसअधिकारियों से कहा कि वे प्रत्येक केस की प्रगति की नियमित समीक्षा करें।और सुनिश्चित करें कि कोई भी पीड़िता न्याय से वंचित न रह जाए।बैठक में यह भी चर्चा हुई कि गंभीर मामलों में शासन को तत्काल रिपोर्ट भेजी जाए।तथा हर स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो प्रकरण अपात्र पाए गए हैं,उनके कारणों को स्पष्ट रूप से दस्तावेजीकृत किया जाए।और यदि कहीं त्रुटिपूर्ण आवेदन या जांच में अस्पष्टता है,तो उसे पुनः परखा जाए।इस बैठक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जिला प्रशासन महिला सशक्तिकरण और उनके अधिकारों की रक्षा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।बैठक के अंत में सभी सदस्यों से सहयोग और सतर्कता बनाए रखने की अपील की गई।बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.अंशुमान सिंह,जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य,समिति के अन्य सदस्यगण, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# 15 दिन में ही उखड़ गई एम्स सम्पर्क मार्ग की सड़क



जन एक्सप्रेस । रायबरेली

मुंशीगंज एम्स परिसर के पास शुक्रवार को एम्स व्यापार मंडल के अध्यक्ष धर्मेंद्र त्रिवेदी की अध्यक्षता में व्यापारियों की एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें व्यापारियों और आम नागरिकों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। बैठक में ओवरब्रिज निर्माण सुस्त गति से चलने की समस्या का मुद्दा गरमाया। वहीं व्यापार मंडल के अध्यक्ष धर्मेन्द्र त्रिवेदी ने बताया कि मुंशीगंज शहीद स्मारक से एम्स को जोड़ने वाली मार्ग की स्थिति बहुत ही दयनीय हैं और नव निर्मित सड़क भी 15 दिन में ही उखड़ गई और गिट्टियां बिखरी पड़ी हैं।

बताते चलें कि इस मार्ग की मरम्मत को अभी महीना भर भी पूरा नहीं हुआ है। उसके पहले ही पटरी की गिट्टी उखड़ गयी हैं। जिससे वहाँ से निकलने वाले राहगीरों को काफ़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता हैं। बदहाल मार्ग के चलते बाइक सवार फिसल कर गिर जाते हैं। वहीं आये दिन ई-रिक्शा पलट जाता हैं, जिससे लोग चोटिल हो रहे हैं। वाहनों के आने-जाने से धूल का गुबार उड़ता है। नियमित रूप से पानी का छिड़काव भी नहीं किया जा रहा है। एम्स जैसे बड़े चिकित्सा संस्थान को जोड़ने वाले मार्ग के बदहाली के चलते आये दिन जाम लगा रहता हैं, आपातकालीन सेवाएं भी बाधित होती हैं। व्यापारियों और स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या के तरफ प्रशासन बिलकुल भी ध्यान नहीं दे रही हैं। जिला प्रशासन के लापरवाही के चलते किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता हैं। इस मौके पर एम्स इकाई व्यापार मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र त्रिवेदी, रंजीत यादव, धर्मेंद्र शर्मा, हरिश्चंद्र पासवान, चंडिका शर्मा, राम सिंह यादव, अनुज पांडे, विक्की अग्रहरि, रामसनेही पासी, रवि मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।

# सरेनी की गौशालाओं में बेहाल गोवंश: पशुओं के लिए चारा-पानी नहीं, गंदगी में खड़े रहने को मजबूर



जन एक्सप्रेस । रायबरेली

रायबरेली के लालगंज स्थित सरेनी विकासखंड की गौशालाओं की स्थिति चिंताजनक हो गई है। चक चोरहियां में स्थित गो आश्रय स्थल में गोवंश को बुनियादी सुविधाएं तक नहीं मिल रही हैं। गौशाला में करीब 95 गोवंश हैं। इनकी देखभाल के लिए दो केयरटेकर नियुक्त हैं। सरकार की ओर से गोवंश के संरक्षण, भोजन और चिकित्सा के लिए कई योजनाएं चल रही हैं। प्रति माह लाखों रुपए भूसे, चूरी-चोकर, कर्मचारियों और चिकित्सा सुविधाओं पर खर्च किए जाते हैं। हालांकि, जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। गौशाला में न तो पर्याप्त चारा है और न ही साफ-सफाई। गोवंश गंदगी में खड़े रहने को मजबूर हैं। भीषण गर्मी में पशुओं की देखभाल के लिए मौके पर कोई नहीं मिलता। खंड विकास अधिकारी प्रमोद कुमार का दावा है कि गौशाला में सभी व्यवस्थाएं पर्याप्त हैं।

## सार्वजनिक नीलामी 02 जून को

जन एक्सप्रेस। रायबरेली। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी सदर रायबरेली प्रफुल्ल कुमार शर्मा ने सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय देय के बकायेदार मो0 अहमद कुरैशी पुत्र स्व0 जान मोहम्मद निवासी उतरपारा (बेलाभाला) परगना व तहसील सदर जिला रायबरेली की भूमि की सार्वजनिक नीलामी 02 जून 2025 समय प्रातः 10ः00 बजे तहसील परिसर स्थित नायब तहसीलदार पश्चिमी/नीलाम अधिकारी कक्ष में प्रस्तावित है। इच्छुक बोलीदाता निर्धारित तिथि व समय, स्थान पर उपस्थित होकर नीलामी में प्रतिभाग कर सकते है।



# पत्नी के सामने पति की हथौड़े और कुल्हाड़ी से हत्या

जन एक्सप्रेस । अमेठी

तहसील तिलोई क्षेत्र अंतर्गत मोहनगंज थाना के पूरे राजा का पुरवा गांव में सोमवार रात एक युवक की उसके ही घर के बाहर बेरहमी से हत्या कर दी गई। आरोपियों ने पहले उसकी पत्नी को बंधक बनाया और फिर उसके सामने ही उसके पति बच्चन को हथौड़े और कुल्हाड़ी से मौत के घाट उतार दिया। पत्नी मोनी ने बताया कि रात लगभग 2ः30 बजे कुछ लोगों ने उसे दबोच लिया।और उसका मुंह बंद कर दिया। इसके बाद उन्होंने बच्चन पर हमला कर दिया।पहले हथौड़े से सिर पर वार किया गया,फिर कुल्हाड़ी और डंडों से ताबड़तोड़ प्रहार किए गए।मोनी के मुताबिक घटना से दो घंटे पहले बच्चन का गांव के ही सुशील दुबे उर्फ पप्पू से धक्का मुक्की के साथ मारपीट हो गई थी।इसके बाद सुशील दुबे और पप्पू पंडित ने अपने चार दोस्तों को बुलाया उनके साथ उसी रात दारू पार्टी की थी।आरोप है कि सुलेमान, अल्ताफ,मोहर्रम अली, सलमान, सुशील उर्फ पप्पू और इस्लाम ने मिलकर यह हत्या की है।सभी आरोपी नशे में धुत थे।और बच्चन को जान से मारने की धमकी पहले ही दे चुके थे।मृतक की मां हमीदुन निशा ने कहा कि उनका बेटा सीधा- साधा और मेहनती था।वह गांव में आइसक्रीम बेचने का काम करता था।उसके तीन छोटे बच्चे और पत्नी अब बेसहारा हो गए हैं।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।मृतक की मां ने न्याय की मांग करते हुए कहा कि जिन लोगों ने मेरे बेटे को मार डाला,उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार कर फांसी दी जाए।

# डीएम के प्रयास से सामु0 स्वा0 केन्द्र दीनशाह गौरा को मिले महन्वपूर्ण उपकरण

जन एक्सप्रेस । रायबरेली




जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के प्रयास से सीआरएस फंड के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दीनशाहगौरा रायबरेली में 25 के0वी0ए0 का जनरेटर, सीबीसी मशीन, डिलीवरी टेबल सहित अन्य महत्वपूर्ण उपकरण उपलब्ध कराये गये है। जिसका उद्घाटन/अनावरण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दीनशाहगौरा, रायबरेली पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ नवीन चन्द्रा द्वारा किया गया। मौके पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ0 अरुण कुमार, जिला स्वा0 शिक्षा अधिकारी डीएस अस्थाना, खण्ड विकास अधिकारी अशोक कुमार सचान सहित अन्य विकास खण्ड के अधिकारीगण मौजूद रहें। यह कार्यक्रम अधीक्षक सामु0स्था0केन्द्र डा0 ज्ञान प्रताप सिसोदीया की देखरेख में किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ0 ज्ञान प्रताप सिसोदिया व उपस्थित सभी सम्मानित नागरिकों द्वारा जिलाधिकारी द्वारा की गई मदद की सराहना की और धन्यवाद किया गया। इस पहल से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा और मरीजों को बेहतर सुविधा मिलेगी।

# निजीकरण के विरोध में अवर अभियंताओं ने भरी हुंकार

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर मंगलवार को निजीकरण के विरोध में मुख्य अभियंता कार्यालय पर अवर अभियंताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर संगठन के केंद्रीय उपाध्यक्ष सतवीर सिंह ने कहा कि निजीकरण किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगा। निजीकरण से बिजली दरें महंगी होंगी। गरीब परिवारों के घरों में अंधेरा छा जाएगा। समाज लालटेन युग में चला जाएगा। समाज में लाचारी व बेरोजगारी बढ़ेगी। जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार ने कहा कि दो बड़े डिस्कॉम के निजीकरण के पीछे बहुत बड़े घोटाले को अंजाम देने की कार्य योजना प्रबंधन तैयार कर रहा है। संगठन इसकी निंदा करता है। यदि निजीकरण की कार्यवाही नहीं रोकी गई तो 29 मई से कार्य बहिष्कार किया जाएगा। ऐसे में किसी भी प्रकार की औद्योगिक अशांति या विद्युत व्यवधान होता है तो इसकी जिम्मेदारी उच्च प्रबंधन की होगी। क्षेत्रीय सचिव अमरदीप श्रीवास्तव ने बताया कि निजीकरण किसी भी तरह से जनहित में नहीं है। निजीकरण के विरोध में संगठन के लोग जेल जाने को भी तैयार हैं। जेल के सक्षम अधिकारियों से भी संपर्क किया जाएगा। जेल भरो आंदोलन करके निजीकरण की कार्यवाही वापस कराई जाएगी। इस मौके पर अवर अभियंता प्रवीण त्रिपाठी, किशन चौरसिया, नरेश जायसवाल, वाईके द्विवेदी, रंजीत कुमार, अरविंद यादव, पीके गुप्ता, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

# आधे घंटे की बारिश में कई कॉलोनी, मोहल्ले व मार्ग लबालब

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

आंधी और तेज हवा के बीच सिर्फ आधे घंटे की बारिश में शहर की कई कॉलोनी, मोहल्ले और मार्ग लबालब हो गए। कई जगहों पर रामपथ के डिवाइडर के पास जलभराव हो गया। ऐसे में आवागमन में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह से छाए बादल छंटे तो फिर धूप निकल आई। मौसम में उतार-चढ़ाव के पूर्वानुमान के बीच मंगलवार सुबह से आसमान में बादल छाए रहे। लोग नींद से जागे तो धूप से सामना नहीं हुआ। इस बीच आठ बजे के बाद शहर से गांव तक कहीं आंधी तो कहीं तेज हवा के बीच झमाझम बारिश शुरू हो गई। आधे घंटे से 45 मिनट तक हुई बारिश ने शहर में जल निकासी के दावों और नाला सफाई अभियान पर सवाल खड़े कर दिए। कई इलाकों में इस आधे घंटे के लिए हुई बारिश से जलभराव हो गया।

# ईंट से कूचकर युवक को मार डाला

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

**गौराघाट।** गयासपुर मार्ग पर सोमवार रात गयासपुर निवासी कमल सिंह (35) की ईंट से कूचकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। घटना के पीछे शराब के ठेके पर हुआ विवाद सामने आया है। मृतका की मां ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ तहरीर दी है। कमल सिंह सोमवार शाम को घर से निकले थे, लेकिन रात तक घर नहीं पहुंचे। गांव निवासी रामू सिंह रात लगभग 11ः30 बजे ई रिक्शा लेकर घर जा रहे थे तो उन्होंने गयासपुर पुलिस चौकी से लगभग 500 मीटर दूरी पर गौराघाट-गयासपुर संपर्क मार्ग के पास लहूलुहान हालत में कमल को देखा। उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त थी। रामू ने स्थानीय पुलिस को सूचित करके परिजनों को भी जानकारी दी गई। पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। घटनास्थल पर ही चेहरा क्षतिग्रस्त किया गया था। काफी दूर तक खून व सिर के टुकड़े बिखरे थे। सूत्रों के अनुसार युवक शराब पीने के लिए ठेके पर गया था, जहां कुछ लोगों से विवाद हुआ था। मृतक माता-पिता के इकलौते बेटे थे और अविवाहित थे। इकलौता होने के कारण घर की जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर थी। घटना के बाद एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने सीओ बीकापुर पीयूष पाल, थानाध्यक्ष संदीप त्रिपाठी आदि के साथ घटनास्थल का जायजा लेकर जांच-पड़ताल शुरू की है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# लेखपाल की लापरवाही पर महिलाओं का हंगामा




■ अग्नि पीड़ित को मुआवजा न मिलने पर कलेक्ट्रेट में किया जोरदार प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । अमेठी

जनपद मुख्यालय गौरीगंज के रानी का पुरवा गांव में आग लगने से पूरी गृहस्थी गंवाने वाले गरीब परिवार को अब तक मुआवजा न मिलने पर महिलाओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया।किसान नेत्री रीता सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर लेखपाल की कार्यशैली पर सवाल उठाए और ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि गांव में आगजनी की घटना के बाद लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर जांच की।और कहा कि रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेज दी जाएगी,इसके बावजूद पीड़ित परिवार को अभी तक किसी प्रकार की राहत नहीं मिली है।किसान नेत्री ने कहा कि सरकारी नियमानुसार आग पीड़ितों को तात्कालिक सहायता मिलनी चाहिए,ताकि वे अपनी रोज़मर्रा की जिंदगी फिर से शुरू कर सकें।लेकिन लेखपाल फोन तक नहीं उठाते और मौके पर सिर्फ औपचारिकता निभाते हैं।महिलाओं का आरोप था कि कई लेखपाल सिर्फ जांच का नाटक करते हैं। रिपोर्ट देने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती।इस लापरवाही से गरीबों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते हैं।प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि लेखपालों की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ और पीड़ित परिवार को शीघ्र मुआवजा नहीं मिला,तो बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा।

# भक्ति की अभूतपूर्व छटा, हनुमंत लला के दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

ज्येष्ठ महीने के दूसरे मंगलवार पर रामनगरी में आस्था की लहरें प्रवाहित होती दिखीं। हनुमानगढ़ी जहां, आस्था खुद अपने चरणों से पतित पावन मार्ग प्रशस्त करती है, वहां ज्येष्ठ के दूसरे मंगल पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। प्रभात की बेला से ही गगनभेदी जयकारों से अयोध्या नगरी गुंजायमान हो उठी। सुबह हुई मूसलाधार बारिश व दोपहर से लेकर शाम तक प्रचंड धूप भक्तों की आस्था की परीक्षा लेती रही। बड़ा मंगल पर शहर से लेकर गांव तक हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। जय जय जय बजरंग बली...संकट मोचन हनुमान की जय...जैसे उद्घोषों से वातावरण में भक्ति की सुगंध घुल गई। हर दिशा, हर मार्ग, हर द्वार हनुमान के नाम का जप करता प्रतीत हो रहा था। पुरुष, महिलाएं, वृद्धजन और बालक हर कोई आस्था की डोर में बंधा, घंटा-घड़ियाल की ध्वनि के साथ इस दिव्य पर्व का साक्षी बनने को आतुर रहा। श्रद्धालुओं ने हनुमान जी को चोला चढ़ाया। प्रसाद व सिंदूर अर्पित किया और उनकी कृपा के लिए विनम्र प्रार्थनाएं कीं। मंदिरों में हनुमान चालीसा और सुंदर कांड का संगीतमय पाठ गूंजता रहा। सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी में दिन भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।.

# आज तहसील डलमऊ में किसान दिवस का आयोजन

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

उप कृषि निदेशक ने बताया है कि 21 मई 2025 को तहसील डलमऊ के सभागार में किसान दिवस का आयोजन अपरान्ह 12:30 बजे आयोजित किया जायेगा। विद्युत विभाग की हड़ताल को लेकर कंट्रोल रूम स्थापितः एडीएम (प्रशासन) कंट्रोल रूम नंबर 0535-2204086 अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) सिद्धार्थ ने बताया है कि प्राप्त सूचना के आधार पर विद्युत विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर प्रस्तावित हड़ताल के दृष्टिगत जनहित में विद्युत आपूर्ति, विद्युत स्टेशनों/उपकरणों/लाइनों की सुरक्षा बनाये रखने व कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट स्थित कोविड एकीकृत कन्ट्रोल रूम में अस्थायी रूप से कन्ट्रोल रूम नम्बर 0535-2204086 स्थापित किया गया है जो तत्काल प्रभाव से अग्रिम आदेश तक क्रियाशील रहेगा। जिसके लिए अवधेश कुमार सहायक चकबंदी अधिकारी सदर, सलोन/नोडल अधिकारी कंट्रोल रूम मो0नं0 8840195564 नामित किया गया है। कन्ट्रोल रूम में अधिकारियों/कर्मचारियों की शिफ्टवाइज ड्यूटी लगाई गई है, जिसमें प्रभारी कन्ट्रोल रूम अरविंद कुमार सिंह, चकबंदी कर्ता सदर मो0नं0 9559778723 एवं कंट्रोल रूम सहायक गीतेश सिंह, लेखपाल चकबन्दी हरचंदपुर मो0नं0 8417808807 की ड्यूटी प्रातः 6:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक लगाई गई है। इसी प्रकार प्रभारी कन्ट्रोल रूम कमलेश कुमार श्रीवास्तव, चकबंदी कर्ता मो0नं0 9528985922 एवं कन्ट्रोल रूम सहायक विनय कुमार, लेखपाल चकबन्दी सदर मो0नं0 9565019452 की ड्यूटी अपराह्न 02:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक लगाई गई है। प्रभारी कंट्रोल रूम अमृतलाल, चकबन्दी कर्ता मो0नं0 8009066911 एवं कंट्रोल रूम सहायक हरिशचंद्र, लेखपाल चकबन्दी सदर मो0नं0 6394835077 की ड्यूटी रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 6:00 बजे तक लगाई गई है। अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) ने तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि कलेक्ट्रेट स्थित कोविड एकीकृत कन्ट्रोल रूम में तैनाती रोस्टर/समय के अनुसार उपस्थित होकर प्राप्त शिकायतों/सूचनाओं को रजिस्टर में शिकायतकर्ता/सूचनादाता द्वारा की गयी शिकायत/सूचना का विवरण तिथि समय का अंकन करते हुए प्राप्त शिकायत/सूचना के सम्बन्ध में त्वरित रूप से निस्तारण/अधिकारियों को अवगत कराने के प्रति उत्तरदायी होंगे। नोडल अधिकारी समय-समय पर वस्तुस्थिति से अवगत करायेगें।

# शराब के नशे में पत्नी पर चाकू से हमला, हालत गंभीर

जन एक्सप्रेस । अयोध्या



अयोध्या। शहर के खालेपुर पहाड़गंज में किराये के मकान में रह रही पत्नी पर शराबी पति ने चाकू से हमला करके लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने महिला को गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया। सुशीला के पति मुरारीलाल ने दो शादी की थी। पहली पत्नी की पूर्व में मौत हो चुकी है, जिनसे तीन बच्चे हैं। सुशीला उनकी दूसरी पत्नी है, जिनसे चार बच्चों का जन्म हुआ है। सभी सात बच्चों को लेकर सुशीला पहाड़गंज खाले का पुरवा में एक किराये के मकान में रहती हैं और मजदूरी करके बच्चों व अपना भरण-पोषण करती हैं। वहीं मुरारी लाल भी मजदूरी करता है, लेकिन घर कभी-कभार ही आता है। मंगलवार की सुबह लगभग 11 बजे वह घर आया और पत्नी से शराब के पैसे मांगने लगा। इसी बात में विवाद बढ़ा तो मुरारीलाल ने पत्नी पर चाकू से वार कर दिया। वह गिरकर तड़पने लगीं तो भाग निकला। इंस्पेक्टर अश्विनी पांडेय ने बताया कि महिला के कंधे की तरफ चाकू से वार किया गया है। गंभीर घाव हुए हैं। मामले की जांच की जा रही है। आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।



**बस्ती में अपराध की बाढ़, कानून व्यवस्था...**

बस्ती जिले में लगातार हो रही घटनाओं से जिले में दहशत का माहौल है। ताजा मामला पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के पाण्डेय बाजार का है जहां पर एक महिला को जिंदा... शेष पेज 10 पर...

# पुलिसिया कार्रवाई की दहशत में बैंक रिकवरी करने वाले युवक ने फंदे से लटककर दी जान

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**





रेलबाजार थानाक्षेत्र के मीरपुर कैंट में बैंक रिकवरी का काम करने वाले युवक ने सोमवार देर रात पुलिसिया कार्रवाई की दहशत में फंदे से लटककर जान दे दी। परिजनों का आरोप है, कि एक माह पूर्व चकेरी थानाक्षेत्र में एक दरोगा के बेटे से विवाद हो गया था। जिसके बाद उसके बेटे ने अपने साथियों के साथ मिलकर रिकवरी वाले युवक को जमकर पीटा था। पुलिस विभाग में होने के कारण उल्टा युवक पर ही रिपोर्ट दर्ज करा दी गई। इसके बाद लगातार पुलिस फोन कर और घर पहुंचकर दबाव बना रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं चकेरी पुलिस ने किसी प्रकार की रिपोर्ट दर्ज न होने की बात कही।

मीरपुर कैंट निवासी सुमित सिंह के बेटे विधान सिंह उर्फ प्रथम (22) ने एक निजी बैंक में रिकवरी का काम करता था। चाचा विपिन सिंह ने बताया कि करीब एक माह पूर्व भतीजा विधान सिंह श्याम नगर स्थित एक स्थान पर रिकवरी करने के लिए गया था। वहां से लौटते समय छप्पन भोग के पास कुछ नशे में धुत युवकों से बाइक टकरा गई। आरोप है, उन पांच-छह युवकों ने भतीजे को जमकर पीटा था। बताया कि संदीप नगर सनिगवां निवासी लखनऊ में तैनात पुलिसकर्मी के बेटे ने चकेरी थाने में विधान के खिलाफ मारपीट की धारा में रिपोर्ट दर्ज करा दी थी।

आरोप है, कि इसके बाद करीब 15 दिन से श्याम नगर चौकी के एक दरोगा भतीजे को लगातार फोन कर चौकी पर मिलने और घर पर आ रहे थे। इससे भतीजा बहुत डरा और सहमा था। इस कारण दहशत में उसने अपना मोबाइल तक भी बंद कर लिया था। चाचा के अनुसार पुलिस घर से न पकड़ ले इसलिए वह घर पर भी कम रुकने लगा था। कई बार दरोगा ने रिपोर्ट दर्ज होने की बात कही तो उन लोगों ने एफआईआर कॉपी मांगी जो नहीं दी गई। दूसरा पक्ष पुलिसकर्मी होने के कारण दरोगा उनकी काफी मदद कर रहे थे। सोमवार रात घर में विधान, उसके छोटे भाई निश्चल, मां मोहिनी, पिता ने खाना खाया इसके बाद सोने चले गए। मंगलवार सुबह उठे तो कमरे में विधान का शव फंदे पर लटका हुआ था। परिजनों के अनुसार घटना के बाद उन लोगों ने उस दरोगा को कई बार फोन किया लेकिन उसने कॉल नहीं रिसीव की। घटना की सूचना पर पहुंचे रेलबाजार थाना प्रभारी बहादुर सिंह के अनुसार परिजनों के आरोपों की जांच की जा रही है। चकेरी इंस्पेक्टर संतोष शुक्ला ने बताया कि विधान सिंह नाम से कोई एफआईआर नहीं हुई है। अगर कोई दरोगा युवक को फोन कर रहा था तो चौकी इंचार्ज श्याम नगर से जानकारी की जाएगी।

## जमीन कब्जाकर बेचने में दीनू के साथी अधिवक्ता नारायण सिंह समेत 15 पर रिपोर्ट

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

भाजपा नेता अनूप तिवारी ने पारिवारिक जमीन कब्जाकर बेचने का आरोप लगाकर अधिवक्ता नारायण सिंह भदौरिया समेत 15 के खिलाफ सोमवार को नौबस्ता थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि नारायण ने उनके चाचा की दो करोड़ कीमत की 1060 वर्ग गज जमीन कूटरचित दस्तावेजों के सहारे बेच दी। पुलिस ने आरोपों की जांच की तो अधिवक्ता दीनू उपाध्याय के संरक्षण में कब्जा कर जमीन बेचने की बात सामने आई है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। एम ब्लाक किदवई नगर निवासी अनूप तिवारी के चाचा राज नारायन तिवारी ने वर्ष 1985 में बूढपुर मछरिया में 1060 वर्ग गज के चार प्लॉट खरीदे थे। जमीन की देखरेख वहीं करते हैं। पांच सितंबर 2020 की शाम अधिवक्ता नारायन सिंह भदौरिया ने साथियों के साथ प्लॉट की दीवार गिरा कर कब्जा कर लिया। पता चलने पर उन्होंने दिल्ली निवासी चचेरे भाई को सूचना दी। उसने वहीं से आईजीआरएस पर और उन्होंने यहां पुलिस को सूचना दी। हालांकि पुलिस ने कार्यवाही नहीं की।

# सीएपीएल 2025 का भव्य समापन डीसी स्मेसर्स बनी पहली चैंपियन टीम



**उत्कृष्ट खिलाड़ी सम्मान**

- मैन ऑफ़ द मैच सीए मयंक गर्ग,
- सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज सीए आकाश अवस्थी
- सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज सीए मयंक गर्ग
- सर्वश्रेष्ठ फील्डर सीए दीपक तोषनीवाल
- मैन ऑफ द सीरीज
- सीए सशक्त श्रीवास्तव

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

ट्रेंक्लिटोन स्पोर्ट क्लब गांधीग्राम में चार दिवसीय मैच में जबरदस्त मुकाबलों के बाद सीए प्रीमियर लीग सीएपीएल का पहला सीजन शानदार आगाज में सफल हुआ। यह टूर्नामेंट विशेष रूप से चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए आयोजित किया गया था। जिसमें 90 से अधिक खिलाड़ियों और 10 टीमों हिस्सा लिया। 14 से 17 मई तक खेले गये लीग मैचों के बाद प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष दो टीमों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई।

फाइनल मुकाबला डीसी स्मेसर्स ने रेवेंजर्स को 5 रनों से हराकर पहले सीजन की विजेता टीम बनने का गौरव प्राप्त किया। डीसी स्मेसर्स पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही।

सीएपीएल आयोजन समिति के सीए आनंद गुप्ता ने बताया कि शहर के सीए को एक मंच पर लाकर न केवल क्रिकेट का आनंद दिया गया बल्कि प्रोफेशनल भाईचारे, फिटनेस और नेटवर्किंग को भी प्रोत्साहन दिया। बताया कि यह तो अभी शुरुआत है अगला सीजन और भी बड़ा और भी शानदार होगा।

**पुरस्कार वितरण**

- विजेता टीम को 22000 रु.पुरस्कार वितरण
- विजेता टीम को 22000 रु. नगद
- रनर टीम को 5100 नगद
- सभी खिलाड़ियों को मंटोरा ग्रुप द्वारा प्रमाण पत्र दिये गये।

- ग्रुप ए से – डीसी स्मेसर्स और जी एन्ड पी फायर बाल्स
- ग्रुप बी से – रेवेन्जर्स एम एस लायंस।
- सेमी फाइनल 1 मैच में डीसी स्मेसर्स ने एम एस लायंस को हराया।
- सेमीफाइनल 2 मैच में रेवेंजर्स ने जी एन्ड पी फायर बाल्स को हराया।

**प्रयोजक**

- टाइटल स्पॉन्सर– जलज अग्रवाल, सूर्यांश अग्रवाल, पारुल अग्रवाल (जे अग्रवाल एन्ड कंपनी)
- को प्रेजेंटिंग स्पॉन्सर– हाई स्पेस एंड मंटोरा ग्रुप
- बैंकिंग पार्टनर– एचडीएफसी बैंक
- फूड पार्टनर– सैफरान हाउस
- ड्रिंक पार्टनर– डी फरसिया एन्ड कंपनी
- एंटरटेनमेंट एंड पार्टनर– गुप्ता एंड शाह
- मीडिया पार्टनर– न्यू हाईवे सिटी
- फर्स्ट एंड पार्टनर– आन्माराम हॉस्पिटल

**आयोजन समिति**

सीए आनंद गुप्ता, क्षितिज वर्मा, वैभव गुप्ता, आकाश गुप्ता, मिक्की भाटिया, रजत अग्रवाल।
नगद रनर टीम को 5100 नगद
सभी खिलाड़ियों को मंटोरा ग्रुप द्वारा प्रमाण पत्र दिये गये।

# पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्प फाउंडेशन अग्निपीड़ित परिवार की मदद को आये आगे

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



सुमेरपुर। विकास खण्ड की साझामऊ ग्राम पंचायत के मजरे बैरियन खेड़ा मे राजेश यादव पुत्र भागीरथ के यहाँ गत दिनो पूर्व आग लग जाने से घर मे रखा सामान पूरा सामान जलकर राख हो गया है अचानक घर मे लगी आग से सब कुछ जलकर राख हो गया था, आग बुझाने के प्रयास मे राजेश की पत्नी राजकुमारी भी चपेट मे आ जाने से चेहरा जल गया था कही से कोई मदद नहीं मिली थी परिवार को,जैसे ही सूचना पुष्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह को हुई तो उन्होंने अपनी अनुपस्थित मे अपने प्रतिनिधि आर के सिंह मामाजी व पुष्प फाउंडेशन की वरिष्ठ टीम को पूरी आर्थिक मदद, राशन सामग्री, अंगवस्त्र के साथ अग्निपीड़ित परिवार की सहायता के लिए भेजा, मौके पर पहुँचे पुष्प फाउंडेशन की टीम के द्वारा आर्थिक मदद व राशन सामग्री अंगवस्त्र आदि देकर जरूरतमंद परिवार को सहारा दिया पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा की गयी मदद से आग की विभीषिका से समस्त खाद्य सामग्री, बच्चों के जरूरी कागजात कपड़े आदि भी जल गये थे जिससे परिवार को उबरने मे परिवार को काफ़ी मदद मिलेगी व पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने अग्निपीड़ित परिवार मे राजेश की पत्नी राजकुमारी को ईलाज हेतु सहायता राशि व राशन सामग्री दी गम मे डूबे परिवार की मुखिया के आँसू निकल आये व संतुष्ट भाव से विषम परिस्थिति मे दी गयी मदद का धन्यवाद दिया इस मौके पर मुख्य से मैनेजर सिंह,जुगराज सिंह, रामजी यादव, पंकज सिंह, कमलेश, आशु सिंह, ललित रस्तोगी, सुरेश यादव प्रधान, अनीश, राजेंद्र, सोनू, रामकुमार, शिवम, दयाराम आदि लोग मौजूद रहे।

## दोस्त के साथ होटल गई युवती मिली मृत, युवक लापता

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** फजलगंज स्थित एक होटल में दोस्त के साथ गई युवती का शव सोमवार दोपहर कमरे में बेड पर औंधे मुंह पड़ा मिला। होटल कर्मियों की सूचना पर पहुंची पुलिस को कमरे में शराब की बोतल, गांजा और सिगरेट बरामद हुए। युवक होटल से साढ़े तीन बजे ही रात को निकल गया था। होटल के सीसीटीवी फुटेज भी डिलीट हैं। काकादेव थानाक्षेत्र के विजयनगर डबल पुलिया निवासी बिजली मिस्त्री की 25 वर्षीय इकलौती बेटी स्वरूपनगर के एक रेस्टोरेंट में नौकरी करती थी। फजलगंज इंस्पेक्टर सुनील सिंह ने बताया कि युवती की चकेरी थानाक्षेत्र के ओमपुरवा निवासी लालचंद के बेटे उन्कर्ष जायसवाल से दोस्ती थी।

# डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और सपा के बीच शुरू हुए डीएनए विवाद पर सियासत हुई तेज






**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व सपा मुखिया अखिलेश यादव के बीच चल रहा डीएनए विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार सुबह उप मुख्यमंत्री ने अखिलेश को फिर घेरते हुए कहा कि पार्टी के डीएनए वाले सवाल से बचने की छटपटाहट में आप और भी एक्सपोज हो रहे हैं। वहीं कानपुर कैंट के पूर्व भाजपा विधायक रघुनंदन भदौरिया ने समर्थकों के साथ अखिलेश यादव का पुतला फूंका। इस दौरान उन्होंने कहा- पुतला दहन कर संदेश दे दिया गया है। अब अगर अखिलेश को सीख आती है, तो ठीक है। नहीं तो.... वहीं रघुनंद भदौरिया के बयान के तुरंत बाद कैंट से सपा विधायक मोहम्मद हसन रूमी ने काउंटर किया। कहा- पूर्व विधायक का मानसिक संतुलन खराब हो गया है। लगातार जनता द्वारा नकारे जाने के बाद सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए पीडीए के नेता अखिलेश यादव के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया जा रहा है।

सपा विधायक मोहम्मद हसन रूमी ने कहा- डीएनए के नाम पर अखिलेश यादव के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया जा रहा है। हमारे नेता ने हमें शांत रहने के लिए कहा है। अगर जरा-सा भी हमारे नेता ने छूट दे दी तो पता चल जाएगा कि किसका डीएनए क्या है?

## बिठूर थाने में लगा आई कैंप, 35 पुलिसकर्मी का नेत्र परीक्षण कर बांटी दवा



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिठूर। बिठूर थाने में मंगलवार को शंकर आई हॉस्पिटल तातियागंज की और से निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया। इस नेत्र परीक्षण शिविर में थाने में तैनात सभी पुलिस कर्मियों का नेत्र परीक्षण किया गया। साथ ही साथ दवाइयां भी वितरित की गई। नेत्र परीक्षण शिविर टीम में रागिनी आइटम, पूजा शर्मा काउंसलर, पलक पाठक नर्स, कमलकांत अवस्थी बीडी मौजूद रहे। इस मौके पर बिठूर थाना प्रभारी प्रेम नारायण विश्वकर्मा ने शंकर आई हॉस्पिटल के सभी सदस्यों को थाने में आकर नेत्र परीक्षण करने के लिए धन्यवाद दिया। नेत्र परीक्षण शिविर में 35 लोगों का स्क्रीनिंग हुआ। तीन लोगों को मोतियाबिंद निकाला है। इसके अलावा बिठूर थाने में आए आगंतुकों ने भी नेट परीक्षण कराया। थाने में कार्यरत दो लोगों को रेटिना की प्रॉब्लम निकली है। प्रमुख रूप से सहायक प्रभारी संतोष सिंह,एसएसआई प्रमोद कुमार, एसआई पुष्पेंद्र, एस आई सचिन, महिला उप निरीक्षक सोनम भदोरिया, हेड मो0 कमलेश कुमार यादव, कांस्टेबल ओमवीर, चालक बृजपाल सिंह परिहार, आदि लोग मौजूद रहे।

## शेयर बाजार में निवेश कर मुनाफे का झांसा देकर दो कारोबारियों से ठगे 48.63 लाख

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

साइबर ठगों ने शेयर बाजार में मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर शहर के दो करोबारियों से 48.63 लाख रुपये ठग लिए। ठगी का अहसास होने पर पीड़ितों ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। शातिर ठगी की रकम को 17 खातों में ट्रांसफर कराए थे। टीम खातों को सीज करने के लिए संबंधित बैंकों से पत्राचार कर रही हैं। मूलरूप से कानपुर देहात के शिवली साकेतनगर निवासी अभिषेक दीक्षित वर्तमान में अपने परिवार संग पुराना शिवली रोड पर रहते हैं। अभिषेक ने बताया कि कुछ दिन पहले उनके मोबाइल पर कॉल आई। कॉल करने वाले शख्स ने शेयर मार्केट में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा दिया। हामी भरने पर जालसाजों ने टेलीग्राम पर एक लिंक भेज शेयर बाजार में निवेश कर अतिरिक्त कमाई का दावा किया। लिंक खोलने पर उन्हें शेयर बाजार की वास्तविक स्क्रीन जैसा एक फर्जी पोर्टल दिखा, जहां उन्हें पंजीकरण करने को कहा गया।

## बिल्हौर एसडीएम कार्यालय बाहर आशा वर्करों ने धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा है



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर तहसील पहुंच कर आशा वर्करों ने एसडीएम रश्मि लांबा को ज्ञापन सौपा उन्होंने बताया कि आशा वर्करों से काम अधिक लिया जाता है और मानदेय कम दिया जाता है मंगलवार को आल इंडिया स्कीम वर्कर्स फेडरेशन ऐक्टू के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन कानपुर नगर (ग्रामीण) जिलाध्यक्ष आशा कुशवाहा ने बताया कि प्रदेश में आशा वर्करों से काम ज्यादा लिया जा रहा है। किन्तु उनको अठारह हजार रुपए का निर्धारित मानदेय वेतन मिलना चाहिए और बीस लाख रुपए का सड़क दुर्घटना बीमा दिया जाए जिससे उनके परिवारीजनो को आर्थिक स्थितियों से न गुजरना पड़े वही उपाध्यक्ष रेखा ने कहा कि हम अपनी मांग को लेकर लगातार संघर्ष करते रहेंगे और अपना हक लेकर ही रहेंगे इस मौके पर आधा सैकड़ो आशा वर्को ने पहुंचकर तहसील में अपनी यूनियन के साथ धारिता प्रशासन में शामिल हुए बताया कि काम का बोझ इस समय अधिक है जिसके चलते कम भीड़ रही है आगामी प्रदर्शन में जिला स्तर पर भारी भीड़ होने की उम्मीद है। बिल्हौर एसडीएम रश्मि लांबा को मांग पत्र सौंपा इस पर अधिकारी ने सभी को विश्वास दिलाया कि मांग पत्र सरकार तक जल्द भिजवा दिया जाएगा।

## अंतिम चरण में पहुंचा कॉरिडोर-1 के अंडरग्राउंड सेक्शन का टनल निर्माण कार्य

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

मेट्रो रेल परियोजना के कॉरिडोर-1 (आईआईटी - नौबस्ता) के अंडरग्राउंड सेक्शन का टनल निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में है। आजाद टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम ) स्वदेशी कॉटन मिल के निकट स्थित रैंप एरिया से झकरकटी तक टनल निर्माण पूरा करने के बाद अब कानपुर सेंट्रल तक आखिरी 940 मीटर स्ट्रेच पर आगे बढ़ रही है।

आने वाले दिनों में इस मशीन के कानपुर सेंट्रल पहुंचते ही कॉरिडोर-1 की अप-लाइन टनल का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। डाउन लाइन पर विद्यार्थी टनल बोरिंग मशीन भी स्वदेशी कॉटन मिल से टनल निर्माण करते हुए झकरकटी स्टेशन पहुंच चुकी है। जल्द ही ड्रैगिंग प्रक्रिया पूरी होने के बाद यहां से कानपुर सेंट्रल तक टनल निर्माण करेगी। मंगलवार को यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने मेट्रो के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ झकरकटी और कानपुर सेंट्रल समेत कॉरिडोर-1 के स्टेशनों का दौरा किया और निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि इस कॉरिडोर के अंतर्गत करीब 08.60 किमी लंबे अंडरग्राउंड सेक्शन में चुन्नीगंज, नवीन मार्केट, बड़ा चौराहा, नयागंज, कानपुर सेंट्रल, झकरकटी और ट्रांसपोर्ट नगर कुल 7 अंडरग्राउंड स्टेशन हैं।

# बिल्हौर एसीपी ने विषधन गांव में लगभग 100 किलो मांस के टुकड़े सहित चार को गिरफ्तार किया





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर सहायक पुलिस आयुक्त ने मुखबिर की सूचना पर बिषधन गांव में भारी पुलिस बल के साथ छापेमारी की एक खंडहरनुमा मकान के कमरे में लगभग 100 किलो मांस के टुकड़े और काटने औजार और कांटा बांट भी मिला बिल्हौर थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज और ककवन थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार गुप्ता टीम ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ग्राम रहीमपुर विषधन खेडा चौकी विषधन पहुंचकर एवं गोवध के अभियुक्तगण 1.समीन पुत्र पप्पू ग्राम रहीमपुर विषधन खेडा थाना ककवन 2 सहनवाज पुत्रलाखन नि ग्राम रहीमपुर विषधन खेडा थाना ककवन 3.साहिल पुत्र बाबा उर्फ आरिफ निवासीग्राम बांगरमऊ जनपद उन्नाव व 4.साबिरअली पुत्र लाखन निवासीग्राम रहीमपुर विषधन खेडा थाना ककवन कानपुर नगर के कब्जे से लगभग 100 किलो गौवश मांस व गौवश काटने के उपकरण सहित बरामद कर गिरफ्तार किया गया जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं 59/2025 धारा 3/5/8 गौ हत्या निवारण अधिश व धारा 4/25 आर्मस् एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता, उ0नि0 देवेश मोहन, उनि अतुल कुमार, हे.का.विमल कुमार, हेका.मानवेन्द्र सिंह, का.शेखर चाहर थाना ककवन कमि0 कानपुर नगर सूचना पर पहुंचे विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने आरोपियों पर सख्त कार्यवाही करने के दिए निर्देश।

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में जहां-जहां पर बबूल के बन है वहां पर वन विभाग के कर्मचारी तो पहुंच नहीं पाते हैं लेकिन उन क्षेत्र में पाए जाने वाले गोवंश जंगली सूअर हिरण आदि का शिकार किया जाता है । वहीं पर देर सबेर ट्रिपाल लगी हुई पिकअप छोटी गाड़ियों में मांस लाद कर आराम से गंतव्य स्थान को पहुंचाया जाता हैं आखिरकार छोटी गाड़ियों को दिन में कोई चेक करने वाला नहीं है अगर सटीक कोई सूचना मिल जाए तो अलग बात है वरना यह लोग आसानी से अपने गंतव्य को माल पहुंचा देते हैं ककवन थाना क्षेत्र के बिषधन में पकड़ा गया यह गोवंश का मांस कोई एक दिन में नहीं तैयार हो गया है क्षेत्र में जंगलों में जाल फैला हुआ है। बाजार में सब्जी खरीदने गया किसान अगर मोटरसाइकिल से गया है तो उसका जरूर चालान कर दिया जाता है क्योंकि वह सबसे बड़ा अपराधी है क्षेत्र में अपराध वही कर रहा है। पुलिस उसे किसान को समझती है कि ऊपर से आदेश है चालान हमको करना ही है। अब हजार रुपए के चालान के लिए किसान कोर्ट कचहरी और वकील के चक्कर लगाना शुरू कर देता है।

# बिल्हौर के संविलियन विद्यालय गोहलियापुर में खंड शिक्षा अधिकारी ने समरकैंप का किया उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



तहसील क्षेत्र के संविलियन विद्यालय गोहलियापुर में ग्रीष्मकालीन समर कैंप का भव्य उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न रचनात्मक एवं शारीरिक विकास से संबंधित गतिविधियों की शुरुआत की गई। विद्यालय में बड़े खेल मैदान की अनुपलब्धता के कारण खेल-कूद की गतिविधियाँ पास के फौजी तिराहा स्थित मैदान (विद्यालय से 1 किमी दूर) में आयोजित की जा रही हैं। यहाँ कोच इन्शु एवं विद्यालय के पूर्व छात्र शिवम गोपाल और प्रांशु द्वारा बच्चों को कबड्डी, गोला फेंक, दौड़, कुश्ती, हाई जंप जैसी खेल प्रतियोगिताओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही विद्यालय की सहायक अध्यापिका श्रीमती आशा कटियार द्वारा बच्चों को ऑनलाइन पेंटिंग का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। शैक्षिक मित्र वंदना कटियार एवं विजयलक्ष्मी बच्चों को योगाच्यास की विधियाँ सिखा रही हैं। समर कैंप के उद्घाटन समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार, शशांक द्विवेदी, मानदवी सिंह सहित विद्यालय के कई पूर्व छात्र उपस्थित रहे।

## गोविंदपुरी स्टेशन में दिखेगा ऑपरेशन सिंदूर के वीरों का शौर्य

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** गोविंदपुरी स्टेशन के लोकार्पण कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की झलक दिखेगी। 22 मई को होने वाले आयोजन को रेलवे ने सेना की वीरता को समर्पित किया है। बच्चे वीर सैनिकों को समर्पित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। सेना के वीरों को दर्शाती चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 मई को गोविंदपुरी सहित 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का वर्चुअली लोकार्पण करेंगे। सेंट्रल स्टेशन के निदेशक आशुतोष सिंह ने बताया कि चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

## आतंक के विरुद्ध अडिग संकल्प राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस

**राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस हमें जगा देता है कि हमारी युवा पीढ़ी को वैचारिक और नैतिक बल से लैस करना होगा। हमें उन्हें सहिष्णुता, संवाद और विविधता के सम्मान जैसे मूल्यों का पाठ पढ़ाना होगा। माता-पिता, शिक्षक और समुदाय के अगुवाओं का यह दायित्व है कि वे युवाओं को हिंसा और असहिष्णुता की ज़हरीली विचारधाराओं से बचाएँ। हम एक ऐसा समाज रचें, जहाँ संवाद की मशाल जलती हो और सह-अस्तित्व की सुगंध बिखरे, ताकि आतंकवाद की काली छाया को हमेशा के लिए मिटाया जा सके।**

*21 मई का दिन भारत के इतिहास में एक ऐसी तारीख है, जो दुख की स्याही से लिखी गई, मगर शांति, एकता और आतंकवाद के खिलाफ अडिग संकल्प की ज्योति जलाती है। 1991 में तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में हुए एक क्रूर आत्मघाती हमले ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जैसे दूरदर्शी नेता को हमसे छीन लिया। इस हृदयविदारक त्रासदी ने न केवल एक परिवार को तोड़ा, बल्कि आतंकवाद की विनाशकारी शक्ति को उजागर कर राष्ट्र की प्रगति और शांति को चुनौती दी। इस दुखद स्मृति को जीवित रखने और आतंकवाद के वीभत्स चेहरे से समाज को आगाह करने के लिए भारत सरकार ने इस दिन को राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लिया। यह दिन हमें अतीत के ज़ख्मों को सहलाने का मौका देता है, साथ ही एकजुट होकर वैचारिक और सामाजिक स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा देता है, ताकि हम एक सुरक्षित, समृद्ध और समावेशी भारत का स्वप्न साकार कर सकें। आतंकवाद एक ऐसी वैश्विक बीमारी है, जो न तो सीमाओं को मानती है, न ही धर्म, जाति या संस्कृति को। यह केवल भय, हिंसा और अस्थिरता का जाल बुनता है, जो समाज की नींव को कमजोर करता है। भारत जैसे विविधतापूर्ण और लोकतांत्रिक देश के लिए आतंकवाद एक ऐसी चुनौती रहा है, जिसने बार-बार इसकी एकता और अखंडता को परखा है। पंजाब में खालिस्तानी उग्रवाद, जम्मू-कश्मीर में अलगाववादी गतिविधियाँ, उत्तर-पूर्वी राज्यों में विद्रोही आंदोलन और नक्सलवाद के रूप में आतंकवाद ने विभिन्न रूपों में देश को आघात पहुँचाया है। ये सभी गतिविधियाँ न केवल निर्दोष लोगों की जान लेती हैं, बल्कि सामाजिक समरसता, आर्थिक प्रगति और राष्ट्रीय एकता को भी चोट पहुँचाती हैं। आतंकवाद का यह विषैला प्रभाव समाज में अविश्वास और भय का माहौल पैदा करता है, जिससे देश का विकास अवरुद्ध होता है। राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस हमें अतीत की त्रासदियों से सबक लेकर भविष्य को सुरक्षित बनाने की प्रेरणा देता है। यह दिन सिखाता है कि आतंकवाद के खिलाफ जंग केवल सुरक्षा बलों की नहीं, बल्कि हर नागरिक की साझा जिम्मेदारी है। स्कूलों, कॉलेजों, कार्यालयों और सामाजिक संगठनों में आयोजित शपथ समारोह, जागरूकता अभियान, सेमिनार और रैलियाँ हमें हिंसा का विरोध करने, सांप्रदायिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का संकल्प दिलाती हैं। यह शपथ महज औपचारिकता नहीं, बल्कि एक गहरी नैतिक प्रतिबद्धता है, जो हमें विचारों, संवाद और एकजुटता के साथ आतंकवाद का मुकाबला करने का आह्वान करती है। राजीव गांधी की हत्या एक ऐसी घटना थी, जिसने भारत के आधुनिकीकरण और प्रगति के स्वप्न को गहरा आघात पहुँचाया। वे एक ऐसे नेता थे, जिन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी और संचार क्रांति के माध्यम से भारत को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान दिलाने का सपना देखा था। लेकिन एक आत्मघाती हमले ने न केवल उनके जीवन को समाप्त किया, बल्कि करोड़ों भारतीयों की आशाओं को भी झटका दिया। यह घटना हमें यह सिखाती है कि आतंकवाद केवल शारीरिक हिंसा नहीं, बल्कि एक ऐसी मानसिकता है, जो समाज को तोड़ने और प्रगति को रोकने का काम करती है। उनकी मृत्यु ने यह स्पष्ट किया कि आतंकवाद का दंश कितना गहरा और अमानवीय हो सकता है। डिजिटल युग में आतंकवाद ने नई चालें रची हैं, जहाँ सोशल मीडिया और इंटरनेट के ज़रिए कट्टरपंथी विचारधाराएँ और भ्रामक प्रचार पंख फैलाते हैं।*

### एक्सप्रेस आलेख

**हैरानी की बात यह है कि इस समय पाकिस्तान पर करीब 21.6 लाख करोड़ रुपये का सार्वजनिक कर्ज है। ये पाकिस्तान की कुल जीडीपी का 67 प्रतिशत है। वहां पर महंगाई सातवें आसमान पर है। वहां पर बहुत बड़ी आबादी भुखमरी का शिकार है। पाकिस्तान की जनता ने भारत से गलत तरीके से युद्ध करने पर वहां की सरकार से हिसाब मांगना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान का एक प्रांत बलूचिस्तान आग की ज्वाला में धधक रहा है। वहां की बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने पाकिस्तान की फौज पर हमला कर खदेड़ दिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव व संघर्ष के दौरान भी बीएलए ने पाकिस्तान की आर्मी पर अनेक हमले किए हैं।**

## गाजा पट्टी से भी ज्यादा बदहाली की ओर पाकिस्तान


डॉ. अनिल कुमार निगम

**बलूच नेता मीर यार ने तो यहां तक ऐलान कर दिया है कि बलूचिस्तान अब पाकिस्तान का हिस्सा ही नहीं है, अब वह आजाद है। उन्होंने इसमें भारत सरकार से भी मदद करने की अपील की है। पाकिस्तान का झूठ, फरेब, विश्वासघाती और बहुरूपिया चरित्र सभी के सामने आ गया है।**

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की हालत आगे कुआं, पीछे खाई वाली हो गई है। वह अपनी आंतरिक समस्याओं के अलावा एक साथ कई समस्याओं से जूझ रहा है। इजराइल ने फिलिस्तीन में आतंकी संगठन हमास के ठिकाने गाजा पट्टी को तबाह किया, लेकिन भारत को पाकिस्तान को पूरी तरह से तबाह करने की जरूरत नहीं पड़ी। ऑपरेशन के बाद से पाकिस्तान के हालात बहुत तेजी से बदल रहे हैं। उसकी स्थिति गाजा पट्टी से ज्यादा खराब और दयनीय होने वाली है। भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ की गई सैन्य, कूटनीतिक, व्यापारिक और द्विपक्षीय कार्रवाई के बाद वह अपने ही द्वारा बुने गए जाल में उलझ गया है। इसका त्वरित प्रभाव में दिखने लगा है और उसने भारत के जल शक्ति मंत्रालय से सिंधु जल संधि पुनः बहाल करने की गुहार भी लगा दी है। वह दिन दूर नहीं जब पाकिस्तान भूख और प्यास से चिल्लाता हुआ आएगा और भारत के साथ मित्रवत व्यवहार करने की कसमें भी खाएगा। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या पाकिस्तान के घड़ियाली आंसुओं पर भारत को कभी भी भरोसा करना चाहिए क्या भारत को सिंधु जल संधि को बहाल करने पर पुनर्विचार करना चाहिए क्या भारत को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को वापस लिए बिना किसी भी तरह की रियायत देनी चाहिए। मैं कहूंगा कि बिलकुल नहीं। पाकिस्तान पूरी तरह से अविश्वनीय, दुष्ट, विश्वासघाती और अमानवीय प्रकृति का देश है। उसे पाकिस्तान की जगह आतंकिस्तान कहना ही बेहतर होगा। पाकिस्तान की हालत गाजा पट्टी से बदतर क्यों हो जाएगी, इसके कई कारण हैं। ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को धूल चटाने के पहले भारत ने पाकिस्तान पर सिंधु जल संधि निलंबन, वीजा रोक, हवाई-व्यापार बंदी जैसे पांच बड़े प्रतिबंध लागू किए थे। दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम के बावजूद ये प्रतिबंध लागू हैं। वास्तविकता तो यह है कि भारत के इस संधि से अलग होने पर पाकिस्तान की 80 प्रतिशत कृषि भूमि को पानी नहीं मिल रहा। पाकिस्तान की बेचैनी अभी और बढ़ेगी। इसलिए आगे भी भारत को इन्हें प्रतिबंधों को लागू रखना चाहिए। पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में ड्रैगन (चीन निर्मित) के विमान जेएफ 17 और पीएल 15 मिसाइल का इस्तेमाल किया, उनको भारतीय



**भारत को इतनी मशक्कत तो नहीं करनी पड़ेगी क्योंकि पाकिस्तान अपने चरित्र और कर्म के चलते बिखर रहा है लेकिन भारत को पाकिस्तान की चालाकी और धूर्तता पर कड़ी नजर रखते हुए वैश्विक स्तर पर उसकी असलीयत को उजागर करते रहना पड़ेगा।**

वायुसेना ने धराशायी कर दिया। इसके चलते वैश्विक समुदाय के समक्ष चीन के सैन्य साजो सामान की घटिया गुणवत्ता का एक्सपोजर हो गया है। इससे पाकिस्तान के साथ ही चीन को भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा और जो चीन विश्व के गरीब देशों को हथियार बेच सकता था, उस मोर्चे पर चीन को भी काफी निराशा हाथ लगी है। भारत के पहलगाम में आतंकी हमला, ऑपरेशन सिंदूर पर पलटवार करने के बाद हर मोर्चे पर मुंह की खाने के बाद पाकिस्तान का झूठ वैश्विक समुदाय के समक्ष आ गया है। इसके अलावा ऑपरेशन सिंदर में मारे गए आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तान की सेना का मौजूद होना और आतंकियों के ताबूतों को पाकिस्तान के झंडे में लपेटे जाने के बाद संपूर्ण विश्व को पता चल गया कि पाकिस्तान आंतकियों को पालने-पोषने वाला देश है। दूसरा, पाकिस्तान ने एक और झूठ का प्रचार किया कि भारत ने अफगानिस्तान को निशाना बनाकर मिसाइलें दागीं लेकिन इस मामले में अफगानिस्तान ने ही पाकिस्तान को झूठा साबित कर दिया। पाकिस्तान इस समय भीषण आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है। वह कटोरा लेकर कभी आईएमएफ, चीन अथवा अमेरिका के पास फंड लेने के लिए पहुंच जाता है। हैरानी की बात यह है कि इस समय पाकिस्तान पर करीब 21.6 लाख करोड़ रुपये का सार्वजनिक कर्ज है। ये पाकिस्तान की कुल जीडीपी का 67 प्रतिशत है। वहां पर महंगाई सातवें आसमान पर है। वहां पर बहुत बड़ी आबादी भुखमरी का शिकार है। पाकिस्तान की जनता ने भारत से गलत तरीके से युद्ध करने पर वहां की सरकार से हिसाब मांगना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान का एक प्रांत बलूचिस्तान आग की ज्वाला में धधक रहा है। वहां की बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने पाकिस्तान की फौज पर हमला कर खदेड़ दिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव व संघर्ष के दौरान भी बीएलए ने पाकिस्तान की आर्मी पर अनेक हमले किए हैं। बलूच नेता मीर यार ने तो यहां तक ऐलान कर दिया है कि बलूचिस्तान अब पाकिस्तान का हिस्सा ही नहीं है, अब वह आजाद है। उन्होंने इसमें भारत सरकार से भी मदद करने की अपील की है। पाकिस्तान का झूठ, फरेब, विश्वासघाती और बहुरूपिया चरित्र सभी के सामने आ गया है। वास्तविकता यह है कि गाजा पट्टी से हमास आतंकी समूह का सफाया करने के लिए इजराइल को उस पर लगातार बम बरसाकर और वहां की बिजली आपूर्ति बाधित करनी पड़ी।

### एक्सप्रेस कविता

*किसी के चाहने न चाहने से क्या फर्क पड़ता है। शायद यह गलतफहमी है कि किसी के पसंद न करने से आदमी, आदमी न रहकर छोटा जीव जंतु या चौपाया हो जाएगा। आपकी पसंदगी से आदमी भगवान हो जाएगा, या उसकी काया महामानव में रूपांतरित हो जाएगी। कुछ जरा सोचिए ?*

*ईश्वर ने मनुष्य का जन्म दिया है मानव बन कर संसार में आए हो तो अपनी बुद्धि और आत्मा को शुद्ध और ताजी हवा और विचारों के झोंकों से थोड़ा शुद्ध कर लो। किसी की पसंदगी या नापसंदगी से माननीय स्वरूप बदला नहीं करता, हां नापसंदगी विरोध और घृणा से मस्तिष्क में मनोरोग की व्याधि जरूर पैदा हो सकती है। व्यक्तित्व स्खलित भी हो सकता है। यदि कोई ऐसा सोचता हैं कि नापसंदगी से ईश्वर का दिया हुआ।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

*इंसान की नियत अगर साफ़ नहीं तो कितना भी बड़ा बनने की कोशिश करे छोटा ही रहेगा।*

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | नवमी 27:20 तक |
| नक्षत्र: | शतभिषा 18:45 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | बुधवार |
| योग: | वैधृति, 24:22 |
| सूर्योदय: | 05:36 |
| सूर्यास्त: | 18:44 |
| चंद्रमा: | कुम्भ राशि में |
| राहुकाल: | 12:10-13:49 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | ज्येष्ठ |
| शुभ मुहूर्त: | कोई नहीं |

## जन एक्सप्रेस

### नाम था सिंदूर !

*घुस कर कार्रवाई।*
*किया बड़ा है काम ।।*
*हिला पाकिस्तान।*
*मिला बड़ा पैगाम ।।*
*सफल ऑपरेशन।*
*नाम था सिंदूर ।।*
*धुआं धुआं पाकिस्तान।*
*सेवा है भरपूर ।।*
*हुआ बदला पूरा।*
*अड्डे किए तबाह ।।*
*सामने जो मंजर।*
*है उसके गवाह ??।।*
*है अभी शुरुआत ये।*
*करना बहुत बाकी ।।*
*रोना धोना चालू है।*
*ना लगी चालाकी ।।*


- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## केले के पेस्ट को बालों में लगाने के फायदे

**अक्सर** लोग बालों को झड़ने, टूटने और रूखेपन की समस्या से परेशान रहते हैं। ऐसे में बालों से जुड़ी समस्याओं से राहत के लिए अक्सर लोग बहुत से उपायों को अपनाते हैं, जिनमें से एक है केला। केले में बहुत से गुण पाए जाते हैं। ऐसे में इसके पेस्ट को बालों में लगाने से बालों को कई तरह के लाभ मिलते हैं और बालों की कई समस्याएं दूर होती हैं। केले में अच्छी मात्रा में प्रोटीन, पोटैशियम, सिलिका, मैग्नीशियम, विटामिन-सी, ई और एंटी-ऑक्सीडेंट्स के गुण पाए जाते हैं, जो बालों के लिए फायदेमंद है। इसको बालों में लगाने से बालों की कई समस्याओं से बचाव कर, इनको हेल्दी और शाइनी बनाए रखने में मदद मिलती है।



**बालों को मॉइस्चराइज करे:** केले में नेचुरल मॉइस्चराइज होता है। ऐसे में इसको बालों पर लगाने से बालों को नेचुरल रूप से मॉइस्चराइज करने में मदद मिलती है, जिससे बालों का रूखापन दूर होता है और बाल स्मूद नजर आते हैं, साथ ही, इससे बाल हेल्दी बने रहते हैं।

**बालों को सॉफ्ट और शाइनी बनाए:** केले में विटामिन-ई और सी जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। ऐसे में इसको बालों और स्कैल्प पर लगाने स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर करने में मदद मिलती है, जिससे बालों को नेचुरली शाइनी बनाने के साथ-साथ इनकी ग्रोथ को बढ़ावा देने में मदद मिलती है।

**डैंड्रफ से दे राहत:** केले में एंटी-ऑक्सीडेंट्स के गुण पाए जाते हैं, साथ ही, इसमें बहुत से पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसको स्कैल्प पर लगाने से डैंड्रफ की समस्याओं से राहत देने में मदद मिलती है।

**बालों को झड़ने से रोके:** केले में अच्छी मात्रा में पोटैशियम जैसा पोषक तत्व और एंटी-ऑक्सीडेंट्स के गुण पाए जाते हैं। ऐसे में इसके हेयर मास्क को स्कैल्प पर लगाने से स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर कर बालों को झड़ने से रोकने और बालों की ग्रोथ को बढ़ावा देने में मदद मिलती है, जो बालों की हेल्थ के लिए फायदेमंद है।

**स्कैल्प की खुजली से दे राहत:** केले में मॉइस्चराइजिंग गुण पाए जाते हैं। ऐसे में केले के हेयर मास्क को स्कैल्प पर लगाने से डैंड्रफ की समस्या से राहत देने, स्कैल्प और बालों को मॉइस्चराइज करने और स्कैल्प की खुजली से राहत देने में मदद मिलती है।

**बालों को बनाए हेल्दी:** केले के मास्क को बालों पर लगाने से बालों को टूटने से रोकने, बालों को स्मूद बनाने, स्कैल्प को हेल्दी बनाने और बालों को हेल्दी बनाए रखने में मदद मिलती है। इससे बालों को टूटने से भी बचाव करने में भी मदद मिलती है।


**कैसे बनाएं केले का हेयर मास्क:** इसके लिए पके केले को अच्छे से मैश कर लें। अब इसको शहद को अच्छे से मिला लें। अब इसको स्कैल्प पर मसाज करते हुए लगाएं और 15-20 मिनट के लिए लगाकर छोड़ दें। अब थोड़ी देर बाद बालों को अच्छे से धो लें। इससे बालों को हेल्दी बनाए रखने और बालों के रूखेपन को दूर करने में मदद मिलती है।

**निष्कर्ष:** बालों में केले को मैश करके लगाने से बाल हेल्दी रहते हैं। केले में अच्छी मात्रा में पोटैशियम और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्वों के साथ-साथ एंटी-ऑक्सीडेंट्स के गुण पाए जाते है। ऐसे में इसके केले को बालों पर लगाने से बालों की ग्रोथ को बढ़ाना देने, बालों को झड़ने से रोकने, बालों के रूखेपन को दूर कर शाइनी और सॉफ्ट बनाने में मदद मिलती है।

### एक्सप्रेस विशेष

## एक ब्रह्म दूसरा कुछ भी नहीं

**छान्दोग्य उपनिषद में नारद को सनत् कुमार ने बताया था, यह सब भूमा ही है। भूमा यहां संपूर्णता का पर्याय है। ऋषि नारद से कहते हैं, जहां संपूर्णता है, वहीं सुख है। जहां अल्पता है, वहीं दुख है। उत्तर वैदिक काल के ऋषियों के चित्त में बार बार गूंजने वाला ब्रह्म यही है। इसीलिए उपनिषदों की ही परंपरा में गीता में कहते हैं, ब्रह्म हमारे सामने हैं। ब्रह्म हमारे पीछे हैं। ब्रह्म हमारे दाएं हैं।**


हृदयनारायण दीक्षित

**ब्रह्मसूत्र में बादरायण ने भूमा के लिए कहा है, भूमा वही है। वही माने ब्रह्म। फिर कहा है, पुरुष भी वही है। आचार्य शंकर की यह बात ठीक है कि केवल ब्रह्म सत्य है और यहां जो भी दिखाई पड़ने वाला तत्व है, वह व्यर्थ है। इस व्यर्थ में सारे प्रत्यक्ष देवता, देवताओं से सम्बंधित ज्ञान भी सम्मिलित है।**

**संसार** अस्तित्व का अंग है और अंतःकरण से समझा जाता है। अंतःकरण भौतिक होता है। इसमें आकाश, वायु, अग्नि, जल, और पृथ्वी पांचो भूत हैं। अंतःकरण निद्राकाल छोड़कर हमेशा चंचल रहता है। यह समस्त इंद्रियों के प्रपंचों का स्थान है और इंद्रियों की सीमा से भिन्न है। अंतःकरण ही सांसारिक विषयों के संपर्क में रहता है। यह वाह्य इंद्रियों से प्राप्त विषयों को ग्रहण करता है। उन्हें व्यवस्थित करता है। अंतःकरण में विषयों के संपर्क से आकृतियां बनती हैं। अंतःकरण की चार आकृतियां मानी जाती हैं-अनिश्चय, निश्चय, आत्मचेतन और स्मरण। जब अंतःकरण संशय की स्थिति में होता है तब इसे 'मन' कहते हैं। जब यह निश्चय की स्थिति में होता है तब इसे बुद्धि कहते हैं। आत्मचेतन की स्थिति में इसे अहंकार कहते हैं। स्मरण की स्थिति में इसे चित्त कहते हैं। जीव का साक्षी तत्व चैतन्य है। वह तटस्थदृष्टा है। इसमें दिखाई पड़ने वाली सक्रियता आभास है। सक्रियता अंतःकरण का स्वभाव है। साक्षी अंतःकरण की वृत्ति का निष्क्रिय दर्शक है। यह भौतिक तत्व नहीं है। जीव भौतिक और अभौतिक तत्वों का योग है। जीव ज्ञाता है और ज्ञेय भी है। अद्वैत वेदांत का ब्रह्म सिद्धांत रोचक है। रस्सी को सांप समझकर डरना तब तक भ्रम है जब तक वास्तविकता का पता नहीं चलता। शंकराचार्य ने कहा कि, भ्रम में भी कोई बाह्य अर्थ जरूर होता है। वह ज्ञान और ब्रह्म की विषय वस्तु को भिन्न मानता है। वास्तविक वस्तु का ज्ञान भी निर्णायक नहीं है। असली बात समय से जुड़ी हुई है। शंकराचार्य के आलोक में देखें तो किसी वस्तु के सम्बंध में भ्रम और वास्तविक ज्ञान के बीच में समय का अंतर है। दोनों अनित्य हैं। अल्पकालिक हैं। प्रत्यक्ष के लिए प्रमाण की जरूरत नहीं होती। अद्वैतवाद की प्रमाण मीमांसा व्यवहारिक जीवन के लिए है। आत्मा या ब्रह्म प्रमाणों का विषय नहीं है। शंकराचार्य ने कहा है, प्रत्यक्ष सहित सभी प्रमाण और सभी शास्त्र अविद्या में हैं। शास्त्र तथा अन्य प्रमाणों का उपयोग अविद्या का आवरण हटाने के लिए है। कोई भी साक्ष्य या प्रमाण भावनात्मक रूप में ब्रह्म का बोध नहीं करा सकते। सत्य पर अविद्या का आवरण है। वही आवरण हटता है। ब्रह्म अपने आप प्रकट हो जाता है। शंकराचार्य के अनुसार ज्ञान हमेशा ज्ञाता और उसके बाहर की ओर दिखाई पड़ता है। बाह्य अर्थ का निषेध करते ही ज्ञान असंभव हो जाता है। ब्रह्म के समय प्राप्त ज्ञान विशेष प्रकार का होता है और व्यक्तिगत होता है। लेकिन वास्तविक ज्ञान सार्वभौम होता है। ब्रह्म की संपूर्ण विषयवस्तु अनुभव प्राप्त होने तक रहती है। अस्थाई होती है। ज्ञान की विषयवस्तु स्थाई होती है। शंकराचार्य व्यवहारिक वस्तुओं की सत्ता को स्वीकार करते हैं। उनकी दृष्टि में प्रतीति का अर्थ अस्तित्ववान होना है। शंकराचार्य के अनुसार ब्रह्म एकमात्र सत्य है। उसकी व्याख्या नहीं हो सकती। उसका कोई गुण नहीं। इसलिए कोई लक्षण नहीं। इसलिए उसे विचार का विषय नहीं बनाया जा सकता। विचार करने के लिए आवश्यक है कि विचारणीय विषयवस्तु का कोई गुण होना चाहिए। कोई लक्षण होना चाहिए। कठिनाई बड़ी है। ब्रह्म का विवेचन करें तो कैसे करें? इसलिए ब्रह्म का विवेचन निषेध पद्धति से ही संभव है। कुछ कुछ यही बात पश्चिमी दार्शनिक स्पिनओजा ने ईश्वर के सम्बंध में कही हैं, ईश्वर का वर्णन निषेधात्मक होता है। जैसे आत्मा के बारे में गीता में कहते हैं कि उसे आग जला नहीं सकती, शस्त्र उसे मार नहीं सकते, जल उसे भिगो नहीं सकता, हवाएं उसे सुखा नहीं सकती। वैसे ही भारतीय दर्शन का ब्रह्म है। ब्रह्म यहां निस्संदेह अनिर्वचनीय हैं, लेकिन वह अज्ञेय नहीं है। ब्रह्म का ज्ञानी ब्रह्म हो जाता है। उपनिषदों की घोषणा है अहम ब्रह्मास्मि। रामानुज और शंकराचार्य के अद्वैतवाद में थोड़ा अंतर है। शंकराचार्य के अनुसार ब्रह्म पारमार्थिक दृष्टि से निर्गुण है। व्यवहारिक प्रयोजनों की दृष्टि से सगुण है। रामानुज के अनुसार ब्रह्म केवल सगुण है और सविशेष है। शंकराचार्य का ब्रह्म व्यक्तित्व रहित है और अमूर्त है, लेकिन रामानुज का ब्रह्म एक व्यक्तित्व है और मूर्त है। महत्वपूर्ण बात यह है कि शंकराचार्य का ब्रह्म और ईश्वर एक नहीं है। वह ब्रह्म को सत मानते हैं और ईश्वर को ब्रह्म का स्वरूप, लेकिन रामानुज ब्रह्म और ईश्वर को एक ही मानते हैं। एक समय ब्रह्म और ईश्वर को लेकर काफी भेद की बातें चली थी। जीव को ईश्वर का अंश कहा जाता है। रामचरितमानस में कहते हैं, ईश्वर अंश जीव अविनाशी, लेकिन शंकराचार्य के अनुसार जीव का अंशत्व वास्तविक नहीं है। यह अविद्या जनित प्रतीति है। भारतीय चिंतन में ब्रह्म की व्यापक चर्चा है। यहां ब्रह्म को परमार्थिक अभौतिक जानकर निरस्त नहीं किया गया। अनेक तत्ववेत्ता, अनेक विवेचक, अनेक मत। महाभारत के यक्ष प्रश्नों के उत्तर में युधिष्ठिर यही कहते हैं। ऋग्वेद में एक देवता हैं अदिति। ऋषि प्रार्थना करते हैं, अदिति धरती हैं। अदिति आकाश हैं। अदिति अंतरिक्ष और परम व्योम हैं। अदिति हमारे माता-पिता हैं। अदिति हमारे पुत्र और पुत्री हैं। यहां सब कुछ अदिति ही हैं।

# भीषण लू से निपटने को प्रशासन अलर्ट, सभी विभागों को दिए गए निर्देश

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

जिले में बढ़ती गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। आमजन को सुरक्षित रखने के लिए जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागों को सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सभी विभागों को समन्वय बनाकर अपने-अपने क्षेत्र में विशेष उपाय करने के निर्देश मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग को अस्पतालों में गर्मी से जुड़ी बीमारियों के परीक्षण की समुचित व्यवस्था करने तथा ओआरएस का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही हीट वेव के कारण मृत्यु की स्थिति में स्टैंडर्ड प्रोटोकॉल अपनाने के निर्देश भी शामिल हैं।नगर पालिका और नगर पंचायत विभाग को सार्वजनिक स्थलों पर छायादार स्थल, प्याऊ व ठंडे पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। प्रमुख चौराहों और मंदिरों पर नियमित जल छिड़काव की व्यवस्था भी की जाएगी। श्रम विभाग को मजदूरों के कार्यस्थलों पर लचीले कार्य समय के साथ-साथ जागरूकता शिविर लगाने, स्वच्छ पेयजल और स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था करने को कहा गया है। पशुपालन विभाग को गौशालाओं में छाया और पानी की व्यवस्था के अलावा पशुपालकों को जागरूक करने की जिम्मेदारी दी गई है। आईटी विभाग को हीटवेव मॉनिटरिंग के लिए डैशबोर्ड और मोबाइल ऐप तैयार करने का कार्य सौंपा गया है, ताकि बल्क एसएमएस व आवश्यक सूचनाएं समय पर जनसामान्य तक पहुंचाई जा सकें। शिक्षा विभाग को स्कूलों में पेयजल, छाया, समय परिवर्तन और आउटडोर गतिविधियों पर रोक लगाने को कहा गया है। पंचायत राज और मनरेगा विभाग को मजदूरों की सुरक्षा के लिए कार्यस्थलों पर सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश मिले हैं। साथ ही अग्निशमन विभाग को संसाधनों की समीक्षा, जनजागरूकता और मॉकड्रिल करने को कहा गया है। सिंचाई, ऊर्जा, पर्यटन, वन और परिवहन विभागों को भी ठोस उपाय अपनाने के निर्देश दिए गए हैं।

# सिद्ध बाबा मंदिर में सिपाही की अभद्रता से आस्था आहत

## वीडियो वायरल होने के बाद बवाल

### जूते पहनकर मंदिर में घुसा सिपाही, श्रद्धालुओं व महंत से की बदसलूकी, हिंदू संगठनों में रोष

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**





टाइगर रिजर्व क्षेत्र में स्थित प्राचीन सिद्ध बाबा मंदिर में सोमवार को एक वर्दीधारी सिपाही द्वारा मंदिर परिसर की गरिमा भंग करने की घटना सामने आई। मंदिर में जूते पहनकर घुसे सिपाही ने विरोध करने पर श्रद्धालुओं और संतों से अभद्रता की, जिसका वीडियो वायरल होने के बाद जिले में तीव्र प्रतिक्रिया देखी जा रही है।जानकारी के अनुसार, यह मंदिर माधौटाडा मार्ग पर स्थित है, जहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं और सैकड़ों भंडारे आयोजित होते हैं। इसी मंदिर में एक सिपाही ने जूते पहनकर प्रवेश किया और विरोध करने पर सेवा में लगे महंत सेवादास व अन्य श्रद्धालुओं से अभद्र व्यवहार किया। वन विभाग के कर्मचारियों ने जब सिपाही को टोका तो वह उनसे भी उलझ गया और हाथापाई पर उतर आया। बाद में अन्य पुलिसकर्मियों के हस्तक्षेप से उसे वहां से हटाया गया। वीडियो में यह स्पष्ट देखा गया कि सिपाही की वर्दी पर नाम पट्टिका भी नहीं थी। घटना के बाद हिंदू संगठनों में भारी आक्रोश है और प्रशासन से सिपाही के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है। श्रद्धालुओं ने कहा कि सिद्ध बाबा मंदिर आस्था का केंद्र है और इसकी गरिमा को ठेस पहुंचाना किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन से मांग की गई है कि मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था सख्त की जाए और दोषी सिपाही पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

# ग्रामीण सड़कों की जमीनी हकीकत जानने निकला प्रशासन, कई मार्ग बेहद जर्जर मिले

### प्रस्तावित कार्यों में गंभीर अनदेखी, जल्द सुधार के निर्देश




**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

जिले में लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तावित सड़क पुनर्निर्माण कार्यों की स्थिति को परखने के लिए जिला प्रशासन की टीम ने सोमवार को अमरिया और सदर तहसील क्षेत्र में कई मार्गों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकांश मार्ग बेहद जर्जर स्थिति में पाए गए। गांधीग्राम से बिलगवां संपर्क मार्ग की कुल लंबाई 2.8 किमी है, जिसमें से केवल 1 किमी मार्ग ही कार्ययोजना में शामिल किया गया। निरीक्षण के समय यह हिस्सा गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त मिला। वहीं, शाही रेलवे फीडर मार्ग की कुल लंबाई 1.07 किमी है, जिसमें से 0.295 किमी मार्ग को मरम्मत हेतु रखा गया था, लेकिन यह भी अत्यंत खराब अवस्था में पाया गया। इसके अलावा नाद पसियापुर संपर्क मार्ग, जिसकी लंबाई मात्र 0.45 किमी है, संपूर्ण रूप से कार्ययोजना में है, फिर भी उसकी स्थिति बदतर पाई गई। निरीक्षण में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी प्रस्तावित मार्गों का शीघ्र मरम्मत कार्य प्रारंभ किया जाए, जिससे ग्रामीणों को राहत मिल सके।

# पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने लखनऊ में लिया दो दिवसीय प्रशिक्षण

- स्वच्छ भारत मिशन के विभिन्न पहलुओं पर विशेषज्ञों से मिली महत्वपूर्ण जानकारी

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने लखनऊ स्थित क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केंद्र (ऋष्टश्वस्) में आयोजित स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से आए नगरीय निकायों के अध्यक्षों को स्वच्छता अभियान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ व क्रियान्वयन तकनीकें सिखाई गईं।प्रशिक्षण के पहले दिन सहायक निदेशक डॉ. नसरुद्दीन ने स्वच्छ भारत मिशन की रूपरेखा और प्रावधानों पर विस्तार से जानकारी दी। संयुक्त निदेशक डॉ. राजीव नारायण ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, डोर टू डोर कलेक्शन और कचरा पृथक्करण पर आधारित प्रस्तुतिकरण दिया। एनवायरनमेंट एक्सपर्ट अखिलेश सिंह ने एफएसएसएम (फीकल स्लज एंड सेप्टेज मैनेजमेंट) एवं सुरक्षा प्रबंधन, यूज़्ड वॉटर मैनेजमेंट और उसके पुनः उपयोग पर जानकारी साझा की। वहीं डॉ. एसडी सिंह ने एमआरएफ (मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी), लिगेसी वेस्ट मैनेजमेंट और प्लास्टिक कचरा प्रबंधन की व्यावहारिक विधियों पर चर्चा की। हिमांशु चंद्र द्वारा गार्बेज फ्री सिटी के मानकों पर प्रकाश डाला गया और पीपीपी(पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल के अंतर्गत स्वच्छता योजनाओं के क्रियान्वयन की रणनीतियाँ साझा की गईं। कार्यक्रम के समापन सत्र में डॉ. राजीव नारायण ने संपूर्ण मिशन के सफल क्रियान्वयन पर एक सामूहिक परिचर्चा का संचालन किया।

प्रशिक्षण के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के विभिन्न नगर पालिकाओं के अध्यक्ष भी उपस्थित रहे।

पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अत्यंत लाभकारी रहा और इससे प्राप्त अनुभवों को नगर की स्वच्छता व्यवस्था में प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा।

# प्राण घातक हमला कर विपक्षी रेप केस में फसाने की दे रहे हैं धमकियां

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



**गांव में एक घर होने का फायदा उठा रहे हैं विपक्षी सुलह न करने को अंजाम भुगतने को ऐलानिया कह रहे हैं विपक्षी**

पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में ग्राम रारी थाना नीमगांव जनपद लखीमपुर खीरी की रहने वाली पीड़िता नसरीन बानो ने बताया है की उसके घर के पास रहने वाले कमाल पुत्र अजीज शराब के नशे में आएं दिन प्रताड़ित करता है।एक बार रूपए उधार मांगने पर मना करने पर पीड़िता के गन्ने की फसल काटकर क्षतिग्रस्त कर चुका है। उसके बाद पीड़िता के पुत्र पर हंसिए से प्राणघातक हमला कर चुका है।इससे पूर्व सामान उधार न देने पर पीड़िता की परचून का खोखा व छप्पर भी जला चुका है गांव के संभ्रांत व्यक्तियों द्वारा मामले को समझा बुझाकर शांत कर दिया जाता था।

झगड़े का मेन कारण पीड़िता का पूरे गांव में नाई बिरादरी का एक ही मकान होना एवं पठान बिरादरी का अधिक होना विपक्षी पठान विरादरी का होना जो पीड़िता के परिजनों को सदैव दबाव में रखना चाहते हैं। पीड़िता का अच्छा खाना पीना रहन सहन विपक्षी को फूटी आंख नहीं भाता जिसका परिणाम घटना दिनांक 16. मई.2025 को शाम 7 बजकर 30 मिनट पर पीड़िता का पुत्र समय्यद्दीन अपनी दुकान के सामने चारपाई पर बैठा था तभी विपक्षी कमाल पीड़िता के पुत्र से कहने लगा साले नौवें मेरे पैर दबा मेरी मालिश कर गंदी गंदी गालियां देने लगा पीड़िता के पुत्र ने विरोध किया तो विपक्षी ने फावड़े से प्राण घातक हमला कर दिया पीड़िता के पुत्र का सर फट गया जिससे वह वहीं पर बेहोश होकर गिर गया गांव लोगों द्वारा नीमगांव थाने ले गये जहां पर तहरीर लेकर मेडिकल कराकर एडमिट कराया। चोट इतनी गम्भीर थी पीड़िता के पुत्र को 27 टांके लगे जो वर्तमान समय में जिला मुख्यालय में एडमिट है विपक्षी द्वारा किए गए प्रहार से पीड़िता के पुत्र की जान जाते जाते बची है। जिसकी अगले दिन दिनांक 17. मई.2025 को पुलिस ने एफआईआर दर्ज की अपने को फंसता देख विपक्षी ने पीड़िता पर सुलह के लिए दबाव बनाया लगातार घटना पर घटना घटित करने वाले विपक्षी से पीड़िता सुलह करने से मना कर दिया जिसके तहत विपक्षी द्वारा अपनी पत्नी सिद्धों के कपड़े फाड़ते हुए पीड़िता के परिजनों से ऐलानियां कहा कि सुलह नहीं करोगे तो रेप में तेरा पुत्र तेरा पति और तुम्हारे बचाव में जो भी उतारेगा उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराऊंगा जिससे पीड़िता काफी भयभीत हैं।गन्ने की फसल काटी गई पीड़िता शांत रही हशिये से पुत्र पर प्राण घातक हमला हुआ पीड़िता शांत रही परचून का खोखा जलाया गया पीड़िता शांत रही पुनः पुत्र पर फावड़े से जान से मारने की नियत से प्राण घातक हमला हुआ जिसकी पीड़िता के पुत्र ने एफआईआर क्या दर्ज करा दी है तो विपक्षी ऐलानियां कह रहे है दो कौड़ी के नाईयों ने पठानों से पंगा लिया मौत को दावत दी है।

अब 376 में जेल की हवा खाओ चाहे पुलिस में जितना भी रूपए भरना पड़े तुमने मेरे विरुद्ध एफआईआर दर्ज करके बहुत गलत किया है।

विपक्षी काफी दबंग व सर्कस किस्म का व्यक्ति है जो शराब के नशे में अपनी पत्नी का इस्तेमाल करके पीड़िता को किसी न किसी षड्यंत्र में फंसा सकता है चाल पर चाल चली जा रही है।

देखते है पुलिस मामले की जांच करा कर पीड़िता को न्याय दिलाती है की पीड़िता न्याय के लिए दर दर भटती रहेगी जो भविष्य के गर्भ में है।

# सड़क दुर्घटना में घायल की इलाज के दौरान हुई मौत

**जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी**

पढुआ थाना क्षेत्र के अन्तर्गत दिनांक 08.मई.2025 को हथियाबोझ निवासी रितेश अपने रिश्तेदार धर्मेंद्र कुमार के साथ शादी से वापस राइडर मोटर साइकिल से जा रहा था जैसे ही इन्द्रानगर के आगे हथियाबोझ के पहले पहुंचे तभी स्कूल के पास सड़क पर अचानक कुत्ता लड़ते हुए आ गए और मोटर साइकिल से टकरा गया जिससे दोनो लोग घायल हो गये जिसमे धर्मेंद्र को हल्की चोटे आई वह हेलमेट लगाए हुए था तथा पीछे बैठे रितेश को गम्भीर चोटे आई जिसे सी.एच.सी.निघासन ले गये जहा से डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया हालत गम्भीर होने के कारण मेडिकल कालेज लखनऊ ले जाया गया जहा दुर्घटना में आई चोटो के कारण इलाज के दौरान रितेश की म्रत्यु हो गई जिसका पोस्टमार्टम लखनऊ में कराया गया परिजनों का रो-रोकर हुआ बुरा हाल।

# एक्सप्रेस खबरें...

## सिलेंडर ब्लास्ट होने से लगी आग, घर का सामान जलकर हुआ राख

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** क्षेत्र के गांव गरबापुर में एक घर पर खाना बनाते समय सिलेंडर में अचानक आग लगकर ब्लास्ट हो जाने से घर में आग लग गई खाना बनाते महिला बाल बाल बच गई है। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया तब तक गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया है।



मंगलवार को 11 बजे करीब गांव गरबापुर में मसरूर की पन्नी छप्पर के नीचे खाना बना रही थी। अचानक सिलेंडर में आग लग जाने से बाहर भागी तब तक उसमें ब्लास्ट हो गया जिससे छप्पर में आग लग गई पल झपकते ही पूरे घर को आग ने अपने आगोश में ले लिया चीख पुकार सुनकर ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना देकर आग बुझाने में जुट गए गाड़ी के पहुंचने पर 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया जा सका तब तक गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया था। तहसील प्रशासन के उदासीनता के चलते क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके का निरीक्षण कर इतिश्री करने से लोगों में रोष है। ग्रामीणों ने अपने अपने घरों से पहनने के कपड़े और बच्चों को भोजन उपलब्ध कराया है।

## महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** नगर में जगह-जगह पर महारानी अहिल्याबाई की जयंती पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। जिसमे उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया है। मंगलवार को युग निर्माणइंटर कॉलेज में महारानी अहिल्याबाई की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नगर महिला महा मंत्री बबली देवी ने आयोजन में महारानी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए। प्रिंसिपल सुनीता ने कहा महारानी कुशल शासिका एवं धार्मिक महिला थी। जिन्होंने अपने काल में सोमनाथ मंदिर और काशी विश्वनाथ मंदिर का निर्माण कराया था। दून पब्लिक स्कूल के आयोजित कार्यक्रम में प्रबंधक डॉक्टर मेजर सिंह ने जयंती पर मालवा की महारानी अहिल्याबाई होल्कर को न्याय की देवी बताया है। उन्होंने न्याय के लिए अपने पुत्र को रथ के नीचे कुचलना का प्रयन्न किया था। जो गौतम ऋषि द्वारा श्रापित महिला थी। छात्र-छात्राओं को उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प दिलाया गया है।



## बडे मंगल के चलते श्रृध्धालुओ ने बजरंग बली मंदिर पर कराया

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी।** ज्येष्ठ माह के दूसरे बडे मंगलवार होने के चलते गोला लखीमपुर रोड कोटबारा जंगल के निकट स्थित हनुमान मन्दिर पर गोला के वन रेज के वन दरोगा अंकित बाबू व उनके परिबार के लोगो ने विशाल भंडारा कराया है।



हनुमान मंदिर पर हुये भंडारे के आयोजक मे श्रृध्धालुओ के पूरी सब्जी व हलुआ के प्रसाद को ग्रहण किया।जो सुवह नौ बजे से लेकर शाम को अनवरत रूप से चलता रहा। इस दौरान गोला रेज के वन क्षेत्राधिकारी संजीव कुमार तिवारी, वन दरोगा अंकित बाबू, मिठाई लाल, राम नरेश भार्गव, अजीत श्रीवास्तव, नवीन कुमार, वाचर अभय कुमार, बलिस्टर यादव, गामा सिह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# बिजली कर्मचारियों की हड़ताल: छंटनी के विरोध में आउटसोर्स कर्मचारियों ने किया 72 घंटे का कार्य बहिष्कार




**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

आउटसोर्स बिजली कर्मचारियों ने मंगलवार रात 12 बजे से 72 घंटे का कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया है। कर्मचारियों की छंटनी के विरोध में यह हड़ताल की जा रही है। इसमें वे कर्मचारी भी शामिल हैं, जिनकी छंटनी नहीं हुई है।आउटसोर्स कर्मचारी यूनियन के उपाध्यक्ष प्रदीप दीक्षित के अनुसार, पावर कार्पोरेशन प्रबंधन ने 2017 में ग्रामीण क्षेत्रों में 20 और शहरी विद्युत उपकेंद्रों पर 36 कर्मचारियों की तैनाती का आदेश दिया था। लेकिन अब निगम इस आदेश का उल्लंघन कर ग्रामीण क्षेत्रों में 12.5 और शहरी क्षेत्रों में 18.5 कर्मचारी ही तैनात कर रहा है। इस कारण बड़ी संख्या में आउटसोर्स कर्मचारी बेरोजगार हो रहे हैं। हड़ताल के दौरान बिजली उपकेंद्र का संचालन, लाइन का रखरखाव, ट्रांसफार्मर की मरम्मत और केबल की खराबी जैसी समस्याओं का समाधान नहीं हो पाएगा।

इससे जिले के बिजली उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। कर्मचारी नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि प्रबंधन उनकी मांगें नहीं मानता है, तो हड़ताल अनिश्चितकाल तक जारी रह सकती है। उन्होंने कहा कि बिजली समस्या के लिए प्रबंधन और सरकार जिम्मेदार होंगे।

# कृषक समाज इंटर कॉलेज मे मनाई गई अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**



लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के 300वे जयंती वर्ष स्मृति अभियान के तहत कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला में एक समारोह का आयोजन प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रबंधक सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गोला ईश्वरदीन वर्मा एवं संयोजक धीरज बाजपेई ने लोकमाता के चित्र का अनावरण करके माल्यार्पण के साथ किया। डॉ अनिल कुमार ने सभी का बैज लगाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर हिंदी प्रवक्ता ओम प्रकाश यादव ने लोकमाता के जीवन वृत एवं कार्यवृत पर विस्तार से विद्यार्थियों को बताया।

उन्होंने कहा विषम परिस्थितियों में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने अपने राज्य को ही नहीं सशक्त बनाया बल्कि जनता की भलाई खासकर महिलाओं के लिए विशेष योजनाओं का संचालन किया और विदेशी आक्रांताओं द्वारा तहस-नहस किए गए मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया। छात्रा अंशिका सोनी ने लोकमाता के जीवन से संबंधित कई घटनाओ को सबके साथ साझा किया।

मुख्य अतिथि ईश्वरदीन वर्मा जी ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा की अहिल्याबाई होलकर एक कुशल शासक होने के साथ-साथ कल्याणकारी लोकमंगल की भावना रखने वाली महान जननायक थीं। अंत में प्रधानाचार्य ने अहिल्याबाई होलकर की विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई पेंटिंग को मुख्य अतिथि को भेंट किया तथा कार्यक्रम संयोजक को स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि किसी भी महापुरुष के प्रति हमारी यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी कि हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारे। कार्यक्रम का सफल संचालन गणित शिक्षक देवेंद्र सिंह ने किया।

# जिला गन्ना अधिकारी ने पलिया चीनी मिल क्षेत्र में गन्ना सर्वेक्षण का किया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। पलिया कलां खीरी**



जिला गन्ना अधिकारी वेदप्रकाश सिंह ने पलिया चीनी मिल क्षेत्र के ग्राम मकनपुर में प्रगतिशील कृषक अरविंद चौधरी के सी ओ 15023 शरद पौधा का .492 हेक्टेयर गन्ना सर्वेक्षण कार्य का औचक निरीक्षण किया। जो सही पाया गया।इस मौके पर उनके साथ जेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मिथिलेश पांडेय, सचिव देवेंद्र कुमार यादव, सहायक महाप्रबन्धक (गन्ना) जितेन्द्र सिंह राणा की उपस्थिति में किया। जिसमें पेड़ी, पौधा एवं प्रजातिवार रकवा सही पाया गया। उपस्थित किसानों से वार्ताकर सर्वे एस.एम.एस. एवं किये जा रहे सर्वे कार्य के बारे में पूछताछ की और पाया कि चीनी मिल द्वारा कृषकों के सूचनार्थ एस.एम.एस. सर्वे पूर्व भेजे जा रहे हैं तथा चीनी मिल एवं सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड के सर्वेकर्ता संयुक्त रूप से सर्वे का कार्य ठीक प्रकार से कर रहे हैं, हम सभी कृषक सन्तुष्ट हैं। सहायक महाप्रबन्धक गन्ना ने कृषकों को बताया कि तापमान अधिक है, इसलिये समय - समय पर सिंचाई एवं गुड़ाई का विशेष ध्यान रखें, ताकि नमी संचित रहे। गन्ना फसल की अच्छी पैदावार लेने हेतु कीट एवं रोग आदि का समय से समुचित उपचार करें। चीनी मिल / समिति द्वारा दी जा रही फफूंदनाशक एवं कीटनाशक दवाईयां, अपने क्षेत्र के अधिकारी से सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते हैं। जो किसान समिति के सदस्य नहीं हैं वह 30 सितम्बर 2024 से पूर्व सदस्य बन जायें।

# आपदा मित्रों को लखनऊ रवाना किया

## 12 दिवसीय प्रशिक्षण में लेंगें आपदा प्रबंधन का पाठ

- प्रशिक्षण के लिए चयनित 85 अभ्यर्थियों में 9 महिलाएं तथा 76 पुरुष शामिल हैं

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

जिला प्रशासन द्वारा आपदा प्रबंधन को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मंगलवार को जिले के 85 आपदा मित्रों को 12 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण हेतु लखनऊ रवाना किया गया। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट पीलीभीत से हरी झंडी दिखाकर प्रशिक्षार्थियों को रवाना किया। प्रशिक्षण के लिए चयनित 85 अभ्यर्थियों में 9 महिलाएं तथा 76 पुरुष शामिल हैं, जिन्हें 21 मई से 01 जून 2025 तक राज्य आपदा मोचक बल, सरोजिनी नगर, लखनऊ में प्रशिक्षण प्राप्त होगा। यह प्रशिक्षण उन्हें विभिन्न प्राकृतिक व मानवजनित आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु दक्ष बनाएगा। आपदा मित्रों का चयन तहसील स्तर पर प्रारंभिक तैयारियों, उपस्थिति एवं अभिलेख परीक्षण के आधार पर किया गया। प्रशिक्षण से पूर्व सभी अच्यर्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण मेडिकल टीम द्वारा कराया गया। प्रशिक्षण उपरांत ये आपदा मित्र जिले में आपात स्थितियों से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पीलीभीत का उद्देश्य हर प्रकार की आपदा में जनहानि, पशुहानि एवं कृषिक्षति को न्यूनतम स्तर पर लाना है। नव नियुक्त आपदा वॉलिंटियर इस दिशा में प्रशासन के सशक्त सहयोगी सिद्ध होंगे।

रवानगी के अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व), उप जिलाधिकारी, मुख्य राजस्व लेखाकार, आपदा विशेषज्ञ सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# जिला जज अब्दुल शाहिद का बार में भव्य स्वागत

## कहा, न्यायपालिका और अधिवक्ता मिलकर दिलाएं जनसाधारण को न्याय

- संवाद और सौहार्द के वातावरण में हुआ सम्मान समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम बने आकर्षण का केंद्र

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



जिला एवं सत्र न्यायाधीश अब्दुल शाहिद का मंगलवार को पीलीभीत आगमन पर जिला संयुक्त बार एसोसिएशन परिसर में अधिवक्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला जज ने अधिवक्ताओं के साथ संवाद स्थापित करते हुए न्यायिक प्रक्रिया में बार और बेंच की संयुक्त भूमिका पर बल दिया।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र और महासचिव आनंद मिश्रा ने उन्हें जिले की प्रसिद्ध बांसुरी भेंट की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अब्दुल शाहिद ने कहा कि आमजन को त्वरित और निष्पक्ष न्याय देना ही प्राथमिक उद्देश्य होना चाहिए।

उन्होंने अधिवक्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से समझने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार सिन्हा, पीठासीन अधिकारी शिव कुमार सिंह, अपर जिला जज विजय कुमार डूंगरा कोटी ने भी विचार साझा किए।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में अधिवक्ता अविनाश चंद्र मिश्रा, अशोक पाठक और जियाउद्दीन जिया द्वारा काव्य पाठ किया गया, जबकि बांसुरी वादन में दिनेश यादव ने समा बांध दिया। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों व अधिवक्ताओं की बड़ी भागीदारी रही।

# 4 माह में तैयार हो जाएगा यूपी का पहला स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, 48.93 करोड़ होगा



जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

वर्तमान समय में 35 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि खर्च कर 85 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरे कर लिए गए हैं और इसी साल 25 सितंबर तक कार्य पूर्ण किया जाना लक्षित है। निर्माण के पहले चरण में दो ब्लॉकों में प्रशासनिक कक्ष, क्लास रूम, कॉमन हाल, किचन के अलावा अंडरग्राउंड पार्किंग, इलेक्ट्रिफिकेशन, फायर सेफ्टी, पाइपलाइन आदि के कार्य कराए जा रहे हैं। बीते कुछ सालों में गोरखपुर का टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर तेजी से आगे बढ़ा है। हाल के सालों में यहां कई बड़े ब्रांड के होटल्स, रेस्टोरेंट खुले हैं और कई खुलने की प्रक्रिया में हैं। हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में कुशल पेशेवरों की मांग को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में प्रदेश का पहला स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (एसआईएचएम) बनवा रहे हैं। गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) के कार्यालय के सामने बन रहे एसआईएचएम का निर्माण 85 प्रतिशत से अधिक तक पूरा हो चुका है। सितंबर माह तक इसका निर्माण पूरा हो जाएगा और अगले शैक्षिक सत्र से यहां होटल एंड टूरिज्म मैनजमेंट से जुड़े डिप्लोमा और डिग्री के पाठ्यक्रम संचालित होने लगेंगे। स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, पर्यटन विभाग का प्रोजेक्ट है। इसका निर्माण कार्यदायी संस्था के रूप में सी एंड डीएस यूनिट-14 द्वारा कराया जा रहा है। 43 करोड़ 38 लाख 89 हजार रुपये की इस परियोजना पर निर्माण कार्य 26 सितंबर 2023 को प्रारंभ हुआ था।वर्तमान समय में 35 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि खर्च कर 85 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरे कर लिए गए हैं और इसी साल 25 सितंबर तक कार्य पूर्ण किया जाना लक्षित है। निर्माण के पहले चरण में दो ब्लॉकों में प्रशासनिक कक्ष, क्लास रूम, कॉमन हाल, किचन के अलावा अंडरग्राउंड पार्किंग, इलेक्ट्रिफिकेशन, फायर सेफ्टी, पाइपलाइन आदि के कार्य कराए जा रहे हैं। उप निदेशक पर्यटन रविंद्र कुमार मिश्रा बताते हैं कि पूरी कोशिश हो रही है कि स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट का निर्माण कार्य सितंबर माह तक पूरा कर लिया जाए। इसके साथ ही अगले शैक्षिक सत्र से यहां ग्लोबल डिमांड के अनुरूप होटल, टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी मैनजमेंट के कोर्स शुरू कर दिए जाएंगे। स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में कोर्स शुरू हो जाने के बाद युवाओं को रोजगारपरक पढ़ाई के लिए नए विकल्प मिल जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन से गोरखपुर में जिस तरह से पर्यटन विकास हो रहा है उससे होटल और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में रोजगार के अवसर भी तेजी से बढ़ रहे हैं।

स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट के दूसरे चरण के निर्माण में ब्वॉयज एंड गर्ल्स हॉस्टल बनाया जाएगा। दूसरे चरण की परियोजना के निर्माण पर 46 करोड़ 81 लाख 64 हजार रुपये की लागत आएगी। इसके लिए ई टेंडर की कार्यवाही प्रगति पर है।

## 5 साल की मासूम का अगवा कर हैवानियत, फिर गला घोंटा- हाथ तोड़कर कर दी हत्या

**कुशीनगर।** पांच वर्षीय मासूम पास के ही एक स्कूल में कक्षा एक की छात्रा थी। रविवार दिन में उसकी दादी पड़ोस में किसी के घर गई थीं। दोपहर करीब दो बजे बच्ची उन्हें खोजते हुए घर से निकली। काफी देर बाद भी जब वह नहीं लौटी तो घरवालों ने उसकी तलाश शुरू की। लालगंज थाना क्षेत्र के एक गांव से पांच साल की मासूम को अगवा कर उसके साथ हैवानियत के बाद गला घोंट कर हत्या कर दी गई। रविवार देर रात मासूम का शव गांव के करीब दो सौ मीटर दूर कब्रिस्तान के पास मिला। गले व चेहरे के अलावा शरीर के अन्य हिस्सों पर चोट के निशान थे। मासूम के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी समेत पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। पांच वर्षीय मासूम पास के ही एक स्कूल में कक्षा एक की छात्रा थी। रविवार दिन में उसकी दादी पड़ोस में किसी के घर गई थीं। दोपहर करीब दो बजे बच्ची उन्हें खोजते हुए घर से निकली।

## दोनों हाथ मरोड़कर तोड़े, उठाकर भी पटका, बस्ती में पांच साल की मासूम को अगवा कर हैवानियत, फिर मार डाला



जन एक्सप्रेस । महराजगंज

बस्ती में पांच साल की मासूम को अगवा कर हैवानियत की गई, फिर गला घोंट कर हत्या कर दी गई। जिला महिला अस्पताल की एक महिला डॉक्टर सहित तीन डॉक्टरों के पैनल ने मासूम का पोस्टमार्टम किया। रिपोर्ट में अत्यंत बेरहमी से उसकी हत्या की बात बताई जा रही है। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में पांच साल की मासूम को अगवा कर हैवानियत के बाद उसका गला घोंट कर हत्या कर दी गई। रविवार देर रात मासूम का शव गांव के बाहर कब्रिस्तान के पास मिला। शरीर पर कई जगह चोट के निशान थे। मासूम के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी समेत पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने जांच के दौरान 20 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ की है। जानकारी के अनुसार, पांच वर्षीय मासूम पास के ही एक स्कूल में कक्षा एक की छात्रा थी। रविवार दिन में उसकी दादी किसी के घर गई थीं। दोपहर करीब दो बजे बच्ची उन्हें खोजते हुए घर से निकली। काफी देर बाद भी जब वह नहीं लौटी तो घरवालों ने तलाश शुरू की। रात करीब आठ बजे तक तलाश के बाद भी बच्ची का कुछ पता नहीं चला तो उन्होंने लालगंज थाने में सूचना दी। मासूम के लापता होने की सूचना पर थाना प्रभारी लालगंज शशांक शेखर राय टीम के साथ गांव पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से खोजबीन शुरू की। देर रात एसपी अभिनंदन भी एएसपी ओपी सिंह, सीओ सिटी सत्येंद्र भूषण तिवारी, सीओ रुधौली स्वर्णिमा सिंह, सीओ कलवारी प्रदीप कुमार, मुंडेरवा व कलवारी थाने की पुलिस लेकर गांव पहुंच गए। तलाश के दौरान रात करीब 12 बजे गांव के बाहर स्थित कब्रिस्तान के पास झाड़ियों में मासूम का शव मिला। रविवार को दोपहर मासूम के गांव में रेडीमेड कपड़े बेचने एक फेरी वाला आया था। मासूम के पिता ने भी अपने लिए बनियान खरीदी। मोहल्ले के कुछ बच्चे फ्रॉक और घाघरा खरीद रहे थे। मासूम ने भी अपने पिता से घाघरा खरीदने के लिए कहा। उसके पिता ने कहा कि जाओ दादी को ढूंढ़कर लाओ, वह अगर पैसा दे देंगी तो तुम्हारे लिए घाघरा खरीद दूंगा। मासूम दौड़ते हुए गांव में दादी को ढूंढ़ने निकली मगर लौटकर नहीं आई। मासूम के पिता ने बताया कि उसकी बेटी का गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में कक्षा एक में इसी साल दाखिला हुआ था। पिता के मुताबिक, उसकी दोनों किडनी खराब है और चिकित्सालय संतकबीरनगर से उसका इलाज चल रहा है। मृतका का एक बड़ा भाई सात वर्ष का और छोटी बहन छह माह की है।

## ऐसी क्या हुई तकरार कि...नोकझोंक करने लगे अफसर और थानेदार, अतिक्रमण हटवाने गई थी टीम

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



नायब तहसीलदार हंसराज, एनएचएआई के भूमि अधिग्रहण अधिकारी चंद्रशेखर, थाना प्रभारी पीपीगंज प्रभु दयाल सिंह और कार्यदाई संस्था पीएनसी इंफ्राटेक के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सड़क के पूर्वी हिस्से से अतिक्रमण हटाने का काम दोपहर करीब एक बजे से शुरू हुआ। इस टीम को जोखई, नोखई, गंगा, मुन्ने सहित करीब 21 लोगों के घरों को तोड़ना था। गोरखपुर-सोनौली फोरलेन हाईवे निर्माण के लिए जंगल कौड़िया के रायपुर गांव में सोमवार को अतिक्रमण हटवाने गए एनएचएआई के अफसर और पीपीगंज पुलिस के बीच नोंकझोंक हो गई। एक महिला के घर को लेकर हुई तकरार में पुलिस भारी पड़ी। इस दौरान 6 से 7 लोगों के निर्माण को तोड़ा गया, लेकिन महिला के घर पर बुलडोजर नहीं चला। एनएचएआई के अफसर व राजस्व टीम को काम अधूरा छोड़कर लौटना पड़ा। एनएचएआई के अफसर ने इसकी शिकायत एडीएम प्रशासन से की है फोरलेन निर्माण के दौरान कई जगह अतिक्रमण के चलते अभी तक सड़क पूरी नहीं बन पाई है। सोमवार को नायब तहसीलदार हंसराज, एनएचएआई के भूमि अधिग्रहण अधिकारी चंद्रशेखर, थाना प्रभारी पीपीगंज प्रभु दयाल सिंह और कार्यदाई संस्था पीएनसी इंफ्राटेक के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सड़क के पूर्वी हिस्से से अतिक्रमण हटाने का काम दोपहर करीब एक बजे से शुरू हुआ। इस टीम को जोखई, नोखई, गंगा, मुन्ने सहित करीब 21 लोगों के घरों को तोड़ना था। अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू होते ही ग्रामीणों और अधिकारियों के बीच मुआवजे को लेकर नोकझोंक होने लगी।

इस दौरान एक महिला ने अपने मकान को तोड़ने के लिए एक दिन का अतिरिक्त समय मांगा।

## घर के शौचालय की टंकी में लिपटे दिखे सांप, युवक ने बाहर निकाला- देखने वालों की लगी भीड़

**महाराजगंज ।** वन विभाग को सूचना देने के बाद भी जब टीम नहीं आई तो हरदीडाली बड़का टोला निवासी इस्लाम उर्फ नऐ खां साहस दिखाकर शौचालय की टंकी में घुसकर मच्छरदानी से सांपों को निकाले लगा, जहां मौजूद लोग उसके साहस को देखकर तारीफ करने लगे। सोनौली कोतवाली क्षेत्र के हरदीडाली चौराहे पर नव निर्मित मकान के शौचालय के टंकी में सांप दिखे। इनकी संख्या 100 से अधिक है। आस पास के लोग दहशत में आ गए। लोगों ने वन विभाग को सूचना दी लेकिन मौके पर वन विभाग मौके पर नहीं पहुंचा। गांव का एक युवक साहस दिखाया और शौचालय की टंकी में घुसकर सांपों को बाहर निकाला। जानकारी के मुताबिक, हरदीडाली चौराहे पर वीरेंद्र गुप्ता के नव निर्मित मकान है, जिसमें शौचालय की टंकी में सांपों का झुंड आ गया था, जिसे देख कर लोग चौंक जाते थे।

# कपड़ा व्यापरी का गिरा 40 हजार रुपये पुलिस को दी लूट की सूचना

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



ओमकार ने कहा कि महराजगंज से जेब में 40 हजार रुपये लेकर निकला था। भटहट आया तो जेब से रुपये कहीं गिर गए थे। पहले से ही दुकान मालिक का 70 हजार रुपया बकाया है। ऐसे में 40 हजार रुपया गिरने का जवाब क्या देता, यह समझ में नहीं आ रहा था, बचने के लिए लूट की सूचना दे दी। गुलरिहा इलाके में सोमवार शाम सात बजे कपड़ा व्यापारी के कर्मचारी ने तमंचा सटाकर 40 हजार रुपये के लूट की सूचना देकर हड़कंप मचा दिया। सीओ गोरखनाथ रवि सिंह के साथ ही थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह भी छानबीन में जुट गए। तीन घंटे की जांच में ही सीसीटीवी कैमरे से कर्मचारी की पोल खुल गई। इसके बाद उसने बताया कि 40 हजार रुपये कहीं गिर गए थे। इसलिए लूट की झूठी सूचना दी थी। गुलरिहा पुलिस के मुताबिक, राजघाट थाना क्षेत्र के अलहदादपुर निवासी ओमकार मिश्रा घंटाघर के पोद्दार कॉम्प्लेक्स में कपड़े के थोक विक्रेता अंकुर लाट की दुकान पर काम करता है। ओमकार ने बताया कि सोमवार शाम करीब सात बजे महराजगंज जिले से वसूली करके पल्सर बाइक से गोरखपुर आ रहा था। गुलरिहा थाना क्षेत्र के नाहरपुर गांव के पास महराजगंज-गोरखपुर फोरलेन पर दो बाइक से तीन बदमाशों ने तमंचा दिखाकर 40 हजार रुपये लूट लिए। तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। इसके बाद घटना स्थल पहुंचे सीओ गोरखनाथ रवि कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने छानबीन कर पीड़ित से पूछताछ कर रहे थे। वहीं, पुलिस की एक टीम सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही थी। कई बार कैमरों को खंगालने के बाद भी पीड़ित ओमकार के बताए गए समय पर कोई ऐसी घटना नहीं दिखी। इसके बाद ओमकार से कड़ाई से पूछताछ शुरू हुई तो उसने सही बात पुलिस को बताई। ओमकार ने कहा कि महराजगंज से जेब में 40 हजार रुपये लेकर निकला था। भटहट आया तो जेब से रुपये कहीं गिर गए थे। पहले से ही दुकान मालिक का 70 हजार रुपया बकाया है। ऐसे में 40 हजार रुपया गिरने का जवाब क्या देता, यह समझ में नहीं आ रहा था, बचने के लिए लूट की सूचना दे दी। लूट की घटना की सूचना पर तत्काल पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। घटनास्थल के आस-पास दो जगहों के सीसीटीवी कैमरे खंगाला गए। कुछ नहीं मिलने पर कर्मचारी से पूछताछ की गई तो उसने गलती स्वीकार की।

# प्रतिनिधि पति बैठक में नहीं बैठे... आरोप, चली गई नपं अध्यक्ष, सभासदों ने किया हंगामा

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



मंगलवार को नगर पंचायत मेहदावल के बोर्ड की बैठक प्रस्तावित थी। दिन में 12:00 बजे नगर पंचायत हाल में बैठक की कार्रवाई शुरू हुई। सारे सभासद बैठक में मौजूद थे तभी नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी निषाद अपने पति रमेश निषाद के साथ बोर्ड की बैठक में पहुंच गई मंगलवार को मेहदावल नगर पंचायत कार्यालय पर आयोजित बोर्ड की बैठक में जमकर हंगामा हुआ। अध्यक्ष के साथ उनके पति भी बोर्ड की बैठक में शामिल हुए, जिसपर सभासदों ने आपत्ति दर्ज कराई। लेकिन अध्यक्ष पति बोर्ड की बैठक में शामिल होने की जिद करने लगे जिस पर हंगामा शुरू हो गया। आरोप है कि सभासदों के आक्रोश को देखते हुए जब पति बोर्ड की बैठक में नहीं बैठने पाएं, तो अपनी पत्नी नगर पंचायत अध्यक्ष को लेकर बैठक से लेकर चले गए। जिस पर सभासदों ने हंगामा करते हुए धरने पर बैठ गए। जमकर अध्यक्ष तथा उनके पति के विरुद्ध नारेबाजी करने के साथ ही नगर पंचायत कार्यालय पर व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर नाराजगी जताई। मंगलवार को नगर पंचायत मेहदावल के बोर्ड की बैठक प्रस्तावित थी। दिन में 12:00 बजे नगर पंचायत हाल में बैठक की कार्रवाई शुरू हुई। सारे सभासद बैठक में मौजूद थे तभी नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी निषाद अपने पति रमेश निषाद के साथ बोर्ड की बैठक में पहुंच गई। उनके पति बोर्ड की बैठक में शामिल हो गए। जिस पर सभासदों ने आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि बोर्ड में जब निर्वाचित कमेटी के सदस्य व अध्यक्ष मौजूद हैं तो ऐसे में अध्यक्ष पति बोर्ड की बैठक में नहीं शामिल हो सकते इन्हें बोर्ड की बैठक से बाहर किया जाए।

सभासदों के आपत्ति को देखते हुए अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार ने बोर्ड की बैठक में नियमों का हवाला देते हुए अध्यक्ष पति को बाहर जाने की बात कही। जिस पर अध्यक्ष ने बोर्ड की बैठक में शामिल होने की जिद करने लगे और कुर्सी छोड़कर हटने से इनकार कर दिया। अध्यक्ष पति के आचरण से नाराज सभासदों ने बोर्ड की बैठक में ही नाराजगी जताते हुए कड़ी आपत्ति जताई जिस पर अध्यक्ष पति रमेश निषाद अपनी पत्नी अध्यक्ष लक्ष्मी निषाद को लेकर बोर्ड की बैठक छोड़कर मौके से चले गए, जिसके कारण बोर्ड की बैठक नहीं हो पाई।इस पर सभासद भड़क उठे और नगर पंचायत कार्यालय पर ही धरनी पर बैठ गए अध्यक्ष तथा उनके पति के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करने के साथ ही नगर पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार व विकास धन के बंदरबांट का मुद्दा उठाते हुए जमकर हंगामा किया। सभासदों के विरोध तथा आपत्ति को देखते हुए कार्यालय के सामने काफी भीड़ लग गई। घंटों चले धरने के बाद सभासदों ने जिलाधिकारी कार्यालय संत कबीर नगर पहुंच कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और कार्यवाही की मांग की।

## बालिका से छेड़छाड़ के जुर्म में पांच वर्ष कठोर कारावास

**कुशीनगर।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट विनोद कुमार सप्तम की अदालत ने 11 वर्षीय पीड़िता से छेड़छाड़ के मामले में पांच वर्ष कठोर कारावास व दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड न देने पर दो माह की अतिरिक्त कारावास भुगतनी होगी। नगर थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता की मां ने मुंडेरवा थाने में 23 फरवरी 2017 को तहरीर दी कि वह चार साल से देवरिया माफी में सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात थी। वर्तमान समय में बनकटी में ब्लॉक तैनात है। बच्चों की पढ़ाई के कारण चार साल से देवरिया माफी में किराए के मकान में रह रही थी। 20 फरवरी 2017 को वह ड्यूटी चली गई और वहां से अपने मायके चली गई। अगले दिन मायके से घर आई तो उसकी 11 वर्षीय पुत्री ने बताया कि रात में अमरनाथ ग्राम दुधारा थाना खलीलाबाद संतकबीरनगर ने छेड़छाड़ करते हुए जबरदस्ती की। किसी तरह भागकर जान बचाई।

## ट्रेलर ने रोडवेज बस में मारी ठोकर, 15 यात्री घायल आधे घंटे रहा जाम, बस्ती से आ रही थी सवारी

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर




मंगलवार सुबह करीब सात बजे रासीनगर डिपो की सरकारी बस बस्ती से करीब 47 सवारियों को लेकर गोरखपुर आ रही थी। बस जैसे ही सीहापार ओवर ब्रिज पर पहुंची, तभी पीछे से एक ट्रेलर ने ठोकर मार दिया। ठोकर लगते ही यात्री सीट पर टकरा गए। इलाके के सीहापार ओवरब्रिज की ढलान पर मंगलवार सुबह एक ट्रेलर ने रोडवेज की बस को पीछे से ठोकर मार दिया, जिससे करीब 15 यात्री घायल हो गए। आस पास के ग्रामीणों ने घायलों को बस से निकालकर सरकारी एम्बुलेंस से सहजनवां सीएचसी पहुंचाया। इस दौरान बस्ती से गोरखपुर आने वाली लेन पर करीब आधे घंटे तक जाम लगा रहा। सूचना पर पहुंची सहजनवां पुलिस ने जाम खुलवाया। पुलिस के मुताबिक, घायलों में संतकबीरनगर खलीलाबाद मोहिद्दीनपुर निवासी लक्ष्मण (35), खलीलाबाद बनियाबारी के सुरेंद्र कुमार (32), मुंडेरवा के राम लाल (35), कबूतरी (34) और लक्ष्मीपुर के आकाश का इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक, मंगलवार सुबह करीब सात बजे रासीनगर डिपो की सरकारी बस बस्ती से करीब 47 सवारियों को लेकर गोरखपुर आ रही थी। बस जैसे ही सीहापार ओवर ब्रिज पर पहुंची, तभी पीछे से एक ट्रेलर ने ठोकर मार दिया। ठोकर लगते ही यात्री सीट पर टकरा गए। बस के अंदर चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने एंबुलेंस को सूचना को देकर बस से घायलों को निकाला। गनीमत रहा कि घायलों में किसी को सिर,किसी को पैर,कमर आदि में चोट आई थी। उन्हें एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया गया। जहां से अधिकतर घायल खुद ही निजी अस्पताल चले गए। केवल छह यात्रियों का वहां इलाज चल रहा है। घटना के बाद पुलिस के साथ ही परिवहन विभाग के अधिकारी जांच पड़ताल कर दुर्घटना का कारण पता कर रहे हैं। सहजनवां थाना प्रभारी महेश चौबे ने बताया कि सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। किसी को गंभीर चोट नहीं आई है।

## युवक से 26.85 लाख रुपये की ठगी, मुंबई के मेडिकल कॉलेज में दाखिला दिलाने का दिया था आश्वासन

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



गोविंद ने बताया कि बेटे के साथ मुंबई जाकर अमित दुबे से मुलाकात की। सारे शैक्षणिक प्रमाणपत्र लेकर उसने 26.85 लाख रुपया भुगतान करने के लिए कहा। विश्वास दिलाया कि भुगतान करते ही मुंबई के अच्छे मेडिकल कॉलेज में डीसीएच में प्रवेश हो जाएगा। रामगढ़ताल इलाके के एमबीबीएस कर चुके छात्र से मुंबई के मेडिकल कॉलेज में पीजी कोर्स में दाखिला दिलाने के नाम पर 26.85 लाख रुपये की ठगी हो गई। सिद्धार्थनगर कॉलोनी निवासी छात्र के पिता गोविंद त्रिपाठी की तहरीर पर महाराष्ट्र के पुणे शहर क्षेत्र के हिंजेवाड़ी निवासी अमित दुबे पर धोखाधड़ी का केस रामगढ़ताल थाने में रविवार को दर्ज किया गया। गोविंद त्रिपाठी ने तहरीर देकर बताया कि बेटा विमल त्रिपाठी एमबीबीएस करके डिप्लोमा इन चाइल्ड हेल्थ कोर्स (डीसीएच) में प्रवेश के लिए तैयारी कर रहा है।

इस दौरान एक विज्ञापन के जरिए अमित दुबे के बारे में पता चला कि उसकी फर्म देश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में बच्चों का प्रवेश कराती है। अमित दुबे बिहार के पटना शहर के कंकड़बाग थाना क्षेत्र का स्थायी निवासी है। वर्तमान में महाराष्ट्र के पुणे शहर में रहता है। विज्ञापन पर विश्वास करके उसपर दिए अमित दुबे के मोबाइल नंबर पर कॉल करके संपर्क किया।

बातचीत कर उसने बेटे के सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र लेकर महाराष्ट्र के मुंबई में स्थित फर्म के ऑफिस बुलाया।

# गोरखपुर चिड़ियाघर : केंद्रीय टीम ने लिया बब्बर शेर भरत और पक्षियों समेत 50 सैंपल, 4 जानवरों की हो चुकी है मौत

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



गोरखपुर । केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की ओर से बनाई गई चार सदस्यीय जांच कमेटी रविवार को ही आ गई थी। देर शाम होने की वजह से टीम चिड़ियाघर तो नहीं गई लेकिन अब हुई चारों जानवरों की मौत के बारे में जिम्मेदारों से सवाल-जवाब किए। सोमवार को टीम ने बाड़ों का निरीक्षण किया। टीम ने अपने आप को दो हिस्सों में बांट लिया था। पहली टीम में भोपाल और आईवीआरआई के लोग शामिल थे। बर्ड फ्लू की दस्तक के बाद केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की ओर से गठित जांच टीम ने सोमवार को चिड़ियाघर में बाड़ों का निरीक्षण किया। टीम ने बब्बर शेर भरत और कई पक्षियों का सैंपल लिया। चिड़ियाघर परिसर और बाहर समेत टीम ने 50 सैंपल लिए। इन्हें जांच के लिए राष्ट्रीय राष्ट्रीय उच्च पशु संस्थान, भोपाल भेजा। इनमें कई पक्षियों के बीट के सैंपल भी शामिल हैं। इसके अलावा तालाब, जानवरों के पीने वाले पानी, नहाने वाले पानी का भी सैंपल टीम ने लिया है। कौओं की मौत वाली जगह पर जाकर निरीक्षण किया। साथ ही वन्यजीवों की मौत के बारे में चिकित्सकों से विस्तृत जानकारी ली। केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की ओर से बनाई गई चार सदस्यीय जांच कमेटी रविवार को ही आ गई थी। देर शाम होने की वजह से टीम चिड़ियाघर तो नहीं गई लेकिन अब हुई चारों जानवरों की मौत के बारे में जिम्मेदारों से सवाल-जवाब किए। सोमवार को टीम ने बाड़ों का निरीक्षण किया। टीम ने अपने आप को दो हिस्सों में बांट लिया था। पहली टीम में भोपाल और आईवीआरआई के लोग शामिल थे। जबकि, दूसरी टीम में दिल्ली और बरेली के लोग थे। भोपाल की टीम में शामिल सदस्यों ने चिड़ियाघर के बाहर के चारों इलाकों में पूरे दिन जानवरों के बीट का सैंपल इकट्ठा करते रहे। इसमें तारामंडल का सटा इलाका भी शामिल रहा। इसके अलावा दूसरी टीम चिड़ियाघर के अंदर जानवरों और पानी का सैंपल ली। यहां तक रैंडम जांच में भरत के दो सैंपल लिए गए हैं। इसके अलावा हिरण और उसके बाड़े के आसपास के सैंपल भी टीम ने लिए हैं। टीम मंगलवार को निरीक्षण के बाद इसी तर्ज पर कानपुर चिड़ियाघर पहुंचकर जांच करेगी। इसी तर्ज पर वहां भी सैंपल लिया जाएगा। टीम ने सबसे ज्यादा समय पक्षियों के बाड़े के पास बिताया। सदस्यों ने माना कि कहीं न कहीं कौए ही संक्रमण के कैरियर बन रहे हैं।

इस वजह से पक्षियों को लेकर विशेष सावधानी बरतनी होगी। बब्बर शेर भरत का टीम ने सैंपल लिया। मंगलवार को यह टीम दूसरे वन्यजीवों के स्वास्थ्य की जानकारी लेगी। बता दें कि जानवरों की मौत का संज्ञान लेते हुए केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (सीजेडए) दिल्ली ने चिकित्सकों की टीम गठित की है।

# पीडब्लूडी द्वारा निर्मित एवं निर्माणधीन सड़कों का डीएम ने किया औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

■ खुदाई करा परखी सड़क निर्माण की गुणवत्ता, परियोजना का बोर्ड न लगे होने पर जताई नाराजगी, गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण किए जाने का दिया निर्देश

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



मंगलवार को डीएम पवन अग्रवाल द्वारा तहसील तुलसीपुर में पीडब्लूडी प्रांतीय खंड द्वारा 02 निर्मित एवं निर्माणाधीन सड़क कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया। जानकारी के अनुसार डीएम ने हरैया चौधरीडीह मार्ग से संगीतपुर मार्ग के पुनर्निर्माण एवं नन्दमहरा- पिपरहवा- कौवापुर मार्ग के संचालित चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य का औचक निरीक्षण किया गया। हरैया चौधरीडीह मार्ग से संगीतपुर मार्ग के पुनर्निर्माण के पूर्ण कार्य का डीएम ने खुदाई कराकर गुणवत्ता परखी एवं निर्माण सामग्री का सैंपल कलेक्ट करा लैब में जांच कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने मार्ग पर पुलिया निर्माण का भी निरीक्षण किया, पुलिया निर्माण में प्रयुक्त ईट की गुणवत्ता चेक कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने मार्ग पर परियोजना का बोर्ड लगा न पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की एवं तत्काल परियोजना का बोर्ड लगाए जाने का निर्देश दिया। इसके उपरांत उन्होंने नन्दमहरा- पिपरहवा- कौवापुर मार्ग के संचालित चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य का निरीक्षण किया, उन्होंने मार्ग की चौड़ाई की माप कराई एवं प्रोजेक्ट में लिए गए अन्य प्रावधानों के अनुसार कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने साइट लैब का भी निरीक्षण किया। डीएम ने निर्देश दिया समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण किए जाए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड, डीईएसटीओ व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# भौतिक विज्ञान विभाग में कैरियर काउंसलिंग प्रोग्राम आयोजित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज के भौतिक विज्ञान विभाग में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार 20 मई को एमएलके पीजी कॉलेज के भौतिक विज्ञान विभाग के स्मार्ट क्लास में आईक्यूएसी के कैऐरियर काउंसलिंग तथा प्लेसमेंट सेल के तहत "Career opportunities in Physics" विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य रूप से आईक्यूएसी के करियर काउंसलिंग तथा प्लेसमेंट सेल के तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीएससी तथा एमएससी भौतिकी के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सर्वप्रथम विभागाध्यक्ष प्रोफेसर ए के द्विवेदी ने फिजिक्स द्वारा करियर बनाने में विस्तार से जानकारी दी तथा छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम की समन्वयक डॉक्टर हेमा ने अपने व्याख्यान में छात्र-छात्राओं को फिजिक्स में करियर बनाने में तमाम जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि भौतिकी विषय से किन-किन क्षेत्र में अपना करियर बनाया जा सकता है तथा उसकी तैयारी कैसे की जानी चाहिए। विभाग के श्री कमलेश चौरसिया ने छात्रों को भौतिकी विषय की महत्वता की जानकारी दी। इस अवसर पर विभाग के प्रोफेसर पी के सिंह, डॉक्टर आलोक शुक्ला तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

# एमएलके कॉलेज में आयोजित सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन कार्यशाला में चित्रकला प्रतियोगिता



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में चल रहे सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन निशुल्क कार्यशाला के दूसरे दिन मंगलवार को चित्रकला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रतिभागियों ने चित्रकला की बारीकियों को समझा। जानकारी के अनुसार 20 मई को कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने कहा कि चित्रकला कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य चित्रकला के प्रति रुचि जगाना, कलात्मक कौशल विकसित करना, और रचनात्मकता को बढ़ावा देना है। यह छात्रों को विभिन्न तकनीकों से परिचित कराती है, जैसे कि रेखा, रंग, रूप, और अन्य कलात्मक उपकरणों का उपयोग करना। कार्यशालाएं छात्रों को कला के माध्यम से अपने विचारों और भावनाओं को व्यक्त करने का एक माध्यम प्रदान करती हैं। चित्रकला कार्यशाला की प्रशिक्षक फातिमा इंटर कॉलेज की शिक्षिका महिमा सोनी ने प्रतिभागियों को चित्र बनाने से पूर्व और बाद की तैयारी व बारीकियों से परिचित कराया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के मन में उठ रही जिज्ञासा को भी समझते हुए विभिन्न प्रकार के चित्रों को आरेखित करना सिखाया। कार्यशाला के संयोजक लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यशालाएँ केवल कलात्मक कौशल सीखने के बारे में नहीं हैं बल्कि वे रचनात्मकता को बढ़ावा देने, सामाजिक सामंजस्य को बढ़ाने और यहाँ तक कि आर्थिक विकास को गति देने के लिए महत्वपूर्ण मंच हैं। इस अवसर पर डॉ एस के त्रिपाठी, डॉ अनुज सिंह, डॉ सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

# कंटेनर-ट्रक में भिड़ंत के बाद लगी आग, सीएनजी सिलिंडर में धमाके, जिंदा जल गया चालक

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

आगरा-ग्वालियर हाईवे पर गांव बीरई के पास मंगलवार सुबह दिल्ली से कॉस्मेटिक का माल लेकर ग्वालियर की ओर जा रहा कंटेनर सड़क पर खड़े दुर्घटनाग्रस्त ट्रक से टकरा गया। हादसे के बाद दोनों गाड़ियों में भीषण आग लग गई। कंटेनर का चालक जिंदा जल गया। सिलिंडरों के फटने से आसपास के इलाके में अफरातफरी मच गई। फायरकर्मियों ने करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान हाईवे पर दोनों ओर यातायात थमा रहा। हादसा सुबह करीब 5:30 बजे हुआ। ट्रक के चालक सिमरनजीत सिंह ने बताया कि वह पंजाब से चले थे। ट्रक में नायलॉन की चप्पल लेकर रायपुर जा रहे थे। मंगलवार की सुबह करीब 4 बजे ग्वालियर हाईवे पर गांव बीरई के पास आगे चल रहे वाहन के अचानक ब्रेक लगा देने से उनका ट्रक टक्कर के बाद फुटपाथ पर चढ़ गया था। उन्हें चोटें आई थीं। हादसे के बाद ट्रक मौके पर खड़ा था। वह सड़क किनारे खड़े हुए थे। करीब 5:30 बजे कंटेनर पीछे से ट्रक से टकरा गया। टक्कर लगते ही कंटेनर में आग लग गई। लपटें उठने लगीं। कुछ ही देर में आग ट्रक में भी फैल गई। कंटेनर के चालक मोहर सिंह (44) निवासी थाना का पुरा, बानमोर, मुरैना, मध्य प्रदेश, बाहर नहीं निकल पाए। दोनों गाड़ियों के लपटों में घिर जाने के कारण कोई उनके पास जाने की हिम्मत भी नहीं जुटा पाया। इसी बीच कंटेनर के सीएनजी सिलिंडरों में धमाके होने लगे। इससे दहशत फैल गई। सूचना पर कुछ ही देर में पुलिस पहुंच गई थी। सुबह करीब 6 बजे दमकलें पहुंचना शुरू हो गईं। एसीपी सैंया देवेश सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस व दमकल मौके पर पहुंची। करीब 3 घंटे में आग पर काबू पाया गया। आग पर काबू पाने के बाद कंटेनर के चालक को बुरी तरह जली हालत में बाहर निकाला जा सका।



# रानी तालाब हनुमान मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के रानी तलाब स्थित हनुमान मंदिर पर जेष्ठ मास के दूसरे बड़े मंगल अवसर पर समाजवादी पार्टी के युवा नेता समाजसेवी डॉ भानु प्रकाश तिवारी द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। जानकारी के अनुसार 20 मई को ज्येष्ठ मास का दूसरा बड़ा मंगल के अवसर पर रानी तालाब स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर पर विशाल भंडारा आयोजित किया गया। प्रातः काल से ही शुरू हुआ भंडारा शाम तक चलता रहा। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजक समाजवादी पार्टी के युवा नेता डॉ भानु प्रकाश तिवारी ने बताया कि विगत कई वर्षों से बजरंगबली की कृपा से उन्हें बड़ा मंगल के अवसर पर भंडारा आयोजित करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है और यह सब कुछ बजरंगबली की कृपा से ही संभव हो पता है। उन्होंने कहा कि खराब मौसम के बावजूद भी भोर सुबह से ही भंडारे की व्यवस्था शुरू करा दी गई थी। सुंदरकांड पाठ के उपरांत बजरंगबली की आरती करके भंडारे का शुभारंभ कर दिया गया। भंडारे में सदर विधायक पल्टू राम, आदर्श नगर पालिका अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, एमएलके पीजी कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन, पूर्व विभाग अध्यक्ष डॉक्टर जेपी तिवारी, गैसड़ी विधायक राकेश यादव, पूर्व विधायक धीरे में प्रताप सिंह धीरू, पूर्व विधायक रामसागर अकेला, भाजपा नेत्री ललिता तिवारी व बिंदु विश्वकर्मा, आद्या सिंह, झूमा सिंह, सपा नेता इकबाल जावेद, परशुराम यादव जोखू यादव, चतुर्भुजी यादव व डॉ रवि कृष्ण मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# होटलों की आपूर्ति बंद कर घरों में पहुंचाई गैस, नहीं हुई किल्लत, 70 हजार उपभोक्ताओं को मिली राहत

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

आगरा में पीएनजी और सीएनजी गैस आपूर्ति का छह घंटे का शट डाउन मंगलवार को बेअसर रहा। नुनिहाई में आठ इंच की गैस लाइन की मरम्मत होती रही। इधर, 70 हजार घरों में निर्बाध गैस आती रही। इसके लिए गेल ने होटलों, रेस्टोरेंट की आपूर्ति बंद की। रिजर्व में रखे 10 टैंकर से घर-घर गैस पहुंचाई। जिससे करीब 70 हजार उपभोक्ताओं को राहत मिली। ग्रीन गैस लिमिटेड (गेल) की मुख्य गैस लाइन में मंगलवार सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक एम-बैंड लगाया गया। इसे दो लाइनों को जोड़ने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इस कार्य के लिए गेल ने मंगलवार को छह घंटे का शटडाउन लिया था। उपभोक्ताओं को पूर्व सूचित कर दिया गया था कि गैस नहीं आएगी। लेकिन, एक मिनट के लिए भी घरों में गैस आपूर्ति नहीं रुकी। गेल विपणन प्रबंधक किशन सिंह ने बताया कि हमने रात में ही रिजर्व गैस टैंकर भर लिए थे। सुबह 70 से अधिक होटल, रेस्टोरेंट व अन्य व्यावसायिक आपूर्ति बंद की। सीएनजी आपूर्ति भी बंद रखी। घरेलू आपूर्ति लाइन में मौजूद गैस और रिजर्व टैंकर से की गई।

# धर्मशाला बचाने के लिए सड़क पर उतरीं महिलाएं, सांसद की गाड़ी के आगे लेटीं

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

अलीगढ़ में मीनाक्षी पुल के नीचे अभिनेता भारत भूषण के परिवार की धर्मशाला को तोड़ने के लिए दूसरे दिन 20 मई को भी पुलिस और प्रशासनिक अमला पहुंचा। टीम को दूसरे दिन भी वहां रह रहे लोगों के जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा। वहां रहने वालीं आक्रोशित महिलाएं रामघाट रोड से गुजर रहे सांसद सतीश गौतम की गाड़ी को रोककर तपती दोपहरी में सड़क पर लेट गईं। गाड़ी से बाहर निकलकर सांसद ने मदद का आश्वासन दिया। मीनाक्षी पुल के नीचे रामदेवी धर्मशाला है। रामदेवी भारत भूषण के परिवार की बुजुर्ग थीं। उनके नाम पर ही यह धर्मशाला है। 93 साल पहले बनी इस धर्मशाला को नगर निगम पहले ही जर्जर घोषित कर चुका है। निगम ने धारा 325 का नोटिस भी जारी किया है। जर्जर घोषित होने के बावजूद इसमें 40 परिवार रह रहे हैं। धर्मशाला मालिक अभिषेक गुप्ता ने इसके ध्वस्तीकरण को लेकर हाईकोर्ट की शरण ली। 15 मई को हाईकोर्ट ने जर्जर भवन को ध्वस्त करने का आदेश दिया था। इसको लेकर दो दिनों से मीनाक्षी पुल के नीचे हाई वोल्टेज ड्रामा चल रहा है। 20 मई की सुबह सिविल लाइन थाने की फोर्स और एसीएम द्वितीय धर्मशाला पहुंच गए।

# हड़ताल में बैनामा होने के आदेश...वकीलों ने तैयार की टास्क फोर्स, पीपीपी मॉडल पर भर्ती का विरोध

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



आगरा में रजिस्ट्री दफ्तर में एआईजी (स्टांप) के आदेश से टकराव की स्थिति पैदा होने जा रही है। पीपीपी मॉडल पर भर्ती के विरोध में मंगलवार को भी अधिवक्ता, कातिब व स्टांप वेंडर्स ने काम नहीं किया। थाली-चम्मच बजाकर विरोध-प्रदर्शन किया। शाम 4 बजे एआईजी (स्टांप) एसके सिंह ने सभी उप निबंधक को हड़ताल में भी बैनामा पंजीयन के आदेश दिए हैं। इसके विरोध में वकीलों ने टास्क फोर्स का गठित कर जवाब देने का दावा किया। बैनामा पंजीयन के विरोध में वकीलों ने 25 सदस्यीय टास्क फोर्स बनाई है और बुधवार को भी हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया है। 18 दिन से जारी हड़ताल के कारण करीब 100 करोड़ राजस्व आय का नुकसान हुआ है। जिले की 6 तहसीलों के 10 रजिस्ट्री दफ्तर हैं, यहां पर एक हजार से अधिक बैनामे अधर में फंसे हुए हैं। जिन पार्टियों ने विक्रेता को अग्रिम भुगतान कर दिया है, उनकी रकम भी डूब सकती है। सदर तहसील बार एसोसिएशन महासचिव अरविंद कुमार दुबे का कहना है कि सीधे बैनामा पंजीयन के विरोध में अधिवक्ता बुधवार से आंदोलन को उग्र रूप देंगे। एआईजी के निर्णय की निंदा करते हुए आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद और मैनपुरी की तहसीलों से प्रतिनिधियों को बुलाया है। टास्क फोर्स के सदस्य बैनामा करने और कराने वालों पर नजर रखेंगे। पूर्व अध्यक्ष लाल बहादुर राजपूत का कहना है कि रजिस्ट्री दफ्तर में बैनामा के विरोध में कोई टकराव या अनहोनी होगी तो उसके लिए प्रशासन जिम्मेदार होगा। बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष श्रीकृष्ण दीक्षित ने कहा सरकार की मनमानी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हड़ताल में आशू यादव, निशांत चतुर्वेदी, विमल तिवारी, दिव्यांश पांडेय, मान सिंह धाकड़, परमेंद्र त्यागी, देवी सिंह, राजकुमार लवानियां, अंकुर वर्मा, दिनेश भारद्वाज, नितिन शर्मा, जगन प्रसाद तेहरिया, सुधाकर शर्मा, लाखन सिंह, रानी गुप्ता आदि शामिल रहे।

### ये काम पड़े हैं ठप

हड़ताल के कारण तहसील में राजस्व वादों की सुनवाई, नामांतरण के अलावा बैनामा, पावर ऑफ अटार्नी, दानपत्र, अनुबंध, विवाह पंजीकरण, सन्यापित प्रतिलिपियां जारी करने का काम ठप है। इसके अलावा नोटरी और शपथ पत्र भी नहीं बन रहे।

### ई-रजिस्ट्री पर होंगे अब ई-हस्ताक्षर

स्टांप एवं निबंधन विभाग के उप सचिव कुलदीप सिंह ने ई-रजिस्ट्री के लिए ई-हस्ताक्षर सुविधा के आदेश जारी कर दिए हैं। एआईजी, डीआईजी और सब रजिस्ट्रार के ई-हस्ताक्षर होंगे। सिंगल विंडो सिस्टम पर ई-रजिस्ट्री की सुविधा मिलेगी। सहायक महानिरीक्षक निबंधन एसके सिंह दस्तावेज लेखक और अधिवक्ताओं की हड़ताल के कारण निबंधन व न्यायिक कार्य बंद है। जन सामान्य को कठिनाई हो रही है। जनता की परेशानी के मद्देनजर कोई भी लेखपत्र प्रस्तुत होने पर उसका पंजीयन किया जाएगा। जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने कहा कि किसी व्यक्ति को कोई जबरन काम करने से नहीं रोकेगा। जो स्वेच्छा से काम करना चाहें, वह कर सकते हैं। जनता को परेशानी नहीं होनी चाहिए। कानून व्यवस्था खराब करने पर सख्ती से निपटा जाएगा।

### ऐसे चला आंदोलन

- 3 मई को सदर तहसील दिवस में वकीलों ने कार्य बहिष्कार व प्रदर्शन किया।
- 5 मई को सदर तहसील स्थित रजिस्ट्री दफ्तर में हड़ताल शुरू।
- 8 मई से जिले की सभी 6 तहसीलों के 10 रजिस्ट्री दफ्तरों में बैनामा बंद।
- 12 मई को राजनैतिक व सामाजिक संगठन वकीलों के समर्थन में आए।
- 16 मई को जिलाधिकारी ने हड़ताल में शामिल लोगों के साथ बैठक की।
- 20 मई को एआईजी ने सीधे बैनामा पंजीयन के आदेश जारी कर दिए।

# दूसरे बड़ा मंगल पर आयोजित भंडारे का पूर्व सांसद ने किया शुभारंभ


**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में जेष्ट माह के द्वितीय बड़े मंगल पर स्थानीय रानी तालाब हनुमान मंदिर पर अयोजित भंडारे का शुभारंभ पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने महाबली हनुमान जी की आरती करके किया। भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। जानकारी के अनुसार 20 मई को भंडारे में शामिल लोगो को सम्बोधित करते हुए पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने कहा की हनुमान जी महाराज कलयुग के प्रत्यक्ष देवता है। वह अपने भक्तों के संकट को हरने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि जेष्ठ माह के बड़े मंगल पर हनुमान जी की पूजा अर्चना करने से जीवन में सुख समृद्धि आती है। संकट का नाश होता है। उन्होंने हनुमान जी की आरती उतार कर भंडारे का शुभारंभ किया। साथ ही श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। आयोजक ने पूर्व सांसद का स्वागत किया। इस अवसर पर गोपी, राजा अग्रवाल, अतुल तिवारी, सौरभ रत्न पांडे, अंकित कुमार, विशाल यादव, संप्रीत सिंह व अमन बंसल सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय का हुआ भूमि पूजन

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**



जनपद में बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय के निर्माण कार्य को प्रारम्भ कराये जाने हेतु ग्राम पंचायत नरहरपुर विकासखण्ड भीटी में मंगलवार सदस्य विधान परिषद डॉ0 हरिओम पाण्डेय, विधान सभा क्षेत्र कटेहरी के विधायक धर्मराज निषाद, जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला, मुख्य विकास अधिकारी आनन्द कुमार शुक्ला एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा भूमि पूजन का कार्य किया गया। मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय के निर्माण कार्य कार्यदायी संस्था उ0प्र0 प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लिमिटेड के द्वारा किया जाना है। मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय के निर्माण हेतु आंकलित लागत रू0 2359.91 लाख (तेईस करोड़ उनसठ लाख इक्यानवे हजार रूपये मात्र) के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में कार्यदायी संस्था उ0प्र0 प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लिमिटेड को कुल धनराशि का 50 प्रतिशत धनराशि रू0-1179.955 लाख (ग्यारह करोड़ उन्यासी लाख पन्चानवे हजार पांच सौ रूपये मात्र) प्रेषित किया गया है। आकांक्षी विकासखण्ड में इस प्रकार उच्चीकृत समस्त सुविधाओं से परिपूर्ण विद्यालय के निर्माण होने से उस विकासखण्ड के साथ-साथ पूरे जनपद के बच्चों को बेहतर शिक्षा प्राप्त हो सकेगी। मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय (प्री-प्राइमरी एवं कक्षा 01 से 12 तक) के रूप में परिभाषित किया जायेगा। जिसमें विज्ञान, गणित, वाणिज्य एवं कला वर्ग की विषय की चार कक्षाएं आधुनिक अवस्थापना एवं शैक्षणिक संस्थानों के साथ संचालित की जायेंगी। इस अवसर पर माननीय सदस्य विधान परिषद श्री हरिओम पांडेय ने बताया यह सरकार की महत्वपूर्ण योजना है कि इससे गांव के आसपास के बच्चे आसानी से उच्च स्तर की गुणवत्ता परक शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में मुख्यमंत्री की इस महत्वपूर्ण योजना से बच्चे आधुनिक तकनीक से रुचिकर शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि विद्यालय भवन में लगभग 1500 छात्र-छात्राओं के लिए 30 कक्षा-कक्षों से युक्त विद्यालय भवन का निर्माण किया जायेगा। मॉडल कम्पोजिट विद्यालय में नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप एवं समग्र शिक्षा में निहित प्रावधानों के अनुरूप कक्षा-11 से 12 तक की पृथक-पृथक कक्षाओं का संचालन किया जायेगा। साथ ही कक्षा-11 एवं 12 के लिए विज्ञान, कला एवं गणित विषयों के लिए पृथक-पृथक कक्षाओं का प्राविधान किया जायेगा। इसके अतिरिक्त प्रत्येक कक्षा-कक्ष में बच्चों को डिजिटल एजुकेशन प्लेटफार्म एवं डिजिटल लर्निंग के माध्यम से गुणवत्तापरक शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु स्मार्ट क्लास की स्थापना एवं डिजिटल उपकरणों की व्यवस्था की जायेगी। गणित एवं विज्ञान प्रयोगशाला, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान प्रयोगशाला, कम्प्यूटर लैब, भाषा लैब, स्टाफ कक्ष, प्रधानाध्यापक कक्ष, 300 व्यक्तियों की क्षमता का हॉल, संगीत कक्ष, मेडिकल कक्ष, आर्ट एवं काफ्ट कक्ष प्रतिदिन लगभग 1000 बच्चों के लिए भोजन को स्वच्छतापूर्वक एवं शुद्धता के साथ पकाने के उद्देश्य एक मॉड्यूलर किचन, किचन सेट, साइकिल पार्किंग, सोलर प्लांट और वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम, प्यूरीफायर वाटर तथा रैम्प एवं रेलिंग इत्यादि आधुनिक अवस्थापना सुविधाओं को विकसित किया जायेगा।

# ताजमहल देखने आए तीन पर्यटकों की तबीयत बिगड़ी, चढ़ते पारे ने सबको किया पस्त

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



ताजमहल परिसर में मंगलवार दोपहर गर्मी और लू से तीन सैलानियों की तबीयत बिगड़ गई। सभी को डिस्पेंसरी में प्राथमिक उपचार दिया गया। आंध्र प्रदेश की संध्या को पेट दर्द, महाराष्ट्र की शिखा को उल्टी और बिहार की वैशाली को ब्लड प्रेशर कम होने से चक्कर आने की शिकायत हुई। परिजन वैशाली को पश्चिमी गेट पार्किंग स्थित पर्यटक सुविधा केंद्र पर ले गए। वहां डॉक्टर ने दवा दी। आगरा के मौसम में गर्मी का प्रचंड रूप धीरे-धीरे नजर आने लगा है। अधिकतम तापमान 44 डिग्री पार करने के बाद अब न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी होने लगी है। सोमवार की रात इस सीजन की सबसे गर्म रात रही। न्यूनतम तापमान 28.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया जो सामान्य से 3.1 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। आगरा न्यूनतम तापमान के पायदान में प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा। 31 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ झांसी पहले नंबर पर है। जिले में गर्मी लोगों को बेहाल करने लगी है। अधिकतम के साथ न्यूनतम पारा भी बढ़ रहा है। अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार होने के बाद अब न्यूनतम तापमान में वृद्धि हो रही है। रविवार रात को जिले का न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस रहा था। वहीं सोमवार रात को इसमें 1.4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई और यह 28.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। पिछले साल मई में न्यूनतम तापमान 30.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। मंगलवार को अधिकतम तापमान 42.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो कि सामान्य से 2 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। तेज धूप, गर्मी और गर्म हवा के साथ उमस ने लोगों को परेशान किया। मौसम विभाग का पूर्वानुमान केंद्र अगले दो दिन बादलों के साथ बिजली कड़कने और धूल भरी तेज हवा चलने की संभावना व्यक्त कर रहा है।

### रात में महसूस हो रही है दिन जैसी गर्मी

न्यूनतम तापमान बढ़ने से रात में दिन जैसी गर्मी महसूस हो रही है। हवा में आर्द्रता का प्रतिशत 81 तक पहुंचने से उमस भी लोगों को परेशान कर रही है। बहुमंजिला इमारतों में ऊपरी तल पर रहने वालों का गर्मी से हाल बेहाल है।

# बस्ती में अपराध की बाढ़, कानून व्यवस्था वेंटिलेटर पर! पुलिस के इकबाल पर सवाल?

- पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में महिला को जलाकर मार डालने की चर्चा तेज, क्षेत्र में दहशत
- सप्ताह भर में 2 मासूमों से दरिंदगी से दहला बस्ती, जनता में रोष
- ऑपरेशन लंगड़ा इनकाउंटर में वाहवाही लूटने वाली पुलिस का नहीं है कोई खौफ!



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

बस्ती जिले में लगातार हो रही घटनाओं से जिले में दहशत का माहौल है। ताजा मामला पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के पाण्डेय बाजार का है जहां पर एक महिला को जिंदा जलाकर मार डालाने की चर्चा तेज है। अभी सप्ताह भर के अंदर दो मासूम बच्चियों से रेप का मामला ठंडा नहीं हुआ था कि महिला को जलाने की घटना ने पूरे पुलिस व्यवस्था के सिस्टम पर गंभीर सवाल खड़ा करता है।

जिले में लगातार हो रही मासूमों से रेप की घटनाओं से जिले में दहशत व आक्रोश का माहौल है। आप को बता दे कि सप्ताह भर के अंदर दो मासूम बच्चियों के साथ दरिंदगी के बाद निर्मम हत्या से पूरे जिले में आक्रोश है।

पिछले सप्ताह कोतवाली थाना क्षेत्र में सो रही 4 वर्षीय मासूम के साथ दरिंदगी का मामला शांत हुआ भी नहीं था कि लालगंज थाना क्षेत्र में मासूम के साथ हैवानियत की हद पार कर देने वाली घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है।

हैवानियत की हद पार- मासूम के साथ पहले रेप फिर हाथ-पैर और सीने की हड्डी तोड़ी, फिर निर्मम हत्या एक दिन पहले ही लालगंज थाना क्षेत्र में 5 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दरिंदे ने पहले रेप, फिर हाथ पैर और सीने की हड्डी तोड़ कर निर्मम तरीके से हत्या कर दिया था।

इस वीभत्स घटना से मासूम के बच्चे के परिवार वह उनके शुभचिंतकों का रो-रो के बुरा हाल है। 5 वर्षीय मासूम बच्ची कक्षा एक छात्र थी।



"महिला की जलने की बात सामने आयी है। इस पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है,घटना में जो भी आरोपी संलिप्त होगा उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।"

**सत्येंद्र भूषण तिवारी**
**क्षेश्राधिकार सदर।**



"यह घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है, शासन जीरो टॉलरेंस पर विश्वास करती है। अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया है, कि घटना का पर्दाफाश जल्द से जल्द करके दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाएं। जिससे इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति भविष्य में न हो।"

**महेश शुक्ल**
**उपाध्यक्ष, गो सेवा आयोग उत्तर प्रदेश।**



"बस्ती पुलिस के सुस्ती, निरकुशंता से अपराधियों में कोई खौफ नहीं रह गया है। बस्ती में कानून व्यवस्था वेंटिलेटर पर है। बस्ती में आए दिन मासूमों के साथ दरिंदगी हन्या जैसी घटनाएं हो रही है,जो चिंतनीय है। हम समाजवादी पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं, पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए हर स्तर से मदद करेंगे।"

**महेंद्र नाथ यादव**
**विधायक बस्ती सदर/जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी।**

### पैर में नहीं सीने में मारो गोली, दरिंदे की जगह यमलोक में, की उठ रही है आवाज

बस्ती जिले में लगातार हो रही घटनाओं से पूरे जिले में तमाम संगठन के लोग व आम जनमानस में दरिंदे की प्रति काफी रोष है। लोगों का कहना है कि ऐसे दरिंदों को पैर में नहीं बल्कि सीधे सीने में गोली मारनी चाहिए इसकी जगह यमलोक में है। सोशल मीडिया के माध्यम से बस्ती कप्तान से लोग कह रहे हैं कि दरिंदे को ऐसी सजा दी जाए जो कार्रवाई के मामले में नजीर बने।

### पुलिस के इकबाल को खुले आम दे रहे हैं अपराधी चुनौती, अपराध की बाढ़

छोटी-मोटी घटनाओं में इनकाउंटर करके वह लूटने वाली पुलिस टीम का कितना खौफ है, इसका अंदाजा आप खुद ही लगा सकते हैं। सप्ताह भर में दो मासूमों के साथ दरिंदगी ने एनकाउंटर में वाहवाही लूटने वाली पुलिस के कार्य प्रणाली पर गंभीर प्रश्न चिन्ह है। वैसे भी बस्ती पुलिस का विवादों से गहरा नाता है आए दिन की पुलिस की कार्य प्रणाली पर गंभीर सवाल उठते रहते हैं।

### बस्ती में अपराध की बाढ़! महिला सुरक्षा का दावा हवा-हवाई

बस्ती पुलिस भले ही हर सर्कल में पिंक बूथ स्थापित करके महिला सुरक्षा की बात करती हो लेकिन जमीनी आंकड़े कुछ अलग ही है। बस्ती में आए दिन महिलाओं और मासूम बच्चियों के साथ हुई घटना ने पूरे पुलिस व्यवस्था की पोल खोल दिया है। चोरी, छीनैती, लूट, रेप, अवैध गाज़ा तस्करी व पुलिस कस्टडी में युवक की मौत सहित तमाम घटनाएं बस्ती पुलिस के लिए आम बात है।

### बस्ती में नहीं मिलता महिलाओं को न्याय, न्याय के लिए प्रभारी मंत्री के पैरों में पड़ता है गिरना

बस्ती में महिलाओं को लेकर भले ही लाख सुरक्षा की बात की जाती है लेकिन यह सब हवा हवाई बात है। मशहूर युटुबर पूर्वी दुबे के साथ हुई छेड़छाड़ के मामले में पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न करना महिला सुरक्षा के दावों की पोल खोलता है। बस्ती पहुंचे प्रभारी कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल उस समय चौक गए जब एक महिला अपनी बेटी के साथ हुई दरिंदगी के लिए मंत्री के पैरों पर गिर पड़ी और बोली, मेरी बेटी के साथ अन्याय हुआ है मंत्री जी न्याय दिलाइए।

> अभी सप्ताह भर के अंदर दो मासूम बच्चियों से रेप का मामला ठंडा नहीं हुआ था कि महिला को जलाने की घटना ने पूरे पुलिस व्यवस्था के सिस्टम पर गंभीर सवाल खड़ा करता है।

वह किसी काम से अपनी दादी को ढूंढने घर निकली थी।

इस घटना ने पुलिस विभाग के पूरे सिस्टम पर सवाल खड़ा कर दिया है, अपराधी खुलेआम खाकी के इकबाल को खुली चुनौती दे रहे हैं।

# दो चोर गिरफ्तार, मंदिर से चोरी के सामान, तमंचा, कारतूस बरामद

### रामपुर, सरेरी के मंदिर से हुई थी कई भीषण चोरियां




**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जिले की रामपुर थाना पुलिस ने मंगलवार को शातिर चोरों के एक बड़े गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने इस गिरोह में शामिल दो चोरों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से मंदिर से चोरी किए गए हजारों रुपए के पीतल के आभूषण, मूर्ति व अन्य सामान, 315 बोर का एक तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद किया है। गिरफ्तार चोरों में एक की पहचान दिनेश उर्फ मोनू उर्फ प्रीत तिवारी पुत्र शेष नारायन तिवारी निवासी ग्राम राजा पुर थाना रामपुर दूसरे की मनोज उर्फ मोनू पांडेय पुत्र भोलानाथ पांडेय निवासी मोहल्ला याकूबपुर थाना कोतवाली जनपद भदोही के रूप में हुई।

इन दोनों अभियुक्तों के खिलाफ जिले के थाना रामपुर, सरेरी में चोरी के कई मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह, सीओ मडियाहू के निर्देशन में रामपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक देवानंद रजक, उप निरीक्षक रामाश्रय कुशवाहा, अजय शर्मा, माया शंकर दुबे किबपुलिस टीम ने इन दोनों शातिर चोरों को रामपुर थाना क्षेत्र के इमिलिया मोड़ के पास मंगलवार को उस समय घेराबंदी करके रंगे हाथ पकड़ लिया गया।

जब वह हजारों रुपए के कीमत के चोरी का सामान अन्यत्र कहीं बेचने के फिराक में थे।

पुलिस ने दावा किया कि गिरफ्तार दोनों चोरों के पास से मंदिर में रखी गई राधा कृष्ण, लक्ष्मी जी की छोटी मूर्तियां, तांबा के लोटे, नागफनी के पात्र, भजन कीर्तन के लिए लगाया गया साउंड, एमप्लीफायर बॉक्स, इनवर्टर बैट्री, माइक स्टैंड समेत अन्य सामान बरामद किया गया है। पूछताछ के दौरान दोनों ने स्वीकार किया कि 50 हजार से अधिक कीमत के काफी कुछ सामान हम लोगों ने कुछ दुकानदार को बेंच दिया है। बेचे गए सामानों से प्राप्त रुपए भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस ने दावा किया कि इन शातिर चोरों ने रामपुर थाना क्षेत्र के उक्त मंदिर से 17 मई की रात को भीषण चोरी किया था। जबकि सुरेरी थाना क्षेत्र के कई मंदिरों से 21 मार्च की रात में चोरी किया था।

### पुराने मंदिर ही चोरों के निशाने पर

**जौनपुर।** पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार दोनों शातिर चोर के निशाने पर पुराने ऐतिहासिक मंदिर ही रहते थे। पूछताछ के दौरान चोरों ने बताया कि 20 दिन पहले बाबा बूढ़ेनाथ महादेव मंदिर गोपालापुर, हनुमान मंदिर, गोपालपुर स्थित शिव मंदिर तथा सुरेरी थाना क्षेत्र के नागेश्वर नाथ धाम मंदिर मंदिर से करीब एक लाख रुपए का कीमती पीतल का छोटा बड़ा घंटा, पीतल का दीपक, पीतल का नागफनी, पीतल की मूर्ति, ताबां व सफेद धातु की लक्ष्मी, गणेश, राधा श्री कृष्ण की मूर्ति चोरी करने का कबूल किया है।

### दोस्तों संग पोखरा में नहाने गए सगे भाइयों की डूबने से मौत

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के नयनसंड गांव के बगल में स्थित दशरथा गांव में दोस्तों के संग नहाने गए दो सगे भाइयों की पोखरे में पैर फिसल कर गहरे पानी में चले जाने की वजह से मौत हो गई। नयनसंड निवासी स्वर्गीय धीरज राय के दो पुत्र ओम राय 13 साल अर्जुन राय 11 साल मंगलवार की सुबह लगभग 9 बजे अपने दोस्तों के साथ बगल के गांव दशरथा में स्थित पोखरे पर खेलते समय नहाने चले गए। जहां पैर फिसल जाने से गहरे पानी में चले जाने की वजह से दोनों डूब गए। दोस्तों द्वारा शोर मचाने पर बगल में क्रिकेट खेल रहे युवक भागकर मौके पर पहुचे तथा ओम राय को बाहर निकाला जबकि अर्जुन राय गहरे पानी में पोखरे की तलहटी में चला गया था जिसे युवको ने लगभग आधे घंटे की मेहनत के बाद बाहर निकालने में सफलता पाई। मौके पर पहुंचे गौराबादशाहपुर थानाध्यक्ष फूलचन्द्र पाण्डेय ओम राय को तुरत अपने सरकारी जीप से लेकर चोरसंड सीएचसी पहुंचे जहां चिकिन्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थोडी देर बाद अर्जुन को भी लेकर ग्रामीण सीएचसी पहुंचे जहां चिकिन्सकों ने बताया कि उसकी मौत पहले ही हो चुकी है। घटना के पश्चात गांव में कोहराम मच गया। जबकि मां प्रियंका राय का रो रो कर बुरा हाल हो गया।

# विधायक हर्रैया के नेतृन्व में निकली भारत शौर्य तिरंगा यात्रा



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

विधायक अजय सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। यात्रा छावनी शहीद स्थल से प्रारंभ होकर राम जानकी मार्ग होते हुए अमर शहीद महाराजा जालिम सिंह किला अमोढ़ा में सम्पन्न हुई। यात्रा भारत माता की जय, भारतीय सेना जिंदाबाद, वंदे मातरम आदि नारों से गूंज उठी। यात्रा में बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों की भागीदारी रही। विधायक ने कहा कि भारतीय सेना ने दुश्मनों को सबक सिखाने का काम किया है और ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने आतंकियों के अड्डे नष्ट कर अदम्य साहस दिखाया है।

उन्होंने कहा कि अब कोई भी दुश्मन देश को आंख दिखाने का साहस नहीं कर सकता। कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान को करारा जवाब देकर यह साबित कर दिया है कि भारत अपनी सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सजग है और किसी से डरता नहीं। उन्होंने कहा भारतीय सेना का शौर्य और बलिदान देश के प्रत्येक नागरिक के लिए गर्व की बात है। ऑपरेशन सिंदूर जैसी सैन्य कार्यवाहियां हमें यह एहसास कराती हैं कि हमारी सीमाएं सुरक्षित हाथों में हैं।

यह तिरंगा यात्रा भारतीय सैनिकों के सम्मान की एक छोटी-सी अभिव्यक्ति है।

# देवी अहिल्या की 300वीं जयंती पर भाजपा का सुशासन अभियान 21 से 31 मई तक विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

होलकर वंश की महान शासिका, पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ने सुशासन अभियान के अंतर्गत 21 से 31 मई तक राज्यभर में विशेष कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की है। इसी कड़ी में भाजपा जौनपुर द्वारा होटल रिवर व्यू में एक संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद अरुण सिंह शामिल हुए।

### अहिल्याबाई- वीरता, न्याय और सेवा की प्रतीक: अरुण सिंह

कार्यक्रम की शुरुआत रानी अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। मुख्य अतिथि अरुण सिंह का स्वागत राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव व जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर किया। अरुण सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि रानी अहिल्याबाई का जीवन देश के लिए प्रेरणास्त्रोत है। वे न केवल एक वीरांगना और कुशल शासिका थीं, बल्कि एक समाज सुधारक भी थीं। उन्होंने देशभर के धार्मिक स्थलों के पुनरुद्धार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाईध बद्रीनाथ, केदारनाथ, काशी विश्वनाथ से लेकर सोमनाथ तक के मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने अहिल्याबाई जैसी महान विभूतियों को कभी उचित सम्मान नहीं दिया, जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने उनके योगदान को देश के सामने लाने का कार्य किया है।

### भाजपा का मिशन- विरासत से विकास तक

राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने बताया कि अहिल्याबाई की जयंती को समर्पित यह अभियान न्याग, सेवा और न्याय जैसे मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास है। उनके आदर्श आज भी प्रशासनिक और सामाजिक प्रेरणा का स्रोत हैं।

### सुशासन अभियान के माध्यम से जनजागरूकता

क्षेत्रीय महामंत्री अशोक चौरसिया ने जानकारी दी कि 21 से 31 मई तक चलने वाले अभियान में रानी अहिल्याबाई के जीवन और कार्यों के साथ-साथ केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं, विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण, को भी उजागर किया जाएगा। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने बताया कि यह निर्देश पार्टी के केंद्रीय नेतृन्व से प्राप्त हुआ है और इसे पूरे देश में प्रमुखता से मनाया जा रहा है।

### महिला संवाद व प्रतियोगिताएं भी होंगी आयोजित

राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि इस अवसर पर महिला जनसंवाद, विभिन्न प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके माध्यम से भाजपा विकास भी, विरासत भी के मंत्र को जन-जन तक पहुंचाएगी।

### तिरंगा यात्रा से राष्ट्रभक्ति का संदेश

संगोष्ठी के बाद विधायक रमेश सिंह के नेतृन्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई, जो सद्भावना पुल से प्रारंभ होकर जोगियापुर होते हुए कलेक्ट्रेट कैंपस स्थित शहीद स्तंभ पर पुष्पांजलि अर्पित कर समाप्त हुई। उन्होंने कहा कि भारत अब सीमापार हमलों को रोकने और मुंहतोड़ जवाब देने की ताकत रखता है। ऑपरेशन सिंदूर इसका प्रमाण है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृन्व में आज भारत निर्णायक कार्रवाई करने वाला राष्ट्र बन चुका है।

### साधारण परिवार से संत स्वरूप तक की यात्रा: दिलीप पटेल

क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने रानी अहिल्याबाई की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के चोंडी गाँव में हुआ था। एक सामान्य परिवार की बेटी होते हुए भी उन्होंने जीवन में असाधारण कार्य किए। राजा मल्हार राव होलकर ने उनकी प्रतिभा को पहचाना और मात्र आठ वर्ष की आयु में उनका विवाह अपने पुत्र खंडेराव से करवा दिया।

# ज्येष्ठ मास के द्वितीय बड़े मंगलवार को उमड़ी आस्था

## डीएम, सीडीओ ने किया पूजन अर्चन



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

ज्येष्ठ मास के द्वितीय बड़े मंगलवार को विकास भवन कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष राम अधार पाल के संयोजन में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी रवीश गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल ने विकास भवन परिसर में विधि विधान से वैदिक मंत्रों के बीच श्री हनुमान जी का पूजन अर्चन कर प्रसाद ग्रहण किया।

भण्डारे में पूर्व विधायक दयाराम चौधरी, डी.सी. मनरेगा संजय शर्मा, डीडीओ अजय सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार, समाज कल्याण अधिकारी श्री प्रकाश पाण्डेय, मुख्य कोषागार अधिकारी अशोक कुमार प्रजापति, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद अध्यक्ष मस्तराम वर्मा, मंत्री तौलू प्रसाद, अशोक मिश्र, समाजसेवी जगदीश शुक्ल, पूर्व प्रमुख गुलाब सोनकर, मुकेश सोनकर, ओम प्रकाश, सुजीत कुमार, राजेश कुमार, गोवर्धन उपाध्याय, आशुतोष कुमार, जलालुद्दीन कुरेशी, आलोक चौधरी, अखिलेश पाण्डेय, आलोक, अखिलेश पाठक, दिनेश श्रीवास्तव, मनोज कुमार, अजय पाण्डेय, राजा शेर सिंह, उदयशंकर शुक्ल, सचिन पाण्डेय, डी.एन. वर्मा, के साथ ही बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, समाजसेवी, विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग उपस्थित रहे और भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया।


### डीएम ने स्टेट बैंक के ऋण धारकों से फोन पर किए बात।

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** स्थानीय कस्बे में स्थित भारतीय स्टेट बैंक में पहुचें डीएम ने सबसे पहले बैंक मैनेजर से मिले और उन्होंने वितरित किये गये ऋण के बारे में ग्राहकों से फोन पर बात कर जानकारी लिया। इसके बाद वह मछली गांव पहुंचकर स्टेडियम, तालाब, वृक्षारोपण, जल जीवन मिशन की टंकी आदि का भी निरीक्षण किया। वापस लौटते समय उन्होंने शाहपुर गांव के पीली नदी स्थित गोशाला का निरीक्षण किया। गोवंशों की देखभाल के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को उनके धूप से बचाव,दाना, भूसा की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया।

## रिश्वतखोरी का भंडाफोड़!

# सीबीआई ने डाक विभाग के एसडीआई को 25,000 लेते रंगे हाथों दबोचा

### निलंबन से बचाने के नाम पर मांगी थी घूस, मेल मोटर चालक भी शामिल



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

उत्तर प्रदेश के जौनपुर में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सीबीआई ने डाक विभाग के उप संभागीय निरीक्षक एसडीआई मड़ियाहूं को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपी एसडीआई के साथ मेल मोटर चालक (निजी व्यक्ति) को भी गिरफ्तार किया गया है।

यह कार्रवाई 19 मई 2025 को दर्ज एक शिकायत के बाद अंजाम दी गई, जिसमें एक शाखा पोस्ट मास्टर ने आरोप लगाया था कि निरीक्षण के दौरान नगदी में अंतर मिलने पर एसडीआई ने स्पष्टीकरण मांगने के बाद ?25,000 की रिश्वत की मांग की थी, ताकि उसे निलंबन से बचाया जा सके।

शिकायतकर्ता ने 17 मई को स्पष्टीकरण जमा कर दिया था, लेकिन उसी दिन आरोपी ने उसे फोन कर दबाव बनाते हुए रिश्वत की डिमांड दोहराई। सीबीआई ने पूरी योजना को समझते हुए जाल बिछाया और जैसे ही शिकायतकर्ता ने एसडीआई व उसके सहयोगी को पैसे दिए, टीम ने दोनों को रंगे हाथों पकड़ लिया।

गिरफ्तारी के बाद दोनों को लखनऊ की विशेष सीबीआई कोर्ट (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, न्यायालय संख्या 6) में पेश किया गया। वहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सीबीआई की इस कार्रवाई से डाक विभाग में हड़कंप मच गया है, और भ्रष्टाचारियों में डर का माहौल बन गया है। सूत्रों का कहना है कि जांच का दायरा जल्द ही और बढ़ सकता है, और अन्य कर्मचारियों की भी भूमिका की जांच हो सकती है।

# जौनपुर में पंचायत सचिव और प्रधान पर करोड़ों के भ्रष्टाचार का आरोप, जनता के धन से बनाई प्रॉपर्टी, उग्च स्तरीय जांच की मांग

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**




जौनपुर जिले के विकासखंड सुईथाकला अंतर्गत ग्राम पंचायत सरपतहा में भ्रष्टाचार का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि पंचायत सचिव शाहिद खान और ग्राम प्रधान यशवंत यादव ने आपसी मिलीभगत से शासनादेश की धज्जियां उड़ाते हुए करोड़ों रुपये के फर्जी भुगतान कर जनता की गाढ़ी कमाई को लूटने का काम किया है।

### फर्जी वेंडर, फर्जी बिल — जनता का धन निजी संपत्ति में तब्दील

सूत्रों और ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार, सचिव और ग्राम प्रधान ने मिलकर प्रधान के ही वेंडर से काम कराए बिना ही कूट रचित बिल बनवाकर करोड़ों का भुगतान करवा लिया। यह धन ग्राम पंचायत के विकास के लिए था, लेकिन धरातल पर कोई कार्य नहीं हुआ। ग्रामवासियों ने इस घोटाले की उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि सचिव और प्रधान ने इस भ्रष्टाचार के माध्यम से भारी संपत्ति खड़ी की है ध जिसमें कई भूखंड, मकान और निजी वाहनों की खरीद भी शामिल है।

### जिलाधिकारी से की गई कार्रवाई की मांग

**ग्रामीणों ने जिलाधिकारी जौनपुर से मांग की है कि**

- इस पूरे प्रकरण की तकनीकी और लेखा परीक्षण करवाई जाए।
- वेंडर, सचिव और प्रधान की भूमिका की स्वतंत्र जांच हो।
- जो भी धन गलत तरीके से निकाला गया है, उसकी वसूली कर सरकारी खजाने में जमा कराया जाए।
- दोषियों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज कर कठोर दंड दिया जाए।

### शासन के प्रति विश्वास को लगा झटका

ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल आर्थिक अपराध नहीं है, बल्कि सरकार और प्रशासन के प्रति जनता के विश्वास पर भी गहरा प्रहार है। विकास कार्यों के नाम पर कागजों में खानापूरी कर करोड़ों की बंदरबांट कर दी गई। यह भ्रष्टाचार केवल पंचायत तक सीमित नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था की साख पर प्रश्नचिह्न है। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो यह लूट की प्रवृत्ति अन्य ग्राम सभाओं में भी फैल सकती है।

# नीलगाय से टकराकर टेंपो पलटा, मौके पर हुई मौत

- जिसमें एक कि मौके पर मौत हो गई। दो घायल हो गए। घायलों को इलाज के अस्पताल भिजवाया

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जफराबाद थाना क्षेत्र के पौना गांव में सड़क पर अचानक नीलगाय आ जाने से एक टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें एक कि मौके पर मौत हो गई। दो घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया। बता दें कि जफराबाद थाना क्षेत्र के पौना गांव का मुन्ना यादव अपना टेंपो लेकर धर्मापुर बाजार होते हुए वापस घर लौट रहा था, दोपहर के दो बजे टेंपो जैसे ही धर्मापुर- जफराबाद मार्ग पर पौना गांव में पहुंचा तभी अचानक सामने दौड़ते हुए एक नीलगाय आ गया, नीलगाय से टकराकर टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गया, टेंपो के नीचे टेंपो में सवार अभिषेक यादव उर्फ मोनू (23) पुत्र नवल यादव निवासी पौना की दबने के वजह से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, वहीं टेंपो में बैठा विशाल यादव (24) और टेंपो चला रहा मुन्ना यादव (30) घायल हो गया। घटना के बाद चीख पुकार मच गई। घायल विशाल और मुन्ना को जिला अस्पताल भिजवाया गया। घटना के बाद अभिषेक यादव उर्फ मोनू के घर पर कोहराम मच गया। हालांकि परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए लाश का अंतिम संस्कार कर दिया।

# किशोरी मौत मामले में देर रात लाठीचार्ज से पनपा आक्रोश, पुलिस ने 160 पर दर्ज की एफआईआर

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



बुखार पीड़ित किशोरी की मौत मामले न्याय की मांग कर रही भीड़ पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। जिसमें कुल 160 लोगों को शामिल किया गया। एफआईआर में 25 लड़कियों और महिलाओं को भी शामिल किया गया जबकि 15 लोगों को नामजद किया गया। भीड़ पर पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया था। पीड़ित परिवार से भाजपा नेताओं ने मुलाकात की है। छिबरामऊ कोतवाली पुलिस ने लगातार दो दिन भीड़ पर लाठीचार्ज करने के बाद 160 लोगों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की है। छिबरामऊ कस्बा चौकी इंचार्ज एसआई राजेश प्रताप सिंह की तहरीर पर पुलिस ने दीपक गुप्ता, आदेश गुप्ता, अतुल पाल, शिवम तिवारी, सतेंद्र, सचिन, आलोक पाल, वैभव, माजिद अंसारी, चंद्रशेखर गुप्ता, मयंक गुप्ता, गोपाल दुबे, संजीव ठाकुर, अमन यादव और ध्रुव गुप्ता के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है। जबकि 25 अज्ञात लड़कियों-महिलाओं और 120 अज्ञात पुरुषों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। कस्बा चौकी इंचार्ज राजेश प्रताप सिंह ने आरोप लगाया कि भीड़ ने हाइवे पर रोड जाम कर दिया था। हंगामे और और नारेबाजी से आसपास के दुकानदारों में भय व्याप्त हो गया। समझाने के बाद भी जब भीड़ जाम खोलने को राजी नहीं हुई तो बल प्रयोग करना पड़ा। इस दौरान करीब एक घण्टे तक हाइवे पर जाम लगा रहा।

### वैश्य समाज के लोगों ने डीएम से की मुलाकात

छिबरामऊ की घटना से आक्रोशित वैश्य समाज के लोगों ने मंगलवार को डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री से कलक्ट्रेट में मुलाकात की। उन्हें ज्ञापन सौपतें हुए पुलिस की कार्यशैली के बारे में बताया और दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही की मांग की है। यहां वैश्य समाज के नेता अनिल गुप्ता ने आरोप लगाते हुए कहा कि छिबरामऊ के जिस श्री कृष्णा अस्पताल में बुखार पीड़ित किशोरी लाडो की गलत इंजेक्शन से मौत हो गई, उसका रजिस्ट्रेशन तक नहीं है। स्वास्थ्य अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध तरीके से अस्पताल संचालित हो रहा है। जिसकी जांच की जानी चाहिए ताकि ये पता चल सके कि किसकी शह पर अवैध तरीके से अस्पताल संचालित हो रहा है।

### भाजपा नेताओं ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात

न्याय की मांग कर रही भीड़ पर लाठीचार्ज और मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद भाजपा की छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडेय और पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने मृतक किशोरी रुचि गुप्ता उर्फ लाडो के घर पहुंच कर पीड़ित परिजनों से मुलाकात की। पुलिस की कार्यशैली को लेकर लोगों ने विधायक और पूर्व सांसद से शिकायत की। उन्होंने पीड़ित परिवार की मदद करने और दोषियों पर कार्यवाही कराने का भरोसा दिया है।

### ये है पूरा मामला

छिबरामऊ के बुद्ध कूंचा मोहल्ले के रहने वाले राजेश गुप्ता की 15 वर्षीय बेटी रुचि उर्फ लाडो बुखार से पीड़ित थी। उसके परिजनों ने 18 मई को नगर के पूर्वी बाईपास स्थित श्री कृष्णा हॉस्पिटल में उसे एडमिट कराया था। जहां डॉक्टर के इंजेक्शन देने के बाद उसकी तबियत बिगड़ गई और कुछ ही देर में उसने दम तोड़ दिया था। किशोरी की मौत के बाद 18 मई और 19 मई की रात भीड़ का हंगामा और पुलिस के लाठीचार्ज से माहौल खराब हो गया।

### बिसरा सुरक्षित किया गया

पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम की कार्यवाही के बाद भी लाडो की मौत की गुन्थी नहीं सुलझ सकी। पोस्टमार्टम हाउस के सूत्रों ने बताया कि लाडो के शव का बिसरा सुरक्षित कर लिया गया है। मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। जिस जगह पर लाडो के इंजेक्शन लगाया गया था, उसकी स्किन का सैम्पल लेकर फोरेंसिक लैब भेज दिया गया। जांच रिपोर्ट में ही मौत का कारण पता चल सकेगा।

# अखिलेश यादव का पुतला दहन मुस्लिम समुदाय ने जताया आक्रोश




जन एक्सप्रेस। उन्नाव

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ मुस्लिम समुदाय के लोगों ने गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए उन्नाव के जामा मस्जिद गंज शहीदा कब्रिस्तान के पास उनका पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के जिला अध्यक्ष मोहम्मद अहमद के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए और जमकर नारेबाजी की। बता दे कि प्रदर्शनकारियों का कहना है कि अखिलेश यादव ने हाल ही में दिए अपने एक बयान में मुस्लिम समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है, जिससे लोगों में भारी नाराज़गी है। मोहम्मद अहमद ने मीडिया से बातचीत में कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा मुस्लिम वोट लेकर सिर्फ सत्ता हासिल की, लेकिन उनके हक में कभी कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अखिलेश यादव ने अपने हालिया भाषणों में समुदाय विशेष के खिलाफ ऐसे शब्दों का प्रयोग किया है, जो निंदनीय है और मुसलमानों की उपेक्षा को दर्शाता है। उन्होंने कहा, ÷हम अखिलेश यादव के उस बयान की घोर निंदा करते हैं जिसमें उन्होंने मुसलमानों की बात को नज़रअंदाज़ किया और उन्हें केवल वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करने का संकेत दिया। समाजवादी पार्टी ने मुसलमानों को सिर्फ इस्तेमाल किया है, लेकिन आज जब चुनाव पास हैं, तो उनके खिलाफ ही बयान दिए जा रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान स्थानीय लोगों ने हाथों में बैनर और पोस्टर लेकर अखिलेश यादव के खिलाफ नारे लगाए और समाजवादी पार्टी की नीतियों की आलोचना की। उनका कहना था कि अब समय आ गया है कि मुस्लिम समुदाय अपने अधिकारों के लिए संगठित हो और अपने सशक्त नेतृत्व को सामने लाए। इस मौके पर पुलिस प्रशासन भी मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित किया। हालांकि प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा और किसी भी प्रकार की हिंसा की सूचना नहीं मिली। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर अखिलेश यादव अपने बयान पर माफी नहीं मांगते हैं तो प्रदेशभर में उनके खिलाफ और उग्र आंदोलन किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने मुस्लिम समुदाय से अपील की कि वे जागरूक हों और उन राजनीतिक दलों से सावधान रहें जो केवल उनके वोट की राजनीति करते हैं।

# अभय शुक्ला जिलाध्यक्ष तो कुलदीप बने मंत्री



जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ बाराबंकी की जनपद कार्यकारिणी का वार्षिक चुनाव सकुशल संपन्न हुआ। जिसमें मतदान के बाद विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों का चयन निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार सैनी सहायक विकास अधिकारी पंचायत व महेंद्र कुमार की देखरेख में प्राप्त मतो के आधार पर किया गया। उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ की बाराबंकी जनपद की कार्यकारिणी का वार्षिक चुनाव विकास खण्ड बंकी के स्व. रामसेवक यादव सभागार में संपन्न हुआ। प्राप्त मतो के आधार पर जिलाध्यक्ष के रूप में अभय शुक्ला, जिला मंत्री कुलदीप श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय सिंह, उपाध्यक्ष प्रगति श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष पुष्पा मिश्रा, संगठन मंत्री दीपक गुप्ता, संयुक्त मंत्री बृजेश कुमार, संप्रेक्षक प्रफुल वर्मा, निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए निर्वाचन अधिकारी विजय सैनी ने सर्वसम्मति से रजनीश शुक्ला, कृष्ण कुमार यादव, विवेक कुमार व अनुज कुमार को जिला उपाध्यक्ष, जिला प्रचार मंत्री चन्द्र भानु पाण्डेय तथा विकास पाण्डेय को चुना। वही जिला उपमंत्री शैलजा तिवारी, रविन्द्र वर्मा जिला उप संयुक्त मंत्री और वीरेंद्र कुमार को संरक्षक मनोनीत किया गया। चुनाव के दौरान विकास खण्ड बंकी के रामसेवक यादव सभागार में मुख्यरूप से निर्वाचन महेंद्र कुमार, अनुराग यादव, सर्वेश कुमार सिंह मंत्री वि. खं. बंकी, हिमांशु वर्मा उपाध्यक्ष वि. खं. बंकी, मधुलिका वर्मा, दिनेश कुशवाहा, पुनीत कुमार वर्मा व अभिनय सिंह अन्य सभी ग्राम पंचायत अधिकारी उपस्थित रहे।

# ज्येष्ठ माह के प्रन्येक मंगलवार का विशेष महन्व: अजय प्रताप सिंह

- गंगा इंफ्राटेक ने किया सुंदरकांड पाठ व भंडारे का आयोजन

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



गंगा इंफ्राटेक एंड बिल्डर के तत्वावधान में ज्येष्ठ माह के द्वितीय बड़े मंगल को लखनऊ अयोध्या रोड स्थित ओएसिस लॉन पर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यालय पर सुंदरकांड का पाठ हुआ। गंगा इंफ्राटेक एंड बिल्डर के एमडी अजय प्रताप सिंह ने हनुमान जी की पूजा अर्चन कर सुंदरकांड का शुभारंभ किया। सुंदरकांड के समापन के बाद भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को छोला, चावल और बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। आयोजनकर्ता समाजसेवी अजय प्रताप सिंह के अनुसार, भंडारा दोपहर 12 बजे से शुरू हुआ और देर रात 10 बजे तक चलता रहा। उन्होंने कहा कि ज्येष्ठ माह के प्रत्येक मंगलवार को विशेष महत्व है। इस दिन सच्चे मन से बजरंगबली की पूजा-अर्चना करने से भक्तों की सभी मनोकामना पूर्ण हो जाती हैं। इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप, नगर पालिका अध्यक्ष शीला सिंह, वर्मा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेन्द्र प्रताप सिंह बब्बन, जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष बृजेश दीक्षित, पवन सिंह, रवि प्रताप सिंह, राहुल सिंह चौहान, भानु प्रताप सिंह, कन्हैया यादव, विवेक यादव, ज्ञानेंद्र आर्या, मो. फिरोज, जितेन्द्र मौर्या, नीरज प्रताप सिंह, प्रदीप यादव, कन्हैया यादव आदि सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बड़े मंगल पर कायम रही आपसी एकता प्रसाद ग्रहण कर दी बधाई



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

**शुक्लागंज।** क्षेत्र के बारीथाना के राजधानी मार्ग स्थित कई मंदिरों में ज्येष्ठ मास के द्वितीय मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया गया । जिसमें भक्तगणों द्वारा आमजनमानस एवं राहगीरों को प्रसाद वितरित किया गया । भाईचारे की मिशाल को कायम रखते हुवे समाजसेवी शिवराम राजपूत द्वारा सब्जी मंडी हनुमान मंदिर एवं अंकित विश्वकर्मा द्वारा जोगा भोगा स्थित शिव मंदिर में प्रसाद वितरण किया और कहा आपसी भाईचारा हमारे देश की पहचान है । इस अवसर पर कृष्णा स्वीट हाउस से शिवराम राजपूत नेहरू नगर से रमेश चंद्र मिश्रा लाल जी अशोक वर्मा,श्याम जी, सहित भारी संख्या में नगर वासी उपस्थित रहें ।



# भूमि विवाद में युवती की मौत, लाठी-डंडों से हमले में घायल युवती की इलाज के दौरान मौत

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

बिहार थाना क्षेत्र के लालाखेड़ा गांव में भूमि विवाद ने एक युवती की जान ले ली। कृषि भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर हुए विवाद में 20 वर्षीय पुष्पा गंभीर रूप से घायल हो गई थी। सोमवार शाम को निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की शिकायत में राम कुमार की पत्नी राजवती ने बताया कि गांव के विजय बहादुर, गोविंद, कमलेश, भीम, रामनिवास और दो अज्ञात लोग उनकी कृषि भूमि पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। आरोपियों ने लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। राम कुमार के घर में आग भी लगा दी गई। बता दे कि घायल पुष्पा को पहले सुमेरपुर पीएचसी ले जाया गया। वहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। हालत में सुधार न होने पर परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पांच नामजद और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। गांव में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। मृतका के परिजनों ने प्रशासन से न्याय की मांग की है।

# अपराध और असमाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देता है नशा: शशांक त्रिपाठी

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय की अध्यक्षता में जनपद में नशीले पदार्थों की रोकथाम एवं नियंत्रण को लेकर एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, कस्टम विभाग, आबकारी विभाग, एन्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि समाज में अपराध और असामाजिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने निर्देश दिया कि जनपद में नारकोटिक्स से संबंधित अवैध गतिविधियों की पहचान कर प्रभावी कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने आबकारी विभाग के अधिकारियों से कहा कि शराब और अन्य मादक पदार्थों की अवैध बिक्री पर रोक लगाने हेतु नियमित निरीक्षण किया जाय। उन्होंने बैठक में उपस्थित डीआईओएस से कहा कि स्कूलों, कॉलेजों और युवाओं के बीच जनजागरूकता अभियान चलाया जाय। जिसमें विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नशीले पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अंतरविभागीय समन्वय के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बताया कि जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है।

# शिकायत के बाद राजस्व विभाग की बड़ी कार्यवाही की तैयारी जल्द चलेगा सरकारी भूमि खाली कराने का अभियान



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

उन्नाव जनपद की सदर तहसील इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है पूर्व में उन्नाव में हुई समाधान दिवस बैठक में मंडलाआयुक्त डॉक्टर रोशन जैकब ने सरकारी जमीनों को भू माफियाओं से बचानें के लिए सख्ती से कदम उठाए जाने की बात कही थी। उन्नाव सदर तहसील में आने वाली कुछ ग्राम सभाओं में सरकारी जमीनों का जम कर बंदर बांट हुआ है ।इसका मुख्य कारण उपरोक्त ग्राम सभाओं का कानपुर के निकट होना माना जा सकता है जिन ग्राम सभाओं में सरकारी जमीनों को बेच कर लोगो ने बहुत कम समय में बेहिसाब संपत्ति अर्जित कर ली है उन ग्राम सभाओं में मुख्य रूप से हरिहरपुर एहतमाली, हरिहर पुर गैर एहतमाली,खैराहा गैर एहतमाली, खैराहा एहतमाली है जो कानपुर को उन्नाव की सीमा से जोड़ने वाले क्षेत्र की अनेक ग्राम सभाएं है। कुछ दिन पहले एक महिला ने शिकायत कर जांच की मांग की थी जिस पर मंडला आयुक्त द्वारा सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए गए जिसके चलते जिन भूमाफियाओ ने नंबरों का जमकर लाभ उठाया और सरकारी जमीन बेंच कर सरकार को क्षति पहुंचाया। उनके मजबूत सिंडिकेट के द्वारा बेची गई सरकारी जमीनें अब उन पर होगी सख्त कार्यवाही 3-5-2025को एक महिला ने मंडला आयुक्त से हरिहरपुर ग्राम में 22 बीघा सरकारी जमीन पर कब्जा करने व कब्जा करके बेचे जानें की शिकायत की थी । शिकायत होने के बाद जिला आधिकारी के निर्देश पर जांच हुई 9-5-2025को तहसील सदर से राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच की व बताया के जल्द ही जांच रिपोर्ट मंडला आयुक्त को सौंपी जायेगी। उसके पश्चात जानकारी में आया के जिन लोगों ने जमीन खरीदी हैं उनमें से कई लोग कानपुर के निवासी हैं जिनको लगातार नोटिस और सूचना देने हेतु प्लाटों की बाउंड्री वॉल पर राजस्व द्वारा नोटिस चश्पा का कार्य करवाया गया वर्तमान समय में कोई भी प्लाट मालिक मौजूद नहीं रहा जिसके चलते विभाग द्वारा सूचना के लिए नोटिस चश्पा का कार्य किया गया प्राप्त जानकारी के अनुसार जल्द ही सरकारी जमीनों को जो की हरिहरपुर में लगभग 22 बीघा मौजूद है राजस्व विभाग द्वारा बने निर्माण कार्य को ध्वस्त कर खाली करवाकर अपना कब्जा वापस लिया जाएगा और जिन लोगों द्वारा सरकारी जमीनों में नंबरों का खेल कर बेचा गया उन पर भी हो सकती है बड़ी कार्यवाही।

### बड़े पैमाने पर कार्यवाही चलेगा राजस्व विभाग

उन्नाव जनपद की तहसील सदर में शातिर भू माफियाओं ने नम्बरों का खेल कर बनाई अकूत बेनामी संपत्ति जिस पर जल्द ही होगी बड़े पैमाने पर कार्यवाही चलेगा राजस्व विभाग का बुलडोजर ।

## कोल्ड चेन में रखी लाखो रुपये की वैक्सीन खराब होने के कगार पर

**सौरिख।** भीषण गर्मी में लो वोल्टेज की समस्या के चलते अस्पताल में कोल्ड चैन में रखी वैक्सीन खराब होने की कगार पर पहुंच गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौरिख में आजकल लो वोल्टेज की समस्या के चलते कोल्ड चैन में रखी लाखों रुपए की वैक्सीन खराब होने की कगार पर पहुंच गई है प्रभारी चिकिन्सा अधिकारी आनंद कुमार ने बताया इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दे दी गई है। वहीं बिजली विभाग को भी इससे अवगत करा दिया गया लेकिन समस्या से निजात नहीं मिल पा रहा है। वोल्टेज इतने काम आ रहे है कि फीजर ठंडा नहीं हो पा रहे जिससे लाखों रुपए की वैक्सीन खराब हो सकती है।

कार्यालय नगर पंचायत मानिकपुर, सरहट (चित्रकूट)

पत्रांक– 138 / न0पं0मा0 / विज्ञप्ति / 2025–2026 दिनांक– 20 मई ,2025

ई–निविदा सूचना

नगर पंचायत मानिकपुर, सरहट में वित्तीय वर्ष–2024–25 में "15वें वित्त में अनटाइड एवं टाइड ग्राण्ट/राज्य वित्त आयोग/निकाय बोर्ड फण्ड योजना" अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत मानिकपुर क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न निर्माण कार्य हेतु दिनांक–03.06.2025 को अपरान्ह 12:00 बजे तक ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती हैं, जिसके डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://e-tender.up.nic.in पर दिनांक 21.05.2025 समय 12:00 बजे से 03.06.2025 को समय अपरान्ह 12:00 बजे तक निविदाये डाउनलोड व अपलोड की जा सकती हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन डाले जायेंगे, जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 03.06.2025 को अपरान्ह 03:00 बजे समिति/सक्षम अधिकारी एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्रों में निर्धारित शुल्क व जमानत धनराशि नगर पंचायत मानिकपुर, सरहट के भारतीय स्टेट बैंक खाता संख्या–39989721394 के IFSC-SBIN0015508 में जमा की जायेगी। निविदादाताओं को फाइनेंशियल बिड खोले जाने एवं समस्त कार्यवाही की सूचना पोर्टल के माध्यम से प्राप्त होगी। निविदा सूचना http://etender.up.nic.in & www.npmanikpursarhat.in पर देखी जा सकती है।

Tender Schedule (www.etender.up.nic.in)

| Sl. No. | E-Tendering Details | Starting Date and Time | Ending Date and Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Download | 21-05-2025 (12:00) | 03-06-2025 (12:00) |
| 2 | Bid Submission | 21-05-2025 (12:00) | 03-06-2025 (12:00) |
| 3 | Technical Bid Opening | 03-06-2025 (03:00) | |
| 4 | Financial Bid Opening | After opening Technical Bid | |
| 5 | Place of Opening e-tender | Office in Nagar Panchayat Manikpur, Sarhat | |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत मानिकपुर, सरहट

अध्यक्ष
नगर पंचायत मानिकपुर, सरहट

# आतंकी हमले के बाद घाटी में रौनक लौटाने की कोशिश : पीएम मोदी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में एक बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें भारत के पर्यटन क्षेत्र की समीक्षा की गई और सुधार पर चर्चा की गई। यह बैठक 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद हुई है, जिससे पर्यटकों में खौफ का माहौल है। केंद्र सरकार घाटी में पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दे रही है। सरकार अब इस क्षेत्र में पर्यटकों को वापस लाने और यात्रा को प्रोत्साहित करने के लिए काम कर रही है। बैठक में मौजूदा योजनाओं की समीक्षा करने और देशभर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नए तरीके खोजने पर फोकस किया गया। इससे पहले, 15 मई को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सिविल सचिवालय में होटल संघ के साथ बैठक की थी। यह बैठक पहलगाम आतंकी हमले के बाद होटल कारोबारियों की चिंताओं पर चर्चा के लिए बुलाई गई थी। मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने सभी हितधारकों को भरोसा दिलाया था कि सरकार पर्यटन क्षेत्र को पूरा समर्थन देगी और उनके सुझावों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। बायसरन में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद से कश्मीर का पर्यटन उद्योग बुरी तरह से प्रभावित हुआ। रही सही कसर पाकिस्तान की गोलाबारी ने पूरी कर दी। एक पूरा का पूरा सीजन खराब हो गया। सात मई से 12 मई तक उड़ानें बंद रहीं। संघर्ष विराम के बाद उड़ानें शुरू हुईं, तो पर्यटक आने शुरू हुए। इनमें अधिकतर ऐसे पर्यटक हैं, जिनकी पहले से बुकिंग थी। इससे हालात सामान्य होने लगे, मगर होटल कारोबारियों के अनुसार नई बुकिंग फिलहाल नहीं हो रही है। इस हमले में आतंकियों ने 26 लोगों की नृशंस तरीके से हत्या कर दी थी। जिसमें अधिकांश पर्यटक थे। इसके दो हफ्ते बाद भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। इस सैन्य अभियान के तहत सौ से अधिक आतंकियों को मौत के घाट उतारा गया। इसके अलावा, आतंकियों को पनाह दे रही पाकिस्तानी सेना के नौ एयरबेस को भी ध्वस्त किया गया।

# त्यागी ब्राह्मण सभा का धरना प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद



आईएमएस कालेज के छात्र ध्रुव त्यागी पर हुए जानलेवा हमले के मामले में अखिल भारतीय त्यागी ब्राह्मण सभा ने पुलिस लाइन में प्रदर्शन कर घेराव किया। इस मामले को युग करवट ने कल 19 अप्रेल को प्रमुखता से उठाया था। दरअसल इस मामले में ध्रुव को सिर में गंभीर चोटें आई हैं। मगर पुलिस ने बहुत हल्की धाराओं में केस दर्ज किया। इसी से लोगों में नाराजगी है। पुलिस लाइन पहुंचे सभा के कार्यकर्ता वहां धरने पर बैठ गए। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे सभा के जिलाध्यक्ष मनोज त्यागी एवं महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी ने मांग की है कि ध्रुव त्यागी पर हुए हमले के सभी आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि वेव सिटी थाना पुलिस ने कमजोर धाराओं में केस दर्ज किया। जिसका लाभआरोपियों को मिल रहा है। आरोपी घायल ध्रुव के परिजनों को धमका कर समझौते का दबाव बना रहे हैं और लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने पुलिस कमिश्नर से मांग की है कि एफआईआर में हत्या के प्रयास समेत सभी सही धाराएं जोड़ी जाएं। सभा ने वेव सिटी थाना प्रभारी की भूमिका की जांच की मांग भी की है। प्रदर्शन में विजेन्द्र त्यागी, प्रेम त्यागी, पवन त्यागी, अरूण त्यागी, नीरज त्यागी, मुकेश त्यागी, राजीव त्यागी, हरीओम त्यागी, अनिल त्यागी, मनोज त्यागी, सुरेश त्यागी, रामकिशन आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# मणिपुर हिंसा की जांच कर रहे तीन सदस्यीय आयोग की समय सीमा बढ़ी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने मणिपुर हिंसा की जांच कर रहे तीन सदस्यीय आयोग का समय एक बार फिर बढ़ा दिया है। अब आयोग को अपनी रिपोर्ट 20 नवंबर 2025 तक केंद्र को सौंपनी होगी। यह आयोग गुवाहाटी हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश अजय लांबा की अध्यक्षता में 4 जून 2023 को गठित हुआ था। आयोग में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी हिमांशु शेखर दास और सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी अलोका प्रभाकर भी शामिल हैं। आयोग को मणिपुर में 3 मई 2023 को शुरू हुई हिंसा की जड़, फैलाव और जिम्मेदार पक्षों की जांच करनी है।

### मणिपुर हिंसा कहां से शुरू हुई

3 मई 2023 को मणिपुर में उस वक्त हिंसा भड़की, जब कुकी-जो आदिवासी समुदाय ने मेतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की सिफारिश के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस हिंसा में अब तक 260 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग बेघर हो चुके हैं। कई घरों में आग लगने की घटनाएं भी सामने आईं। एन.बीरेन सिंह के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे के बाद से राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू है। मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला जनता से सीधे संवाद कर रहे हैं और शांति बहाली की कोशिशों में जुटे हैं।

### कितनी बार बढ़ाया गया आयोग का समय

केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) की अधिसूचना के मुताबिक, आयोग को पहली बार 6 महीने में रिपोर्ट देनी थी, लेकिन अब तक दो बार समय बढ़ाया जा चुका है। पिछली बार आयोग को 20 मई 2025 तक का समय मिला था, जो अब बढ़ाकर 20 नवंबर 2025 कर दिया गया है।

### आयोग क्या जांच करेगा

यह तीन सदस्यीय आयोग हिंसा से जुड़े घटनाक्रमों की कड़ी, प्रशासन की लापरवाही और उठाए गए कदमों की पर्याप्तता की जांच करेगा। व्यक्तियों या संगठनों की शिकायतों पर भी आयोग सुनवाई कर सकेगा।

# 'हिंसा का फायदा उठाते हैं राजनेता, लोग पीड़ित होते हैं', मुर्शिदाबाद मामले पर बोलीं ममता बनर्जी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता



पश्चिम बंगाल के उत्तरी भाग में जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार जिलों तथा सिलीगुड़ी उपमंडल में कार्यक्रम में ममता बनर्जी ने कहा कि जो लोग हिंसा में भाग लेते हैं, वे नहीं चाहते कि आम लोगों के लिए कुछ अच्छा हो। अगर दंगा होगा, तो तोड़फोड़ होगी, घर नष्ट हो जाएंगे और लोग मारे जाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि कोई दंगा होता है, तो राजनेताओं को स्थिति का फायदा उठाने का मौका मिल जाता है। मैं कोई दंगा नहीं चाहती, मैं शांति और राहत चाहती हूं। मैं ताकत चाहती हूं। मैं चाहती हूं कि लोग किसी भी तरह के डर से मुक्त हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोशल मीडिया पर अधिकतर पोस्ट फर्जी होती हैं। जो लोग इन्हें पोस्ट करते हैं, वे केवल पैसा कमाने के लिए जहरीली मानसिकता के साथ ऐसा करते हैं। मैं उन लोगों का समर्थन करती हूं जो लोगों के लिए अच्छा करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उन लोगों का नहीं जो झूठ बोलकर और अफवाह फैलाकर मतभेद पैदा करने की दुर्भावनापूर्ण मंशा रखते हैं। उन्होंने कहा कि मैं मतभेदों की नहीं बल्कि एकता की पक्षधर हूं। उन्होंने लोगों से देश, समाज और शांति के लिए काम करने का आग्रह किया। पिछले महीने मुर्शिदाबाद जिले के कुछ हिस्सों में वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा हुई थी। इसमें तीन लोग मारे गए थे। मुर्शिदाबाद जिले के शमशेरगंज, सुती, धुलियान और जंगीपुर जैसे इलाकों में दंगे हुए। कई लोग अपने घर छोड़कर पड़ोसी मालदा जिले के शिविरों में शरण ले चुके हैं।

# उत्तराखंड के मदरसों में 'ऑपरेशन सिंदूर' को पाठ्यक्रम में शामिल करने का निर्णय



जन एक्सप्रेस । देहरादून

उत्तराखंड सरकार ने राज्य के सभी मान्यता प्राप्त मदरसों के पाठ्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर को शामिल करने का निर्णय लिया है। इस पहल का उद्देश्य छात्रों में देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना और उन्हें भारतीय सेना के शौर्य से अवगत कराना है। ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी ठिकानों पर की गई सैन्य कार्रवाई है, जिसमें 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर दी गई थी। इस ऑपरेशन के तहत भारतीय सेना ने आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट कर आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश दिया। उत्तराखंड मदरसा शिक्षा परिषद और राज्य वक्फ बोर्ड ने इस विषय को मदरसा पाठ्यक्रम में शामिल करने का प्रस्ताव रखा है। परिषद के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य छात्रों को आतंकवाद के खिलाफ देश की दृढ़ नीति और सेना के साहसिक प्रयासों से अवगत कराना है। शुरुआत में एक मॉडल मदरसे में यह पाठ्यक्रम लागू किया जाएगा, जिसके बाद इसे राज्य के सभी 117 पंजीकृत मदरसों में विस्तारित किया जाएगा। वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स ने कहा कि उत्तराखंड में कई परिवार सैन्य पृष्ठभूमि से हैं, इसलिए छात्रों को राष्ट्रीय सुरक्षा प्रयासों के बारे में जानकारी देना महत्वपूर्ण है। इस निर्णय के पीछे सरकार का उद्देश्य मदरसा शिक्षा को मुख्यधारा की शिक्षा प्रणाली से जोड़ना और छात्रों को समग्र शिक्षा प्रदान करना है, जिसमें धार्मिक अध्ययन के साथ-साथ आधुनिक विषयों की भी जानकारी हो। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा के दौरान ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारतीय सेना के वीर जवानों को बधाई दी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व की सराहना की, जिसके कारण यह निर्णायक कार्रवाई संभव हो पाई। इस निर्णय के तहत, मदरसों में ऑपरेशन सिंदूर के बारे में एक नया अध्याय जोड़ा जाएगा, जिसमें छात्रों को इस सैन्य अभियान की पृष्ठभूमि, उद्देश्य और परिणामों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इससे छात्रों में राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और उन्हें भारतीय सेना के बलिदानों की सराहना करने का अवसर मिलेगा। यह कदम उत्तराखंड सरकार की शिक्षा नीति में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन को दर्शाता है, जो सामाजिक समावेशन और राष्ट्रधर्म की भावना को बढ़ावा देगा।

# अनेक पत्रकारों को एक साथ मान्यता में सहयोग ही जिला सूचना अधिकारी बद्री चंद नेगी की पहल

जन एक्सप्रेस । देहरादून



जिला सूचना कार्यलय, देहरादून में सहायक निदेशक/जिला सूचना अधिकारी बद्री चंद नेगी के कार्यभार संभालने के बाद से ही पत्रकारों, संपादकों और प्रकाशकों के हित में उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। स्वयं पत्रकारिता से जुड़े रहे श्री नेगी पत्रकारों की समस्याओं और ज़रूरतों को नज़दीक से समझते हैं, और यही कारण है कि उनके कार्यकाल में सूचना विभाग की भूमिका पत्रकार हितों की रक्षा में और अधिक सक्रिय हो गई है। श्री नेगी ने जिला स्तर पर मान्यता प्राप्त पत्रकारों की संख्या में ऐतिहासिक वृद्धि करते हुए एक साथ अनेक पत्रकारों को मान्यता पत्र प्रदान किया है। यह प्रक्रिया केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि उन सैकड़ों पत्रकारों के लिए सम्मान की बात है, जो वर्षों से पत्रकारिता में सक्रिय योगदान दे रहे थे, परंतु मान्यता से वंचित थे। सूत्रों के अनुसार, मान्यता दिलाने की यह प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष और त्वरित रही। इस पहल से न केवल पत्रकारों को विभागीय सुविधाओं और सरकारी आयोजनों में अधिकारिक रूप से भागीदारी मिली, बल्कि उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा में भी वृद्धि हुई। स्थानीय पत्रकार संगठनों ने श्री नेगी के इस प्रयास की सराहना की है और आशा व्यक्त की है कि भविष्य में भी इसी प्रकार पत्रकारों की समस्याओं का समाधान होता रहेगा। श्री नेगी ने बताया कि पत्रकारिता एक जिम्मेदार पेशा है, और जो लोग इसकी निष्ठा से सेवा कर रहे हैं, उन्हें सरकारी मान्यता मिलनी ही चाहिए। उनकी यह पहल पत्रकार-जगत के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बन गई है।

# अंतराज्यीय तस्कर गिरफ्तार, लाखों की अफ़ीम बरामद

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद



गाजियाबाद पुलिस द्वारा झारखण्ड राज्य से तस्करी कर लाई जा रही 2 किलोग्राम अफीम सहित 1 अन्तर्राज्यीय तस्कर को मेन श्याम पार्क रोड साहिबाबाद रेलवे स्टेशन के पास थाना साहिबाबाद क्षेत्र से गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल किया है। अफीम तस्कर से बरामद 2 किलोग्राम अफीम की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में लगभग 50 लाख रूपये है। पुलिस पूछताछ में आरोपी अभियुक्त शम्भू कुमार ने बताया कि वह झारखण्ड के हजारीबाग जनपद का रहने वाला हैं और 12वीं पास है। अभियुक्त ने बताया कि पढाई छोडने के बाद उसने मैकेनिक का काम सीखा और एक दुकान पर काम करने लगा तथा ड्राईवरी भी सीख ली। पहले वह दूसरे लोगो की गाडियों पर ड्राईविंग का काम करता था फिर उसने अपनी एक पुरानी स्कार्पियो गाडी खरीदकर उसे बुकिंग पर चलाने लगा लेकिन उसमे ज्यादा फायदा नही हो रहा था। इसी बीच शम्भू कुमार की मुलाकात उसके बडे भाई के जानने वाले हजारीबाग झारखण्ड निवासी उपेन्द्र कुमार नाम के व्यक्ति से हुई। उपेन्द्र ने उसको अवैध अफीम की तस्करी के काम तथा उससे होने वाले मुनाफे के बारे मे बताया। तो ज्यादा आमदनी के लालच में अभियुक्त शम्भू ने उपेन्द्र के साथ अवैध अफीम को झारखण्ड राज्य से दिल्ली एन0सी0आर0, पंजाब, उत्तराखण्ड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में तस्करी करना शुरू कर दिया जिसके अभियुक्त शम्भू को प्रत्येक चक्कर के15 से 20 हजार रुपए मिलने लगे। अफीम की तस्करी करने से इकट्ठा हुए पैसो से अभियुक्त शम्भू उपरोक्त स्वयं अवैध अफीम की तस्करी झारखण्ड से पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, दिल्ली एनसीआर मे जाकर करने लगा इस काम में उसको काफी फायदा होने लगा। अभियुक्त शम्भू ने बताया कि उसे अफीम की जितनी डिमाण्ड मिलती है उतना ही माल लेकर वह बस व ट्रेन बदल-बदल कर अलग-अलग रूट से आता हैं ।





**संचालित एक्सप्रेसवे**

**पूर्वांचल एक्सप्रेसवे : लखनऊ से गाजीपुर** (341 किमी.), **आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे : आगरा से लखनऊ** (302 किमी.) **बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे : चित्रकूट से इटावा** (296 किमी.), **यमुना एक्सप्रेसवे : ग्रेटर नोएडा से आगरा** (165 किमी.), **दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे : मेरठ से दिल्ली** (96 किमी.), **नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे** (25 किमी.)

**निर्माणाधीन एक्सप्रेसवे**

गंगा एक्सप्रेसवे, बलिया लिंक एक्सप्रेसवे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे, चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाला लिंक एक्सप्रेसवे, बुंदेलखण्ड एक्सप्रेसवे एवं आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे को वाया फर्रुखाबाद, गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाला लिंक एक्सप्रेसवे, जेवर एयरपोर्ट लिंक एक्सप्रेसवे, विंध्य एक्सप्रेसवे, चंदौली से गाजीपुर में पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे को जोड़ने के लिए स्पर का निर्माण, बुंदेलखण्ड एक्सप्रेसवे को चित्रकूट से प्रयागराज होते हुए रीवा मार्ग से जोड़ने हेतु एक्सप्रसेवे, गंगा एक्सप्रेसवे को मेरठ से हरिद्वार को जोड़ने हेतु एक्सप्रेसवे

**6 एक्सप्रेसवे संचालित 11 निर्माणाधीन देश के कुल एक्सप्रेसवे नेटवर्क में उत्तर प्रदेश की सर्वाधिक हिस्सेदारी**

- साइबर सुरक्षा में टेक्नोलॉजी ट्रान्सलेशन रिसर्च पार्क की स्थापना का कार्य प्रगति पर
- भारत का सबसे बड़ा विद्युतीकृत, 16,000 किमी. से अधिक का रेलवे नेटवर्क यूपी में
- दादरी (ग्रेटर नोएडा) में वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर एवं ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का जंक्शन
- उत्तर प्रदेश 05 अंतर्राष्ट्रीय और 16 घरेलू हवाई अड्डों के साथ 21 एयरपोर्ट वाला राज्य बनने की ओर अग्रसर
- पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टरप्लान को लागू करने वाला अग्रणी राज्य
- अटल इण्डस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन का शुभारम्भ
- लखनऊ, अलीगढ़, कानपुर, झांसी, आगरा और चित्रकूट में 06 नोड पर डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का विकास
- देश का पहला अंतर्देशीय जलमार्ग विकसित। उत्तर प्रदेश अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण का गठन
- वाराणसी में 100 एकड़ में भारत का पहला फ्रेट विलेज विकसित
- ग्रेटर नोएडा में आईआईटी जीएनएल, बरेली में मेगा फूड पार्क, उन्नाव में ट्रांसगंगा सिटी, गोरखपुर में प्लास्टिक पार्क, गोरखपुर में गारमेंट पार्क का विकास
- लखनऊ का आर्टिफिशियल इन्टेलिजेन्स सिटी के रूप में विकास

**काम दमदार-डबल इंजन सरकार**

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश | UPGovtOfficial | CMOUttarpradesh | CMOfficeUP


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)